आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 36°C | 29°C |

इनसाइड न्यूज

लखनऊ में हनुमान भक्ति की गूंज, बड़े मंगल पर विशाल भण्डारा...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 28 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 223 | www.janexpresslive.com/epaper



उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया राष्ट्रीय सुरक्षा... 12

# ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया ताकि कोई सबूत न मांगेः पीएम मोदी

## पाकिस्तान ने आतंकियों के जनाजे में अपने झंडे लहराए : प्रधानमंत्री



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है इसीलिए वो आतंकवादी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है। पीएम मोदी 2 दिन के गुजरात दौरे पर थे। उन्होंने गांधीनगर में 2 किमी लंबा रोड शो किया। इसके बाद गांधीनगर में गुजरात की शहरी विकास यात्रा के 20 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने सोमवार को भुज में भी एक सभा की थी। यहां उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

### 'गुजरात ने नमक से लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी की'



गुजरात ने नमक लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी कर ली है। हमने योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए। हमारे सरकार मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है। पहले गुजरात में पर्यटन के बारे में कोई बात नहीं करता था, लेकिन अब विदेशी लोग घूमने के लिए गुजरात आते हैं। हमने जंगल से लेकर साहसिक खेलों तक का सफर तय किया है। कुछ दिन तो गुजारो गुजरात में- यह हमारा एड कैंपेन था। इसी कैंपेन से यूनिटी ऑफ स्टेच्यू बना। गिर फॉरेस्ट का विकास हुआ। सोमनाथ-द्वारका-अंबाजी का विकास हुआ। और हम विकास के रास्ते पर उसी रफ्तार से आगे भी बढ़ रहे हैं।

### पटेल की बात मानी होती तो देश में आतंकी हमले न होते

आतंकवादियों ने जब पीओके पर कब्जा किया, अगर उसी दिन उन मुजाहिद्दीनों को मौत के घाट उतार दिया होता। लेकिन सरदार पटेल की बात नहीं मानी गई। लेकिन ये मुजाहिदीन लहू चख गए थे। सिलसिला 75 सालों से चल रहा है। पहलगाम भी उसी का हिस्सा था।

### मेरे पहले कार्यकाल से अब तक हम कोरोना से लड़े

कल 26 मई थी। 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला था। तब भारत की इकोनॉमी दुनिया में 11 नंबर पर थी। हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी। पड़ोसियों से लड़ाई लड़ी। प्राकृतिक आपदा भी झेली। इन सबके बावजूद हम 11 नंबर से 4 नंबर की इकोनॉमी पर पहुंच गए।

### तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा

जब हम इकोनॉमी में छठे से पांचवे नंबर पर आए, तो पूरे देश में अलग ही जोश था। क्योंकि, हमने अपने ऊपर 250 सालों से राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। तीसरे नंबर पर आने में भी देश ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। अगर कोई इंतजार करने को कहेगा तो पीछे से आवाज आएगी मोदी है तो मुमकिन है।

### आज गुजरात की तरक्की पूरी दुनिया देखती है

पीएम ने कहा कि 2035 में जब गुजरात 75 साल का होगा, तो बहुत आगे बढ़ चुका होगा। जब गुजरात महाराष्ट्र से अलग हुआ तो चर्चा होती थी कि अलग होकर गुजरात क्या करेगा। तीनों तरफ समुद्र है। दूसरी तरफ पाकिस्तान है। गुजरात के पास कोई मिनरल्स नहीं, गुजरात तरक्की कैसे करेगा। लेकिन, आज गुजरात पूरी दुनिया में जाना जाता है।

### गुजरात ने नमक से लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी की

मोदी ने कहा कि गुजरात ने नमक लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी कर ली है। हमने योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए। हमारे सरकारी मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है। पहले गुजरात में पर्यटन के बारे में कोई बात नहीं करता था, लेकिन अब विदेशी लोग घूमने के लिए गुजरात आते हैं।

### हम जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे : मोदी

इकोनॉमी में जापान को भी छोड़कर हम आगे निकल गए। जब हम छठे से पांचवे नंबर पर आए, तो पूरे देश में अलग ही जोश था। क्योंकि, हमने अपने ऊपर 250 सालों से राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। अब तीन नंबर पर आने का दबाव है। इकोनॉमी में तीसरे नंबर पर आने में भी देश ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। अगर कोई इंतजार करने को कहेगा तो पीछे से आवाज आएगी मोदी है तो मुमकिन है। इसलिए हमारा लक्ष्य एक ही है कि देश का विकास हो। इसमें कोई समझौता नहीं होगा, हमें भारत का झंडा पूरी दुनिया में लहराना है।

### गुजरात की तरक्की आज पूरी दुनिया देखती है : मोदी

पीएम ने कहा कि अगर महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने संकल्प न लिया होता तो हमें 1947 में भी आजादी नहीं मिलती। अब हमें विकसित भारत के लिए संकल्प लेना होगा। देखिए, 2035 में जब गुजरात 75 साल का होगा, तब कहां से कहां पहुंच जाएगा। गुजरात के 75 साल पूरे होने के ठीक एक साल बाद ओलिंपिक का आयोजन होगा। देश चाहता है कि ये ओलिंपिक गुजरात में आयोजित हों। जब गुजरात के 75 साल होने जा रहे हैं। जब गुजरात महाराष्ट्र से अलग हुआ तो उस समय के अखबार देखिए।

### भारत की इकोनॉमी दुनिया में 11 नंबर पर थी : मोदी

हम सुख-चैन की जिंदगी जीना चाहते हैं। हम एक निष्ठ भाव से कोटि-कोटि भारतीयों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। कल 26 मई था। 2014 में 26 मई मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला था। तब भारत की इकोनॉमी दुनिया में 11 नंबर पर थी। हमने कोरोना से लड़ाई ली। पड़ोसियों से लड़ाई लड़ी। प्राकृतिक आपदा भी झेली। इन सबके बावजूद हम 11 नंबर से 4 नं. की इकोनॉमी पर पहुंच गए।

### पाक में आतंकवादियों के जनाजे पर पाकिस्तानी झंडे लगे

उन्होंने कहा, जब आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। इस बार तो सबकुछ कैमरे के सामने किया। ताकि, कोई सबूत न मांगे। अब हमें सबूत नहीं देना पड़ा रहा है। सामने वाला ही दे रहा है। इसलिए इसको प्रॉक्सी वॉर नहीं कह सकते। क्योंकि जिन आतंकियों के जनाजे निकले। उनको स्टेट ऑनर दिया गया। उनके ताबूत पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए। यह सिद्ध करता है कि आंतकवादी कृत्य प्रॉक्सी वॉर नहीं है।

### पाकिस्तान जानता है भारत से जीत नहीं सकता, इसलिए उसने प्रॉक्सी वॉर चालू कर दी : पीएम

आतंकवादियों ने जब पीओके पर कब्जा किया, अगर उसी दिन उन मुजाहिद्दीनों को मौत के घाट उतार दिया होता। लेकिन सरदार पटेल की बात नहीं मानी गई। लेकिन ये मुजाहिदीन लहू चख गए थे। सिलसिला 75 सालों से चल रहा है। पहलगाम भी उसी का हिस्सा था। पाकिस्तान के साथ जब युद्ध की नौबत आई, तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान के धूल चटा दी। पाकिस्तान समझ गया कि लड़ाई में वह भारत से जीत नहीं सकता और इसीलिए उसने प्रॉक्सी वॉर चालू किया। सैन्य प्रशिक्षण होता। आतंकवादी भारत भेजे जाते हैं।

एसटीएफ आगरा का बड़ा खुलासा

# अवैध असलहा गैंग का भंडाफोड़

## सफेदपोशों तक पहुंची जांच की आंच

- मुख्तार अंसारी से जुड़े असलहा नेटवर्क पर शिकंजा, छह महीने की जांच के बाद बड़ा एक्शन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने एक बड़े अवैध असलहा गिरोह का पर्दाफाश कर प्रदेशभर में सनसनी फैला दी है। मुख्तार अंसारी से जुड़े असलहा गैंग पर शिकंजा कसते हुए एसटीएफ ने आगरा में संचालित एक संगठित गिरोह को बेनकाब किया है, जिसमें सफेदपोशों से लेकर सरकारी अफसर और राष्ट्रीय स्तर के शूटर तक शामिल पाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस अवैध असलहा गिरोह में कुछ पत्रकार, स्थानीय राजनेता और सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं। एसटीएफ की रडार पर इस समय 30 से अधिक संदिग्ध हैं, जिनकी भूमिका की गहन जांच की जा रही है।



### फर्जी दस्तावेजों पर बने असलहा लाइसेंस

एसटीएफ की जांच में सामने आया है कि यह गैंग सरकारी सिस्टम की कमजोरियों का फायदा उठाकर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से असलहा लाइसेंस प्राप्त करता रहा। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा नेटवर्क एक सरकारी कर्मचारी की निगरानी में लंबे समय तक संचालित होता रहा।

### नाई की मंडी थाने में दर्ज हुई एफआईआर, सात नामजद

एसटीएफ ने इस मामले में आगरा के नाई की मंडी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें सात लोगों को नामजद किया गया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही कई बड़े चेहरों का भंडाफोड़ होने की संभावना जताई जा रही है।

### नेशनल शूटरों के नाम पर बनाए गए लाइसेंस, सच्चाई निकली कुछ और

सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह है कि कुछ लाइसेंस राष्ट्रीय शूटरों के नाम पर जारी किए गए थे, लेकिन जांच में पता चला कि जिनके नाम पर लाइसेंस बने थे, वे या तो शूटर थे ही नहीं या उन्होंने ऐसे किसी आवेदन की जानकारी से इनकार किया।

### शासन को गुमराह कर हथियाए गए लाइसेंस, मचा प्रशासनिक हड़कंप

इस नेटवर्क ने शासन-प्रशासन को गुमराह कर कई हथियारों के लाइसेंस हासिल कर लिए, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया है। पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए एसटीएफ अब राज्यभर में ऐसे सभी संदिग्ध मामलों की पुनः जांच करने की तैयारी में है।

### एसटीएफ का शिकंजा कसता जा रहा है, आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों की संभावना

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है, और एसटीएफ सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में कई और प्रभावशाली नाम उजागर हो सकते हैं। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश में अवैध हथियारों के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

# चित्रकूट एआरटीओ कार्यालय में लाइसेंस के नाम पर लूट

### चार हजार हज़म, लाइसेंस गायब! दलाल-बाबुओं का खेल उजागर




जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद के सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय से जुड़ा एक बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है। यहां बनकट गांव के अशोक नामक युवक से परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर चार हजार रुपए वसूल लिए गए, लेकिन न तो लाइसेंस मिला और न ही कोई जवाबदारी तय हुई। पीड़ित युवक अशोक ने जिले के आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और सीधे जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। मामला गंभीर तब हो गया जब युवक ने लाइसेंस प्रक्रिया की पूरी हकीकत बताने वाली रिकॉर्डिंग भी सार्वजनिक कर दी।

### क्या है पूरा मामला?

अशोक ने बताया कि उसने एआरटीओ कार्यालय में तैनात दीक्षित नामक प्राइवेट बाबू और दलाल अरविंद से संपर्क कर लाइसेंस के लिए चार हजार रुपए दिए थे। पहले लर्निंग लाइसेंस बना, फिर वादे के मुताबिक परमानेंट लाइसेंस बनना था। लेकिन जैसे ही लर्निंग की वैधता खत्म हुई, बाबू चक्कर कटवाने लगा और फिर से वहीं से खेल शुरू हो गया। नया लर्निंग लाइसेंस बनवा दिया गया! इस दौरान पीड़ित को न कोई ड्राइविंग टेस्ट दिलवाया गया और न ही किसी वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया गया। उल्टा अब दोबारा 3,000 रुपए की डिमांड की जा रही है।

### दलाली का काला खेल और प्रशासन की चुप्पी!

पीड़ित युवक का आरोप है कि कार्यालय में बैठा बाबू और दलाल मिलकर पूरे सिस्टम को ठेंगा दिखा रहे हैं। धंधा ऐसा कि परीक्षा के बगैर ही पैसे लेकर लाइसेंस जारी करने की तैयारी होती है। सवाल ये है कि आखिर किसके संरक्षण में यह काला कारोबार चल रहा है? एआरटीओ विवेक शुक्ला की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। सदर विधायक तक इस भ्रष्टाचार से आहत हैं और उन्होंने परिवहन मंत्री को पत्र भेजकर तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

### जनता के सवाल

- बिना परीक्षा के कैसे जारी होते हैं ड्राइविंग लाइसेंस?
- कार्यालय में प्राइवेट बाबू और दलालों की इतनी हनक किसकी शह पर है?
- आखिर एआरटीओ साहब खामोश क्यों हैं?
- चित्रकूट एआरटीओ कार्यालय में गहराता भ्रष्टाचार अब किसी से छिपा नहीं। रिकॉर्डिंग, शिकायतें और राजनीतिक हस्तक्षेप के बावजूद अगर कार्यवाही नहीं होती, तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि पूरे सिस्टम में कहीं न कहीं सड़न है।

# 15 सितंबर तक दाखिल किया जा सकेगा आयकर रिटर्न

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि जो 31 जुलाई 2025 थी, को अब बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 करने का निर्णय लिया गया है। सीबीडीटी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीडीटी के अनुसार यह विस्तार आईटीआर फॉर्म, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और टीडीएस क्रेडिट रिफ्लेक्शन में महत्वपूर्ण संशोधनों के कारण अधिक समय प्रदान करेगा। यह कदम सभी के लिए एक सहज और अधिक सटीक फाइलिंग अनुभव सुनिश्चित करता है। औपचारिक अधिसूचना बाद में दी जाएगी।

### आयकर विभाग ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

आयकर विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में इसकी घोषणा की। पोस्ट के अनुसार, कृपया करदाता ध्यान दें! सीबीडीटी ने आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि को बढ़ाने का फैसला किया है। इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है, जिसे बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दिया गया है। यह




विस्तार आईटीआर फॉर्म, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और टीडीएस क्रेडिट रिफ्लेक्शन में महत्वपूर्ण संशोधनों को देखते हुए किया गया है। इन संशोधनों के बाद आईटीआर दाखिल करने के दौरान एक सहज और अधिक सटीक फाइलिंग अनुभव सुनिश्चित हो सकेगा। औपचारिक अधिसूचना बाद में दी जाएगी। सीबीडीटी ने कहा, करदाताओं के लिए एक सुचारू और सुविधाजनक फाइलिंग अनुभव की सुविधा के लिए, यह निर्णय लिया गया है।

### किन आयकरदाताओं को मिलेगा फायदा ?

यह समय विस्तार उन व्यक्तियों, एचयूएफ और संस्थाओं पर लागू होता है जिन्हें अपने खातों का ऑडिट करवाने की आवश्यकता नहीं है। वे अब 2024-25 अप्रैल-मार्च वित्त वर्ष में अर्जित आय के लिए अपना कर रिटर्न 15 सितंबर तक दाखिल कर सकते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि आईटीआर फॉर्म में बदलावों को शामिल करने और उपयोगिताओं को लागू करने के लिए आयकर प्रणाली तैयार करने के लिए समय सीमा में विस्तार आवश्यक था। इस वर्ष, निर्धारण वर्ष 26 के लिए आईटीआर फॉर्म अप्रैल के अंत और मई के प्रारम्भ में अधिसूचित किए गए, जबकि पिछले वर्ष तक इन्हें जनवरी/फरवरी में अधिसूचित करने की प्रथा थी।

# सशक्त गांव से समृद्ध भारत की निकलेगी राह : सीएम धामी

- धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक विकास को मिलेगा प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री धामी
- टिहरी के गजा में प्रथम घण्टाकर्ण महोत्सव का भव्य आगाज

जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड

**टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समृद्ध भारत का सपना तब साकार होगा जब गांव, पंचायतें और जनपद हर स्तर पर सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार 'विकल्पहीन संकल्प' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री गजा (टिहरी) स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित प्रथम घण्टाकर्ण महोत्सव-2025 के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।

### धरोहरों का संरक्षण, विकास की नई राह

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। घण्टाकर्ण मंदिर न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। यहां से हरिद्वार और हिमालय के दर्शन होना इसे विशेष बनाता है। मुख्यमंत्री ने इसे क्षेत्रीय प्रगति का एक सकारात्मक कदम बताया।

### प्रमुख योजनाएं और विकास कार्य

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में क्रियान्वित प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि गजा में 30 करोड़ की लागत से पॉलीटेक्निक और 24 करोड़ की लागत से हेंवलघाटी पम्पिंग पेयजल योजना की शुरुआत की गई है। इसके अतिरिक्त वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट,



हाउस ऑफ हिमालय, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति और फिल्म नीति जैसी योजनाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिला है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा शमां

महोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, लोकनृत्य, नाट्य प्रस्तुति और पारंपरिक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित और समृद्ध करना हम सभी का उत्तरदायित्व है।

### प्रतिभाओं को मिला सम्मान

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों जैसे एमबीबीएस, आईआईटी, एनआईटी और भारतीय नौसेना में चयनित छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही शहीद विक्रम सिंह नेगी की स्मृति में उनके गांव की सड़क का नामकरण उनके नाम पर किए जाने की घोषणा भी की गई।



### व्यापक सहभागिता, जनकल्याण को बढ़ावा

महोत्सव में वन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, प्रसिद्ध लोकगायक प्रीतम भरतवाण और भारी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स ने सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## यूपी : प्रदेश में लागू हुई केंद्र की राहवीर योजना, घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने पर मिलेगा 25 हजार का ईनाम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई राहवीर योजना को उत्तर प्रदेश में लागू कर दिया गया है, जिसके तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन-ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को 25,000 रुपए का इनाम मिलेगा। इस योजना के तहत सरकार सड़क हादसों में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को इनाम देगी। यह योजना लखनऊ सहित पूरे उत्तर प्रदेश में लागू की गई है। योजना के तहत, अगर कोई नागरिक घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर या दुर्घटना के तुरंत बाद अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाता है तो उसे 25 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### क्या है राहवीर योजना?

यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन-ऑवर (पहले 1 घंटे) के भीतर अस्पताल



पहुंचाता है और घायल की जान बच जाती है, तो उस मददगार को 25,000 रुपए का इनाम दिया जाएगा। यह पुरस्कार राशि पहले 5,000 थी, जिसे अब बढ़ाकर 25,000 कर दिया गया है। घायल को सीधे अस्पताल पहुंचाने पर अस्पताल द्वारा पुलिस को सूचना दी जाएगी और इसकी एक प्रति उस नागरिक को भी सौंपी जाएगी। पुलिस कलेक्टर को भी इस संबंध में पत्र लिखेगी और इसके बाद परिवहन विभाग द्वारा मददगार के बैंक खाते में सीधे राशि ट्रांसफर की जाएगी।

## नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कर्वी कोतवाली पुलिस ने नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 21 मई को एक महिला ने कोतवाली में सूचना दी कि उसकी बेटी को शुभम सिंह नाम का आरोपी बहला फुसलाकर जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गया और नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही फोन में इसका वीडियो भी बना लिया है। इस पर आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। मामले की विवेचना के क्रम में मंगलवार को कोवाली कर्वी के अपराध निरीक्षक लाखन सिंह व उनकी टीम उपनिरीक्षक गजबये आलम व आरक्षी कुलदीप द्विवेदी द्वारा आरोपी शुभम सिंह को एसडीएम कालोनी के पासे से एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

-: मनरेगा में भ्रष्टाचार :-

# शिकायतों के बाद भी इमिलिया बुजुर्ग में हो रहा एनएम एमएस

- तकनीकी सहायक सुविधा शुल्क की लालच में मेड़बंधी समतलीकरण की बना रहे एमबी,
- शिकायतकर्ता बोले बीडीओ का है संरक्षण, जिले के अधिकारियों का मौन दे रहा भ्रष्टाचार को बढ़ावा

**जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह 'बादशाह'**

### डीसी और बीडीओ की जुगलबंदी

उरई। जनपद में तैनात डीसी और बीडीओ कदौरा इससे पहले एक जिले में तैनात थे,बीडीओ ने सरकारी योजनाओं में जमकर बंदरबाट किया था। विगत दिनों बीडीओ को पीलीभीती के पूरनपुर ब्लॉक में अनियमितता करने पर लोकपाल ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ भी हो डीसी और बीडीओ के जुगलबंदी के चर्चे जिले में तैनात अधिकारियों के जुबान पर हैं।

### 11 हजार से घटकर, 3163 हुई श्रमिकों की संख्या,

उरई। मनरेगा में किस तरह से भ्रष्टाचार है इसकी बानगी कदौरा ब्लॉक में देखने को मिल रही है,दस दिन पूर्व कदौरा ब्लॉक के गांवों में 11 से अधिक श्रमिकों को मेड़बन्दी समतलीकरण,जलरोक बांध, नाला खुदाई सफाई में कार्य करते दिखाया गया था। इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो ऑनलाइन दर्ज स्थानों पर जाकर देखा,लेकिन वहां कार्य और श्रमिक नहीं मिले। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर करना शुरू कर अधिकारियों को अवगत कराया। जिससे हड़कंप मच गया। बीडीओ ने शिकायतों को रोकने के लिए सिंडीगेट मेंबरों को लगाया। लेकिन मामला दबा नहीं। जिस कारण पहले नंबर पर रहने वाला कदौरा ब्लॉक 27 मई हो 9वें नंबर पर आ गया। ग्रामीणों ने कहा कि फर्जीवाड़ा नहीं चलने देगे।

उरई। मनरेगा योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद फर्जीवाड़े में बड़े स्तर पर मजदूरों की संख्या कम हुई है। जिससे बीडीओ सहित अन्य ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। लेकिन नोडल अधिकारी और डीसी मनरेगा द्वारा जांच के बाद कार्यवाही न करने पर शिकायतकर्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए है। जनपद जालौन के कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में मनरेगा योजना के तहत बन रहे जलरोक बांध, मेडबंधी, अमृत सरोवर निर्माण आदि कार्यों में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। खास बात यह है कि इन कार्यों में सैकड़ों मजदूरों की तैनाती दिखाई जा रही है,भ्रष्टाचार की पोल खुलते ही भ्रष्टाचारियों ने आनन फानन में एनएमएमएस बंद करवा दिया है। लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से क्षेत्र के इमिलिया बुजुर्ग में प्रधान और सचिव एक ही फोटो से फर्जी एनएमएमएस करवा रहे हैं। इमिलिया बुजुर्ग में दो जलरोक बांध में 250 श्रमिकों को ऑनलाइन दिखाया जा रहा है। विगत दिनों शिकायत के बाद एनएमएमएस बंद हुआ था। लेकिन 26 मई को फर्जी फोटो लगाकर एनएमएमएस किया गया। जिस पर शिकायतकर्ता ने डीएम को दूरभाष पर अवगत करा कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कदौरा ब्लॉक में बीडीओ द्वारा सरकारी योजनाओं में लूट मचा रखी है, जिस कारण फर्जी तरह से श्रमिकों की डिमांड लगाकर धन का दुरुप्रयोग किया जा रहा है। जिन गांवों में फर्जी मेड़बंधी समतलीकरण हुए थे,उन ग्राम पंचायतों की शिकायतें ग्रामीणों द्वारा की गई थी,उसके बाद भी तकनीकी सहायकों ने एमबी बना दी है। जिनका भुगतान बीडीओ द्वारा लगाया गया है।

### महिला ने एसपी को दिया शिकायती पत्र, कस्बे के ही युवक पर लगाए गम्भीर आरोप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** पुलिस कार्यालय पहुंची पीड़ित महिला ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। जिसमें कस्बे के ही युवक पर दुष्कर्म करने व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। कदौरा कस्बा निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि कस्बा निवासी एक युवक ने उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और वायरल करने की धमकी देकर कई वर्षो से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। बताया कि कुछ दिन से वह अपनी महिला मित्र के साथ उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने शिकायती पत्र दिया था। इस पर आरोपी ने जबरन उससे समझौता करवा लिया और अब उसे लगातार मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने घटना की जांच पड़ताल करवाकर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

## साइबर अपराधों के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज में मंगलवार को साइबर सेल टीम द्वारा छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। साइबर सेल टीम निरीक्षक निशिकान्त राय व आरक्षी सर्वेश कुमार ने छात्राओं को बताया कि वह किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण, एटीएम कार्ड नम्बर, पिन नम्बर सीवीवी तथा ओटीपी कभी बताए। बताया कि एटीएम कार्ड का प्रयोग अकेले करें, इसमें किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को फोन, ई-मेल, एसएमएस, फेसबुक, व्हाट्सएप्प पर कभी न दें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न कराएं। बोनस प्वाइंट, रिवार्ड प्वाइंट, कैशबैक, केबीसी आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन कॉल पर शेयर न करें। कहा कि किसी भी प्रकार के थर्ड पार्टी एप्प मोबाइल में इनस्टॉल न करें। इसके साथ ही यदि कोई फोन कॉल या वीडियो कॉल पर स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर आपसे पैसों की मांग करता है, तो डरकर पैसे न दें। यह सब साइबर ठगों की चाल होती है। जिनसे बचने के लिए यह सावधानियां बरतनी चाहिए।

बताया कि यदि कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो वह तुरंत टोल फ्री नं 1930 पर कॉल करके सूचना दें। साथ ही अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर भी रिपोर्ट दर्ज कराएं। कहा कि सभी छात्राएं अपने परिजनों व पडोसियों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें।

## पुलिस ने चार घटनाओं का खुलासा करते हुए दो अंतर्राज्यीय टप्पेबाजों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने टप्पेबाजी की चार घटनाओं का खुलासा करते हुए दो अन्तर्राज्यीय टप्पेबाजों को 45,000 रुपये सहित घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, एक मोबाइल फोन व कागजों की गड्डी के साथ गिरफ्तार किया।

मंगलवार को हुई पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती सात मई को हरीप्रसाद यादव ने थाने में सूचना दी कि बीती पांच मई को वह और अपने पुत्र दयाराम यादव व रामआसरे यादव के साथ आर्यावर्त बैंक शाखा सरैंया में पैसे निकालने गया था। बैंक से 8000 रुपये निकालने के बाद बैंक के बाहर खड़े होकर गिन रहे थे। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति आया और रूमाल में बंधी कांगजों की गड्डी को एक लाख रूपये बताकर उनसे आठ हजार रूपए ले लिए और वापस आकर बाकी पैसे लेने की बात कही। अज्ञात व्यक्ति के वापस न आने पर जब रूमाल खोलकर देखा, तो उसमें एक लाख रुपये की जगह कागजों की गड्डी थी। इस सूचना पर थाने में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। मामले की विवेचना के दौरान बीते सोमवार को थाना मानिकपुर व सर्विलांस टीम ने काली घाटी के पास दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अपना नाम राजेश मिश्रा उर्फ पंजाबी व आनन्द यादव निवासी पुरवा तरौहा कोतवाली कर्वी बताया। आरोपियों के कब्जे से लूट के 45,000 रुपये, एक मोबाइल, बाइक व कागजों की गड्डी बरामद की गई। पूंछतांछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह राजापुर, रैपुरा सहित बांदा व अन्य जनपद में टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देते है। इन घटनाओं के सम्बन्ध में थाना राजापुर, रैपुरा, अतर्रा सहित अन्य थानों में मामले पंजीकृत है। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, चैकी प्रभारी सरैंया रामअधार सिंह, उपनिरीक्षक गफूर खाँ, आरक्षी राजीव सिंह, विनोद यादव, मनोज व सर्विलांस टीम के प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा, आरक्षी रोहित सिंह, रोशन सिंह, पवन कुमार, ज्ञानेश मिश्रा व गोलू भार्गव शामिल रहे।

## उद्योग व्यापार मंडल ने समाजसेवियों को किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जनपद इकाई द्वारा चित्रकूट द्वारा व्यापारी शहीद दिवस के उपलक्ष्य पर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी व्यापारियों को उनके आवासों पर जाकर शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया।

उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शहर के ब्रजरानी गेस्ट हाउस में गोष्ठी की। शहीद व्यापारियों को श्रंद्धाजलि देने के बाद जिले के व्यापारियों को सम्मानित करने के लिए उनके आवास पहुंचे। संगठन के पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, वरिष्ठ व्यापारी नेता बाबू मुकुंदलाल गुप्ता मुकुंदी बाबू, व्यापारी समाजसेवी लक्ष्मण दास केशरवानी, गल्ला व्यापारी ओम प्रकाश अग्रवाल लाली बाबू तथा पूर्व नगर अध्यक्ष व्यापारी नेता मूलचंद गुप्ता को उनके आवास जाकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री ओम केशरवानी, मंडल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष एवं जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील द्विवेदी, जिला मंत्री शैलेंद्र केसरी, जिला मंत्री महेश जायसवाल, किराना संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू आदि मौजूद रहे।

## मां की डांट से क्षुब्ध पुत्री ने खाया जहर, उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बागी में मां की डांट से क्षुब्द पुत्री ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

कदौरा के ग्राम बागी निवासी रियासत खान पत्नी शमीदा के अलावा पांच पुत्रियों के साथ रहते हैं। बताया गया कि वह एक गरीब मजदूर हैं और मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता हैं। सोमवार की रात उसकी 17 वर्षीय पुत्री जोया उर्फ शमशीदा का छोटी बहन अलशिफा से किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। इस दौरान वहां मौजूद मां ने जोया को डांट दिया और झगड़ा न करने की बात कही। इसके बाद मां घर के बाहर चली गई।सोमवार की रात उसकी 17 वर्षीय पुत्री जोया उर्फ शमशीदा का छोटी बहन अलशिफा से किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। इस दौरान वहां मौजूद मां ने जोया को डांट दिया और झगड़ा न करने की बात कही। इसके बाद मां घर के बाहर चली गई। तभी डांट से क्षुब्ध जोया ने घर में रखीं गेहूं में डालने वाली जहरीली गोलियां खा लीं। जिसमें कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी। पुत्री की हालत बिगड़ते देख परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया और वह उसे तुरंत इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुत्री की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है।

## लोकमाता का जीवन नारी सशक्तीकरण, सुशासन व सेवा के पथ की दिशा दिखाता रहेगा: अनिल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

भारतीय जनता पार्टी ने विधान सभा उरई में प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सम्मेलन कुइया रोड स्थित प्रभु पैलेस में किया गया जिसके मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि महारानी अहिल्याबाई ने केदारनाथ से रामेश्वरम और द्वारका से गया तक सांस्कृतिक विरासतों का पुनरोद्धार व लोकसेवा के समानांतर कार्य किये। अनेक तीर्थों, घाटों व सड़कों का निर्माण व जीर्णोद्धार करने वाली महारानी ने युद्ध के मैदान में मुगल आक्रांताओं के दाँत भी खट्टे किये। लोकमाता का जीवन नारी सशक्तीकरण, सुशासन व सेवा के पथ पर दिशा दिखाता रहेगा उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा श्रोत बना रहेगा। महारानी अहिल्याबाई होल्कर के प्रशासनिक कौशल और सामाजिक दायित्व की सराहना की उन्होंने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और और उनके प्रेरणादाई जीवन से सीख लेने का आवाहन किया। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा रहे। मुख्य रूप से उपस्थित मनोज राजपूत, नागेंद्र गुप्ता, जगदीश तिवारी, विवेक कुशवाहा, रविंद्र प्रताप, अग्निवेश चतुर्वेदी, मनोज यादव, देवेंद्र यादव, सूर्य नायक एवं प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से बस क्लीनर की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में ग्राम रनिया के पास संदिग्ध परिस्थितियों के चलते ट्रेन की चपेट में आने से बस क्लीनर की मौत हो गई। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम रूरा गांव निवासी मिथुन 35 वर्ष शहर के मुहल्ला मैकेनिक नगर में किराए पर पत्नी पूनम व तीन बच्चों को साथ रहता था। बताया गया कि वह बस में क्लीनर का काम करके परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार की शाम को वह घर से बस पर जाने के बात कहकर निकला था, इसके बाद वह न तो बस पर पहुंचा और न ही घर लौटा। बताया गया देर रात में वह रिनिया गांव के पास ट्रेन की चपेट में आ गया और हादसे में उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह जब रेलवे कर्मचारी ने रेलवे लाइन किनारे उसका शव पड़ा देखा और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी जेब से निकले मोबाइल व कागजात से उसकी शिनाख्त कराई। पहचान होने के बाद पुलिस ने मामले की खबर उसके परिजनों को दी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। पुलिस के पूछें जाने पर परिजन घटना को लेकर कुछ नहीं बता सके। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### तालाब में नहाने गए तीन युवक, दो डूबकर हुए लापता-खोजबीन जारी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जमरेही स्थिति तालाब में नहाने गए तीन युवकों में दो डूबकर लापता हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उनकी खोज भी शुरू करवा दी। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जमरेही सानी निवासी मंजेश कुशवाहा का भांजा अंकित कुशवाहा 13 वर्ष पुत्र वीर सिंह निवासी रुदावली थाना रामपुरा घूमने आया था। मंजेश का 20 वर्षीय साला राहुल कुशवाहा पुत्र रामकुमार निवासी छौना मानपुरा भी वहां आया था। बताया गया कि मंगलवार की दोपहर को गर्मी अधिक होने के कारण दोनों लोग गांव के ही युवक मयंक के साथ तालाब में नहाने चले गए। तालाब में नहाते समय अंकित व राहुल गहराई में चले गए और डूबने लगे। उनके चिल्लाने पर मयंक भागकर गांव पहुंचा और लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना के बाद ग्रामीण तुरंत तालाब किनारे पहुंचे और ग्रामीणों ने दोनों की तलाश शुरू कर दी। वही खबर मिलते ही गोहन थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुशवाहा भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश शुरू करवा दी। लेकिन घंटों खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। फिलहाल देर शाम समाचार लिखे जाने तक पुलिस की मौजूदगी में गोताखोर लगातार तालाब खंगालने में लगे हुए थे।

## बेसहारा बच्चों को चिन्हित कर विधिक सहायता उपलब्ध कराएगी साथी समिति

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व साथी समिति की अध्यक्ष वर्णिका शुक्ला की अध्यक्षता में साथी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बेसहारा बच्चों को चिन्हित कर विधिक सहायता प्रदान करने के लिए चर्चा की गई।

बैठक में समिति के समस्त सदस्यों से ऐसे बेसहारा बच्चों को चिन्हित करने को कहा गया, जिनका आधार कार्ड नहीं बना हुआ है। साथ ही ऐसे बच्चों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित करने की भी चर्चा की गई। समिति की अध्यक्ष ने बताया कि साथी समिति का उद्देश्य है कि समाज में ऐसे बेसहारा बच्चों को चिन्हित कर उनको विधिक सहायता देते हुये आधार पंजीयन कराया जाए एवं उनके हितार्थ चलायी जा रही सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुये उन योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाये। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक सन्तोष कुमार मिश्रा, बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारिया, तहसीलदार राजापुर भरत प्रताप सिंह, प्रभारी तहसीलदार मानिकपुर मनोज कुमार, परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक किशोर इकाई शिवमूरत यादव, संस्था प्रभारी राजकीय सम्प्रेक्षण गृह वीर सिंह, अध्यक्ष राकेश माथुर, सदस्य विवेक कुमार शुक्ल, सदस्य बाल कल्याण समिति उर्मिला, अधिकार मित्र विष्णुदत्त मिश्रा, ममता वर्मा, उपासना, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### हजरत बेरी वाले बाबा का दो दिवसीय उर्स एक से

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आपसी सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक हजरत बेरी वाले बाबा रहमातुल्लाह अलैह का दो दिवसीय 85 वां उर्स एक जून को शुरु होगा। दो दिनों तक चलने वाले इस उर्स में कोल्हापुर, सहारनपुर व मुंबई के मशहूर कव्वाल भाग लेंगे। उर्स कमेटी ने जोर शोर से तैयारी प्रारंभ कर दी गई। कमेटी के अध्यक्ष अनुभव चतुर्वेदी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय उर्स के पहले दिन एक जून को शानदार कव्वाली मुकाबले में छोटी तमन्ना कोल्हापुर व उमर दराज चिश्ती सहारनपुर अपने फन का जादू बिखेरेंगे। वही दो जून को कव्वाल फैजान रजा अजमेरी व अनीस नवाब मुंबई के बीच शानदार महफ़िल-ए-कव्वाली का आयोजन होगा। चीफ कंट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार ने बताया कि हजरत बेरी वाले बाबा के उर्स मुबारक पर बाबा की मजार को अदब और एहतराम के साथ सजाया जाएगा। हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक माने जाने वाले इस कार्यक्रम की व्यवस्था में हाफिज इमरान फैजी, रिजवान खान कोषाध्यक्ष, नजम हाशमी, फिरोज खान, पप्पू पठान, जुबेर खान, लियाकत चिश्ती, आरिफ खान, मौलाना अरमान, सद्दाम नगर पालिका, सलामत चिश्ती, हाफिज फिरोज मिर्जा आदि सहयोग कर रहे हैं।

## लोकमाता अहिल्याबाई के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा ब्लॉक परिसर मऊ में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्मशताब्दी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपाईयों ने उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता अवधेश गुप्ता ने नारी शक्तिकरण, समाज सुधार व धर्म रक्षा आदि के लिए किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें याद किया। साथ ही सभी को उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र कोटार्य ने की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता हेमंत प्रताप सिंह ने किया इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी), पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिला, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश गौतम, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो आदि मौजूद रहे।

## पांच पर हुई मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले आरोपियों धर्मेन्द्र उर्फ छोटा, लवलेश यादव, बऊवा उर्फ शारदा यादव व राजेन्द्र यादव निवासीगण नारायणपुर कोतवाली कर्वी तथा राजेन्द्र पटेल निवासी सपहा कोतवाली कर्वी के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस की कार्यवाही की गयी।

# लोकमाता की जयंती के उपलक्ष्य में हुआ व्याख्यान माला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यों पर चर्चा करते हुए उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया गया।

व्याख्यान माला में मध्य प्रदेश के शहरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय म.प्र.शासन ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भगवान शिव की बहुत बड़ी भक्त थी। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए उन्होंने दुनियां में पहली बार केवल महिलाओं की सशक्त और मजबूत सेना बनाई। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं कूटनीतिज्ञ थी। उन्होंने युद्ध नही किया बल्कि अपनी कूटनीति से ही दूसरे राजाओं को परास्त कर दिया। उनका दरबार आम जनता के चैबीसों घंटे खुला रहता था। उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत की विचारधारा को समाप्त किया। साथ ही सती प्रथा को बंद करने के लिए उन्होंने अपने राज्य में आदेश जारी किया तथा विधवा विवाह को प्रोत्साहित किया। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिए सूरत से कलाकारों को बुलाकर बुनकर महिलाओं को ट्रेनिंग दिलवाई। प्रत्येक व्यक्ति को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से सीख लेनी चाहिए।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्र ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने धार्मिक स्थलों के पुनर्निमाण, नदी-घाटों के



जीर्णोद्धार, धर्मशालाओं के निर्माण और सड़को, कुओं व तालाबों के निर्माण के माध्यम से न केवल तत्कालीन समाज की जरूरतें पूरी कीं, बल्कि भविष्य को भी दिशा दी। आज जब हम महिलाओं के सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई का जीवन उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे एक नारी, अपनी सेवा, श्रम और ममता से एक समूचे राज्य को एक परिवार की तरह चला सकती है। सभी लोगों को उनके विचारों और कार्यो को अनुसरण में लाना होगा।

इस मौके पर मध्यप्रदेश शासन के शहरी विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, म.प्र.जन अभियान परिषद के उपाध्याक्ष मोहन नागर, चित्रकूट के विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, रामपुर बघेलान के विधायक विवेक विक्रम सिंह, भाजपा सतना जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, सतना के महापौर योगेश ताम्रकार आदि मौजूद रहे।



**वक्फ कानून से जुड़ी अर्जी पर केंद्र को नोटिस...**

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 द्वारा संशोधित वक्फ अधिनियम, 1995 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को 1995 के वक्फ अधिनियम को चुनौती... पढ़ें पेज 12 पर...

## लखनऊ में हनुमान भक्ति की गूंज, बड़े मंगल पर विशाल भण्डारा

# जनसेवा और आस्था का महापर्व

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ज्येष्ठ मास का तृतीय मंगलवारज लखनऊ वासियों के लिए केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और श्रद्धा का पर्व है। इस अवसर पर श्याम विहार कॉलोनी, फैजुल्लागंज स्थित श्री राम मार्केट के पास राधा कृष्ण मंदिर में एक भव्य भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय जनता के साथ-साथ शहरभर के भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक संगम का स्थल बनने जा रहा है।

### हनुमान भक्ति की मिसाल बनेगा यह आयोजन

इस पावन दिन की शुरुआत श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से होगी। पवनपुत्र के चरणों में समर्पित इस आयोजन में न केवल स्वादिष्ट प्रसाद का वितरण किया जाएगा, बल्कि हर आगंतुक को भक्ति रस में डुबोने का प्रयास किया गया है। राजकुमार राजू, मंडल अध्यक्ष, इस आयोजन के मुख्य संयोजक हैं, जिनकी अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से सेवा भाव से जुटे हैं। उनका कहना है, ÷यह आयोजन हनुमान जी के प्रति हमारी श्रद्धा का प्रतीक है। यहाँ भोजन नहीं, प्रेम और आशीर्वाद परोसा जाएगा।

### भक्तों की उमड़ी भीड़ की पूरी तैयारी

27 मई 2025, मंगलवार को सुबह 11 बजे से यह भण्डारा प्रारंभ होगा और प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। आयोजकों को उम्मीद है कि इस बार हजारों की संख्या में श्रद्धालु पधारेंगे। इस उद्देश्य से स्थल पर सुरक्षा, सफाई, बैठने और छाया की विशेष व्यवस्था की गई है। महिला एवं वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए अलग से सेवा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



बड़े मंगल पर फैजुल्लागंज में व्यापारी भंडारे में प्रसाद वितरण करते हुए



कठिंगरा गांव में बड़े मंगल का प्रसाद ग्रहण करते हुए




कृष्णा नगर में बड़े मंगल पर भंडारे का प्रसाद वितरण करने से पहले की तस्वीर

### कठिंगरा में भी भक्ति का उत्सव- रेनू रावत के नेतृत्व में हुआ आयोजन

बड़े मंगल के शुभ अवसर पर लखनऊ के कठिंगरा क्षेत्र में प्रसादी सेवा संस्थान की अध्यक्षा रेनू रावत के नेतृत्व में एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और हनुमान जी की भक्ति में लीन होकर प्रसाद ग्रहण किया। रेनू रावत ने बताया, यह आयोजन केवल परंपरा नहीं, यह हमारी संस्कृति और सेवा भावना का परिचायक है। हर बार की तरह इस बार भी हम सबने मिलकर भक्तों के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई। स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने आयोजन को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

### कृष्णा नगर में अधिवक्ता दुर्गेश कुमार का आयोजन बना चर्चा का विषय

इसी कड़ी में कृष्णा नगर क्षेत्र में अधिवक्ता दुर्गेश कुमार द्वारा आयोजित बड़े मंगल भण्डारा भी श्रद्धा और सेवा की एक मिसाल बन गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, और हजारों लोगों ने भक्ति-भाव से प्रसाद ग्रहण किया। दुर्गेश कुमार ने कहा, यह आयोजन केवल मेरे द्वारा नहीं, बल्कि समस्त सहयोगी नागरिकों की सहभागिता से संभव हो पाया है। हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि प्रभु की सेवा का यह अवसर मिला। स्थानीय युवाओं की टोली ने व्यवस्था को सहज बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

### जहाँ सेवा है, वहीं सच्ची भक्ति है

हनुमान जी की भक्ति का यह जीवंत प्रमाण है यह आयोजन, जहाँ सेवा, स्नेह और समर्पणध् तीनों का संगम है। लखनऊवासियों के लिए यह न केवल पुण्य कमाने का अवसर है, बल्कि भक्ति की उस परंपरा को निभाने का भी जिसमें बड़ा मंगल केवल एक दिन नहीं, एक संस्कार है।

### भण्डारा नहीं, यह है भक्ति और भाईचारे का महायज्ञ

यह आयोजन सिर्फ भोजन तक सीमित नहीं है, यह वह अवसर है जब जात-पांत, वर्ग, भाषा, पहनावाध् सब भुलाकर लोग एक पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह हमारी संस्कृति की वह तस्वीर है जो वर्तमान समय में और भी आवश्यक हो गई है।

### स्थानीय जनता में उत्साह, व्यापारी वर्ग का भी समर्थन

श्याम विहार कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में इस भण्डारे को लेकर भारी उत्साह है। स्थानीय दुकानदारों, स्वयंसेवी संगठनों, और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग दिया है। श्रद्धालुजन इसे केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का उत्सव मान रहे हैं।

## ससुराल बना नर्क: बहू के साथ छेड़छाड़

### मारपीट, गालियाँ और जान से मारने की धमकियां

- लखनऊ के आलमबाग में महिला का आरोप रोज़ बर्बरता झेल रही हूँ, अब जान की भीख माँग रही हूँ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने ही ससुराल के पांच सदस्यों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं - जिनमें छेड़छाड़, शारीरिक उत्पीड़न, गाली-गलौज, मानसिक यातना और जान से मारने की धमकियाँ शामिल हैं। पीड़िता आरती देवी ने थाना आलमबाग में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### देवर करते हैं अश्लील हरकतें सास-ननद देती हैं उकसावा

आरती देवी का आरोप है कि उसके देवर राहुल और दिनेश शराब पीकर अक्सर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हैं। यह कोई एक बार की घटना नहीं बल्कि लगातार जारी छेड़छाड़ है। वहीं उसकी सास और ननद उसे उकसाकर मारपीट करवाती हैं।

### गाली-गलौज और प्रताड़ना का रोज़ाना सिलसिला

महिला ने बताया कि पूरा ससुराल - सास, ससुर, ननद और देवर - मिलकर उसे दिन-रात अपमानित करते हैं, गंदी-गंदी गालियाँ देते हैं और मानसिक तौर पर तोड़ने की साजिश रचते हैं।




### अब जान बचाना मुश्किल है, महिला ने पुलिस से गुहार लगाई

आरती देवी ने पुलिस को दिए पत्र में साफ कहा है अब स्थिति असहनीय हो चुकी है। मैं हर दिन जान का खतरा महसूस करती हूँ। कृपया इन वहशी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### 'आईपीसी की कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज हो'

पीड़िता ने थाने में दी शिकायत में माँग की है कि आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं - जैसे 354 (छेड़छाड़), 506 (धमकी), 323 (मारपीट), 498ए (पत्नी के साथ क्रूरता) - के तहत मामला दर्ज कर तुरंत गिरफ्तारी की जाए।

### पुलिस मौन, लेकिन मामला बेहद गंभीर

अब तक पुलिस की ओर से कोई औपचारिक बयान नहीं आया है, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि जल्द कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता की जान को वास्तविक खतरा है। यह मामला केवल घरेलू हिंसा नहीं, बल्कि समाज में महिला सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। सवाल यह है - क्या एक महिला अपने ही घर में महफ़ूज़ नहीं है?

### ससुर की धमकी 'घर से निकाल दूँगा, देख तेरी औकात'

पीड़िता के अनुसार उसके ससुर खुद इस उत्पीड़न में शामिल हैं और कई बार उसे घर से निकालने की धमकी देकर डराने की कोशिश कर चुके हैं।

### पति भी बना मूकदर्शक कोई नहीं आया बचाने

आरती देवी ने बताया कि उसने कई बार अपने पति और परिवार के अन्य सदस्यों को इस बर्बरता के बारे में बताया, लेकिन किसी ने भी उसकी सहायता नहीं की। सबने आँख मूँद ली और मौन समर्थन दिया।

## डीएनए वार में नया मोड़, भाजपा नेता ने अखिलेश यादव पर किया तीखा हमला, लखनऊ में लगे विवादित पोस्टर




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश की सियासत में चल रही डीएनए जंग अब और तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बीच छिड़ी जुबानी जंग के बीच अब भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा भी कूद पड़ा है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री जीशान खान ने राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए विवादित पोस्टर लगवाए हैं। इन पोस्टरों में तीखे और निजी हमले किए गए हैं, जिससे शहर की फिजा में सियासी गर्मी और बढ़ गई है।

**राजनीतिक विश्लेषण**

विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह की निजी टिप्पणियों और पोस्टर राजनीति से चुनावी माहौल में ज़हर घुल सकता है। यह वार अब राजनीतिक मर्यादाओं की सीमाएं लांघता दिख रहा है।

### पोस्टर में लिखा गया है

शायद उनका डीएनए सोनागाछी या जीबी रोड का है। जो लोग मा. ब्रजेश पाठक जी का डीएनए पूछ रहे हैं, उन्होंने अपने पिता को पार्टी से निकाल दिया, घर से बेदखल कर दिया। उनके डीएनए में जरूर खोट है। उन्होंने अपने पिता के साथ-साथ अपने चाचा को भी घर से बेघर किया था। अब अगर हिम्मत है तो अपना डीएनए करवा लें, सब सामने आ जाएगा।

### पोस्टर कहां-कहां लगाए गए?

- चौक क्षेत्र
- हजरतगंज
- आईटी चौराहा
- प्रवर्तन चौक

इन प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए पोस्टर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से अब तक इन पोस्टरों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### क्या है डीएनए विवाद?

इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने एक बयान में कहा कि जो समाज को तोड़ते हैं, उनका और हमारा डीएनए अलग है। इसके जवाब में अखिलेश यादव ने बृजेश पाठक का डीएनए जांच कराने की चुनौती दे डाली थी। अब भाजपा नेताओं की ओर से पलटवार करते हुए यह पोस्टर वार शुरू की गई है।

## उत्तर प्रदेश आयुष विभाग में जल्द होगी बंपर भर्ती, 4350 पदों पर होगी नियुक्ति



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देने की तैयारी कर ली है। आयुष विभाग में लंबे समय से खाली चल रहे 4350 पदों पर जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इन भर्तियों से खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

### ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बल

सरकार का लक्ष्य है कि प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए। इन नियुक्तियों से ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी दूर होगी और स्थानीय स्तर पर लोगों को बेहतर इलाज मिल सकेगा।

### किन पदों पर होगी भर्ती?

इन 4350 रिक्त पदों में शामिल हैं

- प्रवक्ता
- स्टाफ नर्स
- फार्मासिस्ट
- पंचकर्म तकनीशियन
- योग प्रशिक्षक

अन्य तकनीकी और प्रशासनिक पद इन भर्तियों के माध्यम से आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्ध और योग चिकित्सा पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जाएगा।

### सरकार का बयान

स्वास्थ्य विभाग से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार की जा रही है और जल्द ही विज्ञापन जारी किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और मेरिट आधारित होगी। बहरहाल उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल न सिर्फ रोजगार के नए अवसर लाएगी, बल्कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को भी नया विस्तार देगी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह कदम प्रदेश की जनता के लिए एक बड़ी राहत साबित हो सकता है।

## बसपा प्रमुख मायावती ने अचानक खाली किया सरकारी बंगला



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने दिल्ली स्थित अपना सरकारी आवास अचानक खाली कर दिया है, जिससे राजनीतिक हलकों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मायावती को 35, लोधी एस्टेट स्थित यह बंगला बतौर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष आवंटित किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने 20 मई को इस बंगले की चाबी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग सीपीडब्ल्यूडी को लौटा दी। इसके साथ ही ज़ेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा में तैनात यूनिट को भी इस फैसले की जानकारी दे दी गई है। बंगला खाली करने की वजह सुरक्षा कारणों को बताया जा रहा है, लेकिन इसके पीछे राजनीतिक वजहों की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। खासकर ऐसे समय में जब बसपा के राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बनाए रखने को लेकर सवाल उठ रहे हैं, मायावती का यह कदम कई तरह के संकेत दे रहा है। पार्टी के करीबी सूत्रों का कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से ÷प्रशासनिक और सुरक्षा कारणों÷ से लिया गया है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इसे बसपा की बदलती रणनीति और संभावित भविष्य की तैयारियों से जोड़कर देख रहे हैं। अब सभी की निगाहें मायावती के अगले कदम पर हैंध्क्या यह सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया थी या इसके पीछे कोई बड़ी सियासी रणनीति है, इसका खुलासा आने वाले समय में होगा।

## अलीगंज थाना क्षेत्र में हुई युवक के साथ लूट, शिकायत के बाद भी नहीं मिल रहा न्याय

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के अलीगंज थाना क्षेत्र में बीते दिनों सुरेश पाल पुत्र स्व गजोधर प्रसाद निवासी ग्राम बीबीपुर थाना महिगवां के 7 दिन पहले लूट हो गई थी। वहीं सुरेश पाल ने बताया कि 21 मार्च 2025 को समय करीब सुबह 11 बजे मैं लखनऊ अलीगंज थाना क्षेत्र के पुल से पहले नाका के चारबाग के लिए गुजर रहा था कि अचानक दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति हमारे सामने आकर कुछ दूर जाने के लिए लिफ्ट मांगने लगे, तभी मेरी गाड़ी पर बैठ गया, उसके बाद उसने मेरी जेब से 30000 रूपए नगद लूट लिए और वहां से भाग गए। वहीं जिसकी शिकायत मैंने अलीगंज थाने पर की थी, अभी तक इस मामले में कोई उचित कार्यवाहीं नहीं की गई हैं। पीड़ित युवक ने अज्ञात को ढूंढ कर गिरफ्तार का जेल भेजने की मांग की है।

## डालीगंज, हनुमानसेतु, अलीगंज, जानकीपुरम,गुडंबा, मड़ियांव, बीकेटी, इटौंजा, सैरपुर अन्य जगह पर हुए भंडारे

- ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार पर कही पूड़ी-सब्जी कहीं हलवा पूड़ी तो कही शरबत का हनुमान प्रसाद वितरण करते लोग दिखाई दिए वितरण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में भंडारे ना हो ऐसा हो ही नहीं सकता है। आपको बताते चले कि जेष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार पर हनुमान सेतु, अलीगंज, पुराना हनुमान मंदिर,निराला नगर, हनुमान मंदिर डालीगंज ,अलीगंज, विकास नगर, सरोजिनी नगर, मोहनलालगंज, काकोरी, मलिहाबाद, माल, निगोहां, पीजीआई, जानकीपुरम, मड़ियांव, गुडंबा, बीकेटी,सैरपुर, इटौंजा , महिगवां इन क्षेत्रों में चौराहों कस्बों व चौराहे गलियों में जगह-जगह भंडारे के आयोजन किए गए। जिसमें हनुमान भक्तों द्वारा कही पूड़ी-सब्जी, छोला चावल, शरबत, हलुआ पुडी,लड्डू का वितरण हनुमान भक्त करते दिखाई दिए। वहीं लखनऊ के बीकेटी बेहडा चक्की के पास लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य लखनऊ सीतापुर हाईवे बेहडा चक्की के पास शनी सिंह व महेन्द्र सिंह द्वारा कराए गए विशाल भंडारे में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ जिले सभी क्षेत्रों में चौराहे पर और गलियों में विशाल भंडारे के आयोजन किए गए हैं,यह हमारे लिए गर्व की बात है कि लोग आज जगह जगह भंडारे कर रहे और प्रभु हनुमान जी का नाम ले रहे हैं, निश्चित ही इस साल हनुमान जी की कृपा सभी पर बरस रही है। इस दौरान शनि सिंह, महेन्द्र सिंह, मानवेंद्र सिंह, सोमनाथ सिंह अन्य युवा भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### बीकेटी क्षेत्र में हुए भंडारों में विधायक भी हुए शामिल

लखनऊ के बीकेटी विधानसभा भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने अपने विधानसभा क्षेत्र चिनहट व बीकेटी इटौंजा कुम्हरवां महिगवां क्षेत्र के कई भंडारों में शामिल हुए, जहां उन्होंने हनुमान भक्तों में प्रसाद वितरण किया। इस दौरान बीकेटी स्थित पारस हॉस्पिटल के प्रबंधक द्वारा कराए गए विशाल भंडारे में विधायक योगेश शुक्ला शामिल हुए, इस दौरान उन्होंने वहां पर लोगों से मुलाकात की और कहा कि हनुमान जी की कृपा सभी पर बरस रही हैं,जगह-जगह भंडारे हो रहे हैं और यह वर्ष सभी के लिए विकास और उन्नति को लाने वाला है।

## महिला सिपाही ने की आन्महन्या, किराए के मकान में मिला शव फंदे से लटका हुआ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के गाजीपुर थाना क्षेत्र के ए ब्लॉक में मंगलवार सुबह एक महिला सिपाही का शव उसके किराए के मकान में फंदे से लटका हुआ मिला। बता दें कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी हैं। वहीं मृतक की पहचान अमरोहा निवासी 27 वर्षीय ऋतु के रूप में हुई है। वह 2019 बैच की सिपाही थी और वर्तमान में मड़ियांव थाने में पैरोकार के पद पर तैनात थी। इससे पहले वह लंबे समय तक गाजीपुर थाने में भी तैनात रही थी, जिसके चलते वह ए ब्लॉक स्थित किराए के मकान में रहती थी। ऋतु अमरोहा के ग्राम भीकमपुर, थाना सैद नगली की रहने वाली थीं। जानकारी के अनुसार, ऋतु जिस मकान में किराए पर रहती थी, उसी मकान में एसआई गीता भी रहती हैं। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे एसआई गीता ने ऋतु के कमरे का दरवाजा बंद पाया और काफी देर तक आवाज लगाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका होने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा खोलकर अंदर देखा, तो ऋतु का शव फंदे से लटक रहा था। पुलिस ने तुरंत परिजनों को सूचित किया। महिला सिपाही द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## इंदिरा नहर में डूबा 13 वर्षीय किशोर, घूमने निकला था दोस्तों के साथ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के बीबीडी इलाके में मंगलवार दोपहर एक दुखद घटना में इंदिरा नहर में नहाते समय 13 वर्षीय दीपांशु की डूबने से मौत हो गई। दीपांशु अपने दोस्तों के साथ घूमने की बात कहकर घर से निकला था और माधव ग्रीन के पास नहर में नहाने चला गया था। बता दें कि जानकारी के अनुसार, कठौता विभूतिखंड निवासी सद्गुरु के पुत्र दीपांशु (13) दोपहर करीब एक बजे अपने दोस्तों के साथ घर से बाहर निकला था। घूमते हुए वे चारों दोस्त इंदिरा नहर पहुंच गए और माधव ग्रीन के पास नहर में उतरकर नहाने लगे। इसी दौरान दीपांशु गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की और शोर मचाया, लेकिन वह आंखों से ओझल हो गया। वहीं दोस्तों के शोर मचाने पर मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। बीबीडी थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दीपांशु का शव नहर से बाहर निकाला जा सका। वहीं इंस्पेक्टर बीबीडी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से फिलहाल कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इस घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## जन समस्याओं के समाधान हेतु जवाबदेही तय होनी चाहिए: केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग परक्र जनता दर्शन में फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही नहीं होनी चाहिए उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें।

# गलत तरीके से नए-नए अमीर बने लोगों पर पुलिस की पैनी नजर

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद में 636 बीट सिपाहियों को नए अमीर बने लोगों पर नजर रखने और अपराधियों का डाटा तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। बीट सिपाही क्षेत्र में नए धनाढ्य लोगों की जानकारी एकत्र करेंगे। और अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे। इससे अपराध पर अंकुश लगेगा।

यूपी पुलिस की रीढ़ माने जाने वाले बीट सिपाही अब क्राइम कंट्रोल में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जनपद पुलिस परंपरागत तरीके से हाईटेक पुलिसिंग कर रही है।जिले में बीट सिपाही पता लगाएंगे कि उनके क्षेत्र में कौन-कौन लोग अचानक से अमीर बन गए हैं। कहीं उनके धनाढ्य बनने की वजह अपराध से अर्जित पैसा तो नहीं है। क्षेत्र में बाहर से आकर रहने वाले लोगों का सत्यापन करने के साथ ही बीट सिपाही हर तरह की सूचनाएं इकट्ठा कर अपराधियों का डाटा बैंक तैयार करेंगे। और उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट देंगे। इससे पुलिस को समय रहते आवश्यक कार्रवाई करने का मौका मिल सकेगा।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बीट सिपाहियों को क्षेत्र के नए धनाढ्य लोगों एवं अपराधियों की जानकारी एकत्र करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही नई-नई बाइकों के साथ स्टंटबाजी कर सोशल मीडिया पर डालने वाले लड़कों के ग्रुप की लिस्ट बनाएंगे।गैंग बनाकर घूमने वाले ऐसे लड़कों से माहौल खराब होता है।

बीट सिपाही ऐसे लड़कों के परिजनों से बात कर उनकी काउंसलिंग भी करेंगे। बीट सिपाहियों को शस्त्र लाइसेंस धारकों द्वारा एक साल में खरीदे गए कारतूसों का सत्यापन करने की भी जिम्मेदारी दी गई है। और सक्रिय अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे। गांव से दूर एकांत में बने घरों पर भी नजर रखी जाएगी। कई बार अपराधी बाहर से आकर बस्ती से दूर एकांत में जमीन खरीद कर मकान बनाकर रहने लगते हैं और वहीं से अपनी क्राइम एक्टिविटीज करते हैं। बीट सिपाही एकांत में बने घरों और नई कॉलोनी में रहने वालों का सत्यापन करेंगे। उनका नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज करने के साथ ही उनके आय के साधनों की जानकारी भी लेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस की इस पहल से अपराध पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि सभी बीट सिपाहियों को पुलिस विभाग की रीढ़ माना जाता है। थानों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों में ये सभी बीट सिपाही अपने क्षेत्र की हर तरह की अपराधिक घटनाओं, अपराधिकतत्वों संवेदनशील स्थलों, धार्मिक और जातीय उन्माद की स्थिति, विभिन्न प्रकार के विवादों पर नजर रखते हैं। और इसकी सूचना हल्का दरोगा और थाना प्रभारी को देते हैं।इससे अपराधों की रोकथाम में मदद मिलती है।

# आबकारी टीम की दबिश में पकड़ी गई 50 लीटर अवैध शराब, तीन अभियोग पंजीकृत

जन एक्सप्रेस। अमेठी



अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत, जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम जंगल रामनगर पासिन का पुरवा, मणिपुर व हंसा का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र तीन के थाना-मुसाफिरखाना अन्तर्गत ग्राम हंसा का पुरवा से लगभग 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। तथा लगभग दो कुंतल पचास किलो लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया।इस कार्यवाही मे तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए। साथ ही आबकारी दुकानो एवं ईंट भट्टों का भी सघन निरीक्षण किया गया।और ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। कार्यवाही में चंद्रभान वर्मा, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तीन व समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में बालिकाओं ने की स्वच्छता फेरी, किया स्वच्छता के लिए जागरूक



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है जैसे स्वच्छता संबंधी प्रेरणादायक कई नारे लिखी तख्तियों को लिए हुए एनटीपीसी ऊंचाहार में चल रहे बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला की बालिकाएं जब स्वच्छता रैली निकाली तो बच्चियों के साथ कदमताल करते हुए जनसैलाब उमड़ पड़ा। ऊंचाहार परियोजना में इस समय स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसे धार देने के लिए जेम की बालिकाओं को भी शामिल किया गया। बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूरी टाउनशिप में साफ सफाई के नारे लिखी तख्तियों के साथ भ्रमण किया तथा स्वच्छता नारे लगाकर माहौल में जोश भर दिया। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव ने बालिकाओं के उत्साह को देख कर अभिभूत हो उठे और उनकी सराहना की।

महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं प्रचालन आशुतोष विश्वास, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष झुमिता विश्वास, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, डी सी, सीआईएसएफ अजय त्रिपाठी, सी आई एस एफ के अन्य अधिकारी, एनटीपीसी के अन्य विभाग प्रमुख, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव, महिला क्लब की अन्य पदाधिकारी, मानव संसाधन विभाग के अधिकारी, सी एस आर की वरिष्ठ प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी, विद्यालयों के प्रधानाचार्यों सहित बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मचारी शामिल होकर स्वच्छता फेरी को सफल बनाया। वरिष्ठ प्रबंधक श्रीनिवास शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा उपमहाप्रबंधक विनायक प्रकाश शॉ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जिला और शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय 'संविधान बचाओ' कार्यक्रम आयोजित किया गया

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




27 मई, जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय ''संविधान बचाओ' कार्यक्रम होटल शान्ति ग्रांड में आयोजित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अमेठी के.एल.शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है, देश में ब-सजयती मंहगाई व बेरोजगारी और लघु उद्योगों के पतन ने आम आदमी का जीवन दूभर कर दिया है, भाजपा सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोगों में भय का वातावरण पैदा किया जाता है, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बिना किसी भय के युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित समाज की आवाज बनकर उनके साथ खड़े हुए है और हम सबकों भी एकजुटता के साथ उनकी इस लड़ाई में उनके साथ खड़े रहना है।

के.एल.शर्मा ने कहा कि ईडी और सीबीआई की बदौलत मोदी सरकार बची हुई है वरना अब तक यह सरकार गिर गई होती, हमें संविधान की रक्षा के लिए जनता को जागरूक करना होगा यह लड़ाई हम सभी की है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि इन्दल कुमार रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि -झूठ की बुनियाद पर यह सरकार बनी है, विशेषकर मीडिया ने -झूठा माहौल बनाकर मोदी को सत्ता में बैठाया है, -झूठ और जुमलों पर बनी सरकार ने देश का बहुत नुकसान किया है, यह पूंजीपतियों की सरकार है, इसे देश की समस्याओं और जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान पर आए संकट के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की शुरूआत कर दी है, कांग्रेस का कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर यह बताये क कैसे संविधान के मूल स्वरुप के साथ छेड़-छाड़ की जा रही है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने खचाखच भरे सभागार में आए हुए सभी कांग्रेसजनों और जागरूक नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी लोगों से संविधान बचाओं अभियान से जुड़ने की अपील की।

कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पं.जवाहर लाल नेहरु जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, संविधान बचाओं कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे, जिनमें मुख्य रुप से राम बहादुर वर्मा और के.पी. राहुल ने संविधान पर अपने ज्ञानवर्धक सम्बोधन से सबका ध्यान आकर्षित किया, कार्यक्रम का संचालन विजय शंकर अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर मनोज यादव, अतुल सिंह, डा. मनीष सिंह, शत्रोहन सोनकर, सरिता गुप्ता, सुरेन्द्र विक्र सिंह, हाजी इलियास, अशोक सिंह, सहित बड़ी संख्या में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता, निवर्तमान पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## अवैध वसूली का आरोप लगा कर किया हंगामा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में मरीजों और तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन पर अवैध वसूली का आरोप लगाकर सोमवार को हंगामा किया। आरोप लगाया कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और रेबीज इंजेक्शन जैसी सेवाओं के लिए अवैध रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं।

एक तीमारदार ने बताया कि हमसे अल्ट्रासाउंड के लिए 100 रुपये लिए गए। जबकि हमें बताया गया था कि यह सुविधा मुफ्त है। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति ने आरोप लगाया कि रेबीज इंजेक्शन के लिए 50 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। बल्दीराय से आए एक मरीज ने एक्सरे के लिए 100 रुपये व इंजेक्शन लगाने के लिए भी 20 रुपये लेने का आरोप लगाया है।

# शोभायात्रा के दौरान बाबा के भजनों पर झूमे भक्त

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



बाबा नगर में सोमवार को नवनिर्मित मंदिर बाबा श्री शिवाय संकटमोचन धाम में विधि विधान से हनुमान जी महाराज की मूर्ति की स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह शोभायात्रा मलिकमऊ, गोल चौराहा, सिविल लाइन, डिग्री कॉलेज चौराहा, चंदापुर कोठी धाम होते हुए मंदिर प्रांगण तक पहुंची। यात्रा के दौरान भक्तों ने बाबा के भजनों पर जमकर नृत्य किया और भक्ति भाव में लीन नजर आए। इस अवसर पर अरुण सिंह (बाबा), आशीष दीक्षित, राजेश सिंह, प्रभाकर, राजदीप, अंकित शर्मा, अतुल सिंह, मोनू सिंह, उमेश पाण्डेय, प्रशांत सिंह सहित बाबा ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित रहे। अंकित शर्मा ने बताया कि मंगलवार प्रातः 6 बजे प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से संगीतमय भजन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें भजन गायिका दीपिका मिश्रा (गोंडा), भजन गायक श्रवण सुल्तानपुरी (अयोध्या) अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन पिंटू शर्मा (रायबरेली) द्वारा किया जाएगा। इसी समय से विशाल भंडारे का आयोजन भी शुरू होगा।

## दो साल के ठहराव के बाद फिर शुरू होगा पुस्तक मेला

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

नारायण दास स्मृति अध्ययन केंद्र की ओर से दो साल के ठहराव के बाद फिर से पुस्तक मेला का आयोजन 12 से 17 अक्तूबर तक रीडगंज स्थित कोहिनूर पैलेस में किया जाएगा। इसमें देश के 50 से अधिक नामचीन प्रकाशकों की ओर से स्टाल लगाए जाएंगे। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों के साथ स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

ट्रस्ट के सचिव डॉ. निर्मल खत्री ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2023 व 24 में अयोध्या में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों के दौरान शहर के मार्गों के अवरूद्ध या आंशिक रूप से बाधित होने के चलते पुस्तक मेला का आयोजन स्थगित करना पड़ा था। अब इस साल फिर से इसे निरंतरता प्रदान की जा रही है।

# एनएसपीएस त्रिपुला में तृतीय मंगलवार को हुआ प्रसाद वितरण

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



भगवान हनुमान की भक्ति के प्रतीक ज्येष्ठ माह के मंगलवार को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित होने वाले प्रसाद वितरण के क्रम में तृतीय मंगलवार को एनएसपीएस त्रिपुला शाखा में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने जीवन की सभी बाधाएं दूर करने वाले संकटमोचन हनुमान जी की पूजा अर्चना कर पवनसुत को हलवा-पूड़ी के प्रसाद का भोग लगाया तदोपरांत आम जनमानस को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यों में शिव लखन प्रजापति (प्रधानाचार्य त्रिपुला), राजीव सिंह (प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू), तारकेश्वर सिंह (एनएसबीवीएम), इंद्रविक्रम सिंह (आरकेडी एनएसपी एस), उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, रजनी श्रीवास्तव, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, नितिन सिंह, अनिल मिश्रा, अवधेश शर्मा, रामदेव, डीपी जोशी, रमीज, देवेंद्र कुमार जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रायबरेली में व्यापारी की स्मृति में प्रेरणा दिवस: बिक्री कर विरोध में शहीद हुए व्यापारी की याद में 8 व्यापारियों का सम्मान

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

रायबरेली में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल ने 26 मई को देर शाम प्रेरणा दिवस मनाया। कार्यक्रम जिला संरक्षक संदीप जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। नगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने इस दिन का इतिहास साझा किया। 26 मई 1979 को लखनऊ के अमीनाबाद झंडे वाले पार्क में व्यापारियों ने बिक्री कर का विरोध किया था। इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोलीबारी में व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल की मृत्यु हो गई थी। तब से पिछले 25 वर्षों से पूरे प्रदेश में इस दिन को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा और वरिष्ठ जिला महामंत्री संदीप शुक्ला के अनुसार, सामाजिक सेवा और व्यापारिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष आठ व्यापारियों को सम्मान मिला। न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप के संस्थापक डॉ. शशिकांत शर्मा, महेश नारायण अग्रवाल, मोहम्मद इश्तियाक, जगदीश चैनानी, अर्पित यादव, शिवप्रकाश सोनी, तैयबा कयूम और विकास साव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक दिलीप यादव, महेंद्र अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री राज नारायण अग्रहरी, प्रदेश मंत्री सोनू वर्मा सहित कई प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

## विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनाये रखने हेतु क्षेत्रीय स्तर पर 24 घंटे नियन्त्रण कक्ष (मोबाईल सं0 9415901891) की स्थापना

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मुख्य अभियंता (रा0क्षे0) रामप्रीत प्रसाद ने बताया है कि प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ द्वारा जो उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में आगामी रिफार्म के दृष्टिगत सुचारू विद्युत व्यवस्था बनाए रखने से सम्बन्धित है, के अनुपालन में तथा 29 मई 2025 से विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के सम्भावित निरन्तर कार्य बहिष्कार के दृष्टिगत वितरण क्षेत्र रायबरेली के अन्तर्गत जनपद रायबरेली एवं उन्नाव में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनाये रखने हेतु क्षेत्रीय स्तर पर 24×7 नियन्त्रण कक्ष (मोबाईल सं0 9415901891) की स्थापना की गयी है।

## बदल सकता है मौसम का मिजाज, छिटपुट बारिश के आसार

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

29 मई को पूर्वी यूपी में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल सकता है। ऐसे में 30 और 31 मई को अलग-अलग जिलों में छिटपुट बारिश हो सकती है। 14-15 जून तक मानसून के दस्तक देने के भी आसार बन रहे हैं। इसके एक सप्ताह पहले सात जून से प्री मानसून बारिश शुरू हो सकती है। एक दिन पहले शुरू हुए नौतपा का अभी बहुत प्रभाव नहीं दिख रहा है। यह अलग बात है कि पिछले दो दिनों से गर्मी और उमस हर किसी को परेशान किए हुए है। फिर भी शहरी क्षेत्र में गर्मी के प्रभाव के अनुरूप तापमान का पारा नहीं दिख रहा है। पिछले बृहस्पतिवार को जिले के कई इलाकों में 57.4 मिमी तक बारिश के बाद से अभी तक अधिकतम तापमान 35 से 37 के बीच बरकरार है। यह सामान्य से भी दो से तीन डिग्री तक कम रहा। सोमवार को भी अधिकतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री कम 36.5 रिकॉर्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक 27.5 रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने के बावजूद तेज धूप की तपिश ने सताने में कोई कसर नहीं छोड़ी। घरों से बाहर निकले लोगों को इसकी तल्खी हलकान किए रही। घर, कार्यालय और प्रतिष्ठानों के भीतर भी बिना एसी और कूलर के राहत नहीं मिली। इस बारे में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. सीताराम मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर की तुलना में शहरी क्षेत्र का अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री अधिक हो सकता है। इसलिए रिकॉर्ड किए गए तापमान की अपेक्षा शहर में ज्यादा गर्मी का अहसास हो रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में टुकड़ों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। ऐसे में नौतपा का प्रभाव बहुत ज्यादा नहीं रहेगा।

# अब 14 नहीं, आठ मंदिरों में होगी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, शेषावतार मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा का होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



अयोध्या में तीन जून से होने जा रहे अनुष्ठान में आठ मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। आयोजन के लिए रामनगरी पूरी तरह तैयार है। इस दौरान अयोध्या एक बार फिर दिव्य आलोक से स्नान करेगी।

रामनगरी एक बार फिर से दिव्य आलोक में नहाने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि पर विराजमान भव्य राम मंदिर अब केवल प्रभु श्रीराम का ही नहीं, बल्कि एक समग्र आध्यात्मिक तीर्थ का स्वरूप ले चुका है। इसी कड़ी में आठ मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। हालांकि मूर्ति स्थापना 14 मंदिरों में की जानी है, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा केवल देव विग्रहों की ही की जाएगी।

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर अयोध्या में धर्म और संस्कृति का एक नया अध्याय रचा जाएगा। इस दिन राम जन्मभूमि परिसर में आठ देव विग्रहों की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, यानी इन मंदिरों को जीवंत किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान तीन जून से ही प्रारंभ हो जाएगा। मुख्य अनुष्ठान पांच जून को गंगा दशहरा पर्व पर होगा। परकोटा में भगवान शिव, सूर्य, हनुमान, गणेश, माता भगवती व माता अन्नपूर्णा के मंदिर बने हैं। इन सभी मंदिरों में देव विग्रहों की स्थापना विधिविधान पूर्वक होगी। इसके अलावा राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना की जाएगी।

साथ ही शेषावतार मंदिर में भी शेषावतार यानी लक्ष्मण की मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए जुलाई में खोला जाएगा, जबकि परकोटा के मंदिरों में श्रद्धालु प्राण प्रतिष्ठा के तुरंत बाद दर्शन कर सकेंगे। हालांकि मंदिरों को खोलने का अंतिम निर्णय राम मंदिर ट्रस्ट लेगा। वहीं सप्त मंडपम के मंदिरों में मूर्ति आसन पर विराजमान कर दी गई है, इनकी प्राण प्रतिष्ठा अभी नहीं होगी।

**14 जोड़े बनेंगे यजमान, तय हो रहा नाम**

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 14 जोड़े यजमान बनेंगे। इनके नाम तय किए जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश यजमान स्थानीय होंगे। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि यजमान सुबह आकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर शाम तक अपने घर वापस जा सकें।

## दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज होने के बाद हुई दुल्हन की विदाई

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

2.5 लाख रुपये दहेज न मिलने के चलते बिना दुल्हन को विदा कराए लौटी बरात के मामले में पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज करने के बाद नया मोड़ आ गया है। मुकदमा दर्ज कर इनायतनगर पुलिस ने दूल्हा पक्ष से संपर्क किया तो अलग ही कहानी सामने आई। फिलहाल संभ्रांत लोगों और पुलिस के हस्तक्षेप से दुल्हन की विदाई सोमवार को हो गई है।

रविवार को कल्यानपुर केवटानी गांव निवासी चांदनी ने इनायतनगर पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि रात भर शादी की रस्मों को पूरा करने के बाद सुबह 2.5 लाख रुपये दहेज की मांग न पूरी करने के चलते दूल्हा राहुल पांडेय और उनके परिजन बिना विदाई कराए वापस चले गए थे। इनायतनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर दूल्हे सहित सभी आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था।




**समाजवादी पार्टी ने शुरू की विधानसभा...**

समाजवादी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए तैयारियों का आगाज कर दिया है। इसी क्रम में पार्टी द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त... शेष पेज 07 पर...

# आज सीएम परखेंगे पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को शहर में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर आ रहे हैं। वह हेलीकॉप्टर से सीधा 11ः30 बजे सीएसए पहुंचेंगे। एक घंटा पांच मिनट शहर में रहेंगे। जनसभा स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पीएम मोदी की जनसभा के लिए सीएसए मैदान में पंडाल लगभग तैयार हो गया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व डीजीपी प्रशांत कुमार तैयारी परख चुके हैं। अब सीएम योगी 28 मई को आ रहे हैं। पीएम मोदी की जनसभा में 50 हजार लोगों को आना है। इसमें 27 हजार सरकारी योजनाओं के लाभार्थी शामिल हैं। पंडाल में 30 ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें 10-10 भाजपा कार्यकर्ता व्यवस्था संभालेंगे। इनके लिए सभी 10 ब्लाकों से जनसभा स्थल तक लोगों को लाने के लिए 800 बसें लगाई गई हैं। सीएसए के आसपास पार्किंग स्थल, पेयजल, यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। मुख्यमंत्री की बैठक में मंधना-अनवरगंज एलिवेटेड रेलवे ट्रैक व इसमें सीएसजेएमयू के सामने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी स्टेशन के साथ ही कुछ और योजनाओं का शिलान्यास या लोकार्पण शामिल किया जा सकता है।



### अधिकारियों, कर्मचारियों की होगी कोरोना जांच

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के समय व्यवस्था में लगाए गए कर्मचारियों व अधिकारियों की कोरोना जांच कराने की भी तैयारी है। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।

**कार्यक्रम**

- 11:30 बजे सुबह- चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय आगमन।
- 11:40 बजे- पीएम मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर निरीक्षण।
- 11:55 बजे- संयुक्त आयुक्त उद्योग कार्यालय सभागार एचबीटीयू में समीक्षा बैठक।
- 12:25 बजे- समीक्षा बैठक खत्म।
- 12:35 बजे- सीएसए मैदान हेलीपैड से लखनऊ के लिए प्रस्थान।

## बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चकेरी थानाक्षेत्र के हरजिंदर नगर फ्लाईओवर पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। यशोदा नगर के अशोक नगर निवासी शुभम शर्मा (18) मंगलवार सुबह श्याम नगर निवासी अपने दोस्त हिमांशु कुशवाहा के साथ बाइक से जाजमऊ की तरफ जा रहे थे। उनके साथ दूसरी बाइक पर दो और साथी नौबस्ता निवासी विशाल और हिमांशु गुप्ता थे। बताया गया कि विशाल और हिमांशु जाजमऊ के गंगापार निकल गए थे। शुभम और हिमांशु वापस घर की लौट रहे थे।

# अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष के उपलक्ष्य में, मंगलवार को अरौल स्थित ओम पार्टी लॉन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भानु प्रताप वर्मा रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में अहिल्याबाई होलकर के जीवन, उनके सुशासन, धार्मिक सहिष्णुता, सामाजिक सुधारों और उनके द्वारा किए गए अद्वितीय कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उन्होंने जिस दृढ़ता, करुणा और न्यायप्रियता के साथ शासन किया, वह आज के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के लिए एक आदर्श है। उनका जीवन प्रेरणा का अखंड स्रोत है। गोष्ठी में विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने धर्म, समाज और प्रशासन तीनों ही क्षेत्रों में असाधारण कार्य किए। हमें उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने और उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मंच पर कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे, जिनमें बिल्हौर ब्लाक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, कैलाश कटियार, पूर्व उपाध्यक्ष अधिवक्ता जेपी कटियार, विक्रम मिश्रा, सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी, शिवम कटियार, आनंद कटियार, मणिकांत मिश्रा, कमल कटियार, सत्येंद्र कटियार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र अग्निहोत्री उर्फ बबलू, बरंडा जिला पंचायत सदस्य महमूद अली, नंद लाल पाल, मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार ने मंच का संचालन किया, सौरभ शर्मा, शानू राठौर, सहित क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी, महिला संगठन की प्रतिनिधियाँ, युवा वर्ग, पंचायत प्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने अहिल्याबाई होलकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

# मकनपुर में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस ने बस में पीछे से मारी टक्कर 26 घायल










जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना अरौल अंतर्गत मकनपुर के समीप निकले आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर उस समय अफ़रा-तफ़री मच गई जब तेज़ रफ़्तार से पीछे से आ रही डबल डेकर बस आगे चल रही बस में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आगे चल रही बस का आधा हिस्से के परखच्चे उड़ गए सूचना पर पहुंचे अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने तुरंत एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को बिल्हौर सीएचसी भेजा जहां पर रुबी सिंह पत्नी दिग्विजय सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी गली नम्बर 3 रेलवे कालोनी नई दिल्ली पप्पी सिंह पत्नी ब्रजेश सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी गली नम्बर 3 रेलवे कालोनी नई दिल्ली अल्का सिंह पत्नी सूरज सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी गली नम्बर 3 रेलवे कालोनी नई दिल्ली अन्शी सिंह पुत्री विनोद सिंह उम्र 17 वर्ष निवासी गली नम्बर 3 रेलवे कालोनी नई दिल्ली सगुन पुत्री बृजेश सिंह उम्र 17 वर्ष निवासी गली नंबर 3 रेलवे कॉलोनी नई दिल्ली रुही पुत्री सूरज सिंह उम्र 6 वर्ष निवासी गली नम्बर 3 रेलवे कालोनी नई दिल्ली दिलीप सिंह पुत्र हरिशंकर उम्र 28 वर्ष निवासी गली नंबर 3 रेलवे कॉलोनी नई दिल्ली अजय यादव पुत्र जगनलाल उम्र 28 वर्ष निवासी मोतिया धाम नई दिल्ली राजेश पुत्र रामकुमार उम्र 28 वर्ष निवासी इटावा पैकुलिया बस्ती जीदा लाल पुत्र रामलोचन उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम सिद्धार्थ नगर दुर्गेश पुत्र ज्ञानचंद उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम रुदौली बस्ती रूही सिंह पुत्री नीरज सिंह उम्र 12 वर्ष निवासी ग्राम गुड़गांव हेमंता सिंह पत्नी नीरज सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी सेक्टर 22 गुड़गांव संत कुमार पुत्र पलटू उम्र 42 वर्ष निवासी कटाहा उदयराज गंज सिद्धार्थ नगर मनमोहन पुत्र रामनयन उम्र 33 वर्ष निवासी गौंडा अजय प्रताप सिंह पुत्र हरिशंकर उम्र 32 वर्ष निवासी गोंडा राम नवल पुत्र रामपाल उम्र 52 वर्ष निवासी निमौचा अयोध्या अनिल पुत्र रामझ उम्र 18 वर्ष सिद्धार्थ नगर इंद्रजीत पुत्र रामदेव उम्र 52 वर्ष निवासी सचनापुर सिद्धार्थ नगर मोहम्मद सैफ पुत्र कलामुद्दीन उम्र 24 वर्ष निवासी उतरौला गाजीनगर केशव पुत्र बनारसी प्रसाद उम्र 45 वर्ष पांच कली आनंद नगर महाराजगंज अनंत राम पुत्र गुसे उम्र 18 वर्ष निवासी माझा रामपुर किदवई नगर बाराबंकी शिवपूजन पुत्र वासुदेव उम्र 33 वर्ष कपिल वस्तु नेपाल बलवान चौहान पुत्र मुरही उम्र 41 वर्ष निवासी हडकौली सिद्धार्थ नगर वीरेंद्र कुमार पुत्र रामा जोर उम्र 42 वर्ष निवासी मदराना सिद्धार्थनगर एवं रघुनाथ पुत्र कन्हैयालाल उम्र 60 वर्ष निवासी जुगियापुर उदयपुर सिद्धार्थ नगर इनमें से गंभीर रूप से घायल 18 उपरोक्त लोगों को कानपुर रेफर कर दिया गया और सभी घायल लोगों के परिजनों को पुलिस के माध्यम से सूचना दे दी गई है। बिल्हौर एसीपी अमरनाथ यादव व बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज सहित भारी पुलिस बल ने भी मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंच कर हाल-चाल जाना दुर्घटनाग्रस्त बस को यूपिडा की मदद से सुरक्षित खड़ा करवाया।

## खेरेश्वर गंगा घाट पर गंगा स्नान के दौरान दो किशोर डूबे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



**गोताखोरों ने एक को बचाया, दूसरे की तलाश जारी**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर थाना अंतर्गत खेरेश्वर गंगा तट पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। गंगा स्नान के दौरान दो किशोर नदी में डूब गए। गोताखोरों ने एक किशोर को बचा लिया, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। घटना में शामिल दोनों किशोर कानपुर देहात के शिवली थाना क्षेत्र के चंपतपुर गांव के रहने वाले हैं। 13 वर्षीय रॉयल यादव दिल्ली में नौकरी करने वाले सतीश यादव का बेटा है।14 वर्षीय कुनाल यादव खेती करने वाले बबलू यादव का इकलौता बेटा है। दोनों किशोर अपने चाचा सूरज यादव के साथ खेरेश्वर महादेव के दर्शन और गंगा स्नान के लिए आए थे। स्नान के दौरान दोनों किशोर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। तीन गोताखोर - सत्यम, शिवम और आयुष तुरंत बचाव के लिए कूदे। उन्होंने कुनाल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लेकिन रॉयल तब तक नदी में डूब चुका था। शिवराजपुर थाना अध्यक्ष अमन सिंह ने बताया सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की निगरानी में गोताखोर डूबे हुए किशोर की तलाश कर रहे।

## पति की मौत के सदमे में महिला ने दी जान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



पति की मौत से दुखी किदवईनगर निवासी महिला ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। किदवईनगर थानाक्षेत्र के जूही सफेद कॉलोनी निवासी तृप्ति शुक्ला (39) कोटेक महिंद्रा के फाइनेंस विभाग में कार्यरत थीं। वर्ष 2012 में उनकी शादी आलोक दीक्षित से हुई थी। उनके कोई संतान नहीं है। आलोक की मार्च में बीमारी से मौत हो गई थी, तब से तृप्ति की अवसाद में रहने लगी थी। सोमवार दोपहर उसने पति की मौत के गम में जहरीला पदार्थ निगल लिया था। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां मंगलवार को मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि इससे पहले भी उसने नींद की गोली खाकर जान देने का प्रयास किया था। हालांकि तब इलाज के बाद उसकी जान बच गई थी।

## मरौंदा में बंदरों का आतंक, ग्रामीणों में दहशत का माहौल





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

परियर। विकास खण्ड सिकंदर पुर सरोसी के स्मार्ट मरौदा मझवारा में बंदरों का आतंक चरम पर है। आए दिन बंदर किसी न किसी को अपना शिकार बनाते हैं जिसकी वजह से ग्रामीण भयभीत है मरौदा में लगभग 1 सैकड़ा से अधिक बंदर है जिसके कारण लोग डरे सहमें हुए है। बंदरो ने कई बार लोगों पर अचानक हमला भी बोल दिया। मंगलवार सुबह अपने घर पर वीरेंद्र सिंह स्नान कर रहें थे तभी अचानक बंदरो ने बीरेंद्र सिंह पर हमला कर दिया। घर में लोगो ने तुरंत भगाया तब तक बंदर ने उनके पीठ पर पंजे के खरोच से गहरे निशान बना दिए।

पारिवारिक जनों ने सफीपुर सरकारी अस्पताल में उपचार कराया। इस संबंध में क्षेत्र का वन विभाग का कार्य देख रहे पवन द्विवेदी ने बताया कि लाल बंदर वन विभाग के कार्य क्षेत्र में नहीं आते।फिर भी उच्च अधिकारियों से बात कर पकड़वाने का प्रयास किया जाएगा।

# बर्ड फ्लू की तीन रिपोर्ट निगेटिव आने पर ही खुलेगा चिड़ियाघर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



चिड़ियाघर खुलने का दर्शकों को अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। जू निदेशक श्रद्धा यादव ने मंगलवार को एलेन फारेस्ट परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार, बर्ड फ्लू संक्रमण की तीन रिपोर्ट निगेटिव आना जरूरी है। इसके बाद ही दर्शकों के लिए खोला जाएगा। अभी दो सप्ताह पहले भेजे गए 35 सैंपल की रिपोर्ट ही बरेली और भोपाल से नहीं आई है। जांच रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। बताया कि गोरखपुर चिड़ियाघर से शेर पटौदी को 11 मई को इलाज के लिए भेजा गया था। उस समय उसके बर्ड फ्लू से संक्रमित होने की कोई जानकारी नहीं थी। अस्पताल परिसर में रखकर इलाज किया जा रहा था। 13 तारीख को उसका सैंपल जांच के लिए राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल भेजा गया। इधर, 15 तारीख को उसकी मौत हो गई। संक्रमण रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पूरा परिसर सैनिटाइज कराया गया। शेर के बाड़े में हीट दी गई। आसपास के बाड़ों में रखे गए अन्य वन्यजीवों को हटाया। शेर के इलाज में लगे कर्मियों को क्वारंटीन किया गया। इसके बाद से चिड़ियाघर दर्शकों के लिए बंद चल रहा है। सुरक्षा को लेकर चिड़ियाघर को छह जोन में बांट दिया था। हालांकि, बाहर से इलाज के लिए लाए गए एक मोर में भी बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि हुई थी। इसके अलावा एक भी जानवर में बर्ड फ्लू के लक्षण नहीं दिखे हैं। बताया कि दो दिन पहले शेरनी उमा ने कम भोजन किया था। शक के आधार पर आसपास बाड़े में रखे गए नंदिनी, शंकर, अजय शेर के भी सैंपल लेकर जांच के लिए बरेली लैब भेजे गए हैं। इस तरह अभी तक 24 नमूने भोपाल और 19 नमूने बरेली भेजे गए। इनकी रिपोर्ट न आने से असमंजस की स्थिति बनी है।

## 55 करोड़ बकाया लेने के लिए भटक रहे ठेकेदार, टरका रहे मेट्रो अधिकारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



मेट्रो के प्रोजेक्ट में अपना 55 करोड़ बकाया लेने के लिए ठेकेदार भटक रहे हैं। मेट्रो अधिकारी उन्हें आश्वासन देकर टरका रहे हैं। ठेकेदार गजेंद्र सिंह, अंबर, विनोद गुप्ता, आकाश, संजय त्रिपाठी आदि ने बताया कि तुर्किये की कंपनी गुलरमर्क व उसकी सहयोगी कंपनी सेम इंडिया को मेट्रो के चार स्टेशनों के निर्माण का ठेका मिला था। कंपनी ने शहर के 40 ठेकेदारों से काम कराया लेकिन 55 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया। आरोप है कि मार्च से गुलरमर्क सेम इंडिया ने ठेकेदारों का भुगतान रोक दिया था। मंगलवार को इन ठेकेदारों को यूपीएमआरसी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद मीणा ने मिलने बुलाया। इस पर करीब 15 ठेकेदार पहुंचे तो उन्हें फिर जल्द भुगतान किए जाने का आश्वासन देकर टरका दिया गया।

### तुर्किए की कंपनी पर लगे आरोप

कानपुर में मेट्रो का काम कर रही तुर्किए की एक कंपनी ठेकेदारों का 80 करोड़ रुपये लेकर भाग गई। कंपनी के स्थानीय ऑफिस में ताला लगा हुआ मिला है। मौके पर मौजूद गार्डों ने कहा कि कंपनी हमारी सैलरी दिए बिना ही चली गई। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

वहीं गुलेरमक सैम इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर ने विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को बताया कि उनकी कंपनी देश छोड़कर भागी नहीं है, बल्कि आठ शहरों में मेट्रो परियोजनाओं में काम कर रही है।

मुंबई और गुड़गांव ऑफिस भी संचालित हो रहे हैं।

कानपुर में पेटी ठेकेदारों का अंतिम भुगतान होना है, इसे जल्द करने का आश्वासन दिया।

# कोरोना ने किया दिल बीमार, शॉर्ट सर्किट से जा रही जान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




तीन-चार साल पहले मिला कोरोना का घाव अब हृदय को दांव दे रहा है। कोरोना का हृदय के कंडक्शन बंडल पर दुष्प्रभाव आया था। इसमें धीरे-धीरे खराबी बढ़ रही है। इससे हृदय का विद्युत प्रवाह बाधित हो रहा है और हार्ट फेल की स्थिति आ जाती है। कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट ने ऐसे एक हजार रोगियों की स्थिति का अध्ययन किया है। इन रोगियों के लक्षणों का विश्व भर में हुए शोध के नतीजों से मिलान किया गया। इससे स्पष्ट हुआ कि यह हृदय पर कोरोना के दुष्प्रभाव का असर है।

हृदय के कंडक्शन टिश्यू प्रभावित होने से रोगी की हृदय गति अनियंत्रित रहती है। गड़बड़ी अधिक होने से रोगी की अचानक मौत हो जाती है। कुछ रोगी अस्पताल तक पहुंच जाते हैं। कार्डियोलॉजी ने इमरजेंसी में आए रोगियों का अध्ययन किया। इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि कोरोना के हृदय पर दुष्प्रभाव पड़ने संबंधी हुए शोधों के नतीजे आ रहे हैं। इनमें कोरोना के दुष्प्रभाव के साक्ष्य मिल रहे हैं। इंस्टीट्यूट में आ रहे रोगियों की स्थिति का इन शोध के साक्ष्यों से मिलान किया जाता है।

डॉ. वर्मा ने बताया कि कंडक्शन बंडल हृदय का ट्रांसफार्मर कहलाता है। इससे हृदय में विद्युत प्रवाह संचालित होता है। कंडक्शन टिश्यू विद्युत करंट पैदा करते हैं। इन टिश्यू में स्पार्किंग भी होती रहती है। इस कारण विद्युत प्रवाह बाधित होता है और धड़कन अनियमित हो जाती है। विद्युत प्रवाह से संबंधित रोग को एरिथमिया कहते हैं।

डॉ. वर्मा ने कहा कि इस तरह के लक्षण लेकर रोगी बराबर आ रहे हैं। जो अस्पताल पहुंच जाते हैं, उनका जीवन बचा लिया जाता है। जिन मरीजों की अचानक हार्ट फेल होने से मौत हो जाती है, उनका कोई अध्ययन नहीं हो पाता।

जिन लोगों को कोरोना हुआ है, उन्हें एक बार हृदय की संपूर्ण जांच करा लेनी चाहिए।

# भाजपा नेताओं पर व्यक्तिगत टिप्पणियां करना सपा प्रमुख के राजनीतिक संस्कारों को दर्शाता

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख की ओर से भाजपा नेताओं पर व्यक्तिगत टिप्पणियां करना उनके राजनीतिक संस्कारों को दर्शाता है। वह मंगलवार को महानगर में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सपा के राजनीतिक डीएनए की बात करते हैं, तो हमारा आशय दंगा, अराजकता और लूट की संस्कृति से होता है। सपा प्रमुख की ओर से उप मुख्यमंत्री पर की गई टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यही सपा प्रमुख का असली डीएनए है। पीएम मोदी की 30 को प्रस्तावित रैली की तैयारियों का जायजा लेने आए भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार कानपुर आ मोदी के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। पीएम के इस दौरे से शहर के अलावा आसपास के क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। पीएम यहां पर करीब 22,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात जनता को देंगे। ऑपरेशन सिंदूर पर उन्होंने कहा कि सेना ने भारत का मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाया है। बताया कि तिरंगा यात्रा की तरह 21 से 31 मई के बीच लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष अभियान पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। बलिया और गोंडा में भाजपा नेताओं की कार्यशैली को लेकर उठे सवाल पर उन्होंने कहा कि बलिया की घटना पर संबंधित को पार्टी से निकाल दिया गया है। गोंडा जिलाध्यक्ष को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। पंचायत चुनाव के संबंध में कहा कि आचार संहिता लागू होते ही प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, शिवराम सिंह, उपेंद्र पासवान, महापौर प्रमिला पांडेय, महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, सुरेश अवस्थी, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# नेताओं के बिगड़े बोल के लिए राजनीतिक दल ही जिम्मेदार

**सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था। बिहार भाजपा के प्रमुख सम्राट चौधरी के बयान पर काफी विवाद देखने को मिला था। सम्राट चौधरी ने कहा था कि टिकट बेचने में लालू यादव ने अपनी बेटी को भी नहीं छोड़ा। बेटी की किडनी ली और उसके बाद लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया। सम्राट चौधरी ने कहा था कि आगामी चुनाव में मैदान में उतरने से पहले लालू ने अपनी बेटी की किडनी ले ली।**

*देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता के लिए सीमा पार से मिलने वाली चुनौती का भारत ने न सिर्फ वर्तमान में बल्कि पूर्व में बखूबी जवाब दिया है। भारत बाहर से मिलने वाली हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह दृढ़ता विश्व में साबित कर दी है। देश के सामने असली दिक्कत अंदरुनी है। अंदरुनी चुनौतियां से निपटना आसान नहीं हैं, वह भी यदि ऐसी हरकतें नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाए। जिन पर हर सूरत में देश की आन-बान-शान को ऊंचा रखने की जिम्मेदारी हो, यदि वो ही निम्नस्तरीय कृत्य पर उतर आएं तो सवाल खड़े होना लाजिमी है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है। ऐसा नहीं है कि मंत्री विजय शाह ऐसा कृत्य करने वाले अकेले नेता हैं, जिनकी वजह से देश का नीचा देखना पड़ा है। ऐसा करने वाले नेता की लंबी फेहरिस्त है, जिनके बिगड़े बोल से देश और समाज का सौहार्द्र प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर प्रभावित हुआ है। मध्यप्रदेश के इस मंत्री को बेशक सजा मिल जाए, इसके बाद भी बड़ा सवाल यही है कि आखिर वह कौनसी वजह है कि नेताओं की जुबान काबू में नहीं रहती। सवाल यह भी है कि वैमनस्य का जहर घोलने वाले ऐसे नेताओं के मामले में कानूनी कार्रवाई का इंतजार क्यों किया जाता है। राजनीतिक दल आगे बढ़ कर कार्रवाई की नजीर पेश क्यों नहीं करते। यदि राजनीतिक दलों ने नेताओं के लिए कोई लक्ष्मण रेखा खींची होती और उसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई निर्धारित कर रखी होती तो ऐसी नौबत नहीं आती। दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों की शह ही ऐसे नेताओं के बिगड़े बोलों के लिए जिम्मेदार है। इनकी अनदेखी करने से नेताओं में प्रलाप करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विगत चुनावों में यदि नेताओं पर दलों ने लगाम कसी होती तो ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होती। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान कई बार भाषायी मर्यादा टूटती दिख रही, किन्तु किसी भी पार्टी ने इस पर चिंता नहीं जताई और नेताओं को म्यान में रहने की हिदायतें नहीं दी। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से कार्रवाई भी की गयी, किन्तु कांग्रेस ने सुरजेवाला के खिलाफ महिलाओं की मर्यादा को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की। इसके जवाब में कंगना ने कहा कि हर महिला गरिमा की हकदार है। हालांकि, विवाद बढने पर सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से पोस्ट डिलीट कर दी। चुनाव आयोग की तरफ से उन्हें नोटिस दिया गया था। कंगना रनौत भी नाम लेकर निजी टिप्पणी करने में पीछे नहीं रहीं। कंगना ने राहुल गांधी और मंडी सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह को क्रमशः बड़ा पप्पू और छोटा पप्पू कहा। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित गांधी-नेहरू परिवार को निशाना बनाया और कांग्रेस को एक बीमारी और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई दीमक करार दिया, जो उनके मुताबिक 2014 तक देश को खा रही थी। हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा ने रनौत को परी करार देते हुए कहा है कि लोग केवल उन्हें देखने आते हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**जहां जिहादी हिंसा के दौरान आपनी पुलिस निष्क्रिय और अनुपस्थित थी। इस रिपोर्ट में अंधाधुंध आगजनी, लूटपाट, दुकानों और बाजार को नष्ट करने की बात भी उजागर हुई है। माननीय उच्च न्यायालय तो अपना निर्णय देगा ही, कुछ थोड़ी बहुत शर्म बची हो तो अब तो कम से कम इस घटना पर ही सही ममता जी को माफी मांग कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना की दिशा में आगे आ जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल को लेकर वास्तव में आज यह भी प्रश्न उठता है कि चाहे सीएए हो, एनआरसी हो, हनुमान जयन्ती हो, दुर्गापूर्जा हो, रामनवमी हो, या अब वक्फ संशोधन-हर बार एक विशेष समुदाय (मुस्लिम) हिंसक होकर हिन्दुओं को ही टार्गेट क्यों करता है यह कौन सी जिहादी मासिकता है।**

# मुर्शिदाबाद हिंसा पर फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट से साफ, हिन्दू निशाने पर



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**सीधे देखने और समझने पर हकीकत यहां की जो समझ आती है, वह यही है कि इस राज्य में रहनेवाली बहुसंख्यक हिन्दू जनता की संस्कृति और मूल समाज को ही नष्ट कर देने के लिए लगातार श्रृंखलाबद्ध हिंसा को एक विशेष वर्ग समय-समय पर अंजाम दे रहा है। जोकि भारत जैसे सर्व धर्म सद्भाव और उसी अनुरूप बने संविधान के विरोध में भारत राष्ट्र के विरुद्ध घोषित युद्ध है। जिसे आज राज्य की ममता बनर्जी हवा देती नजर आती हैं।**

बांग्लादेश से सटे मुर्शिदाबाद और वहां पर बांग्लादेशियों की प्रचुर जनसंख्या के बीच बार-बार हिन्दुओं को निशाना बनाने का पैटर्न ठीक वैसा ही है जैसा कि बांग्लादेश में गैर मुसलमानों (हिन्दुओं) के साथ किया जाता है। फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट आते ही यह साफ हो गया है कि वक्फ संशोधन अधिनियम की आड़ में मुर्शिदाबाद हिंसा सुनियोजित थी और पशचिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का प्रशासन हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए जरा भी गंभीर नहीं है। इस टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा और पीड़ितों से बात करने के बाद पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जबकि 17 अप्रैल को, उच्च न्यायालय ने मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा से विस्थापित हुए लोगों की पहचान और पुनर्वास के लिए उक्त समिति के गठन का आदेश दिया था। इस रिपोर्ट ने ममता बनर्जी के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुर्शिदाबाद हिंसा के लिए बाहरी तत्व जिम्मेदार हैं। सच्चाई निकलकर सामने आई है कि इस दंगे को हिंदुओं की संख्या में कमी लाने के लिए अंजाम दिया गया था, ताकि बड़ी संख्या में यहां से शेष बचे हिन्दुओं का पलायन हो सके। इसके साथ ही कलकत्ता उच्च न्यायालय की तरफ से गठित फैक्ट फाइंडिंग टीम जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक सदस्य और न्यायिक सेवाओं के अधिकारी शामिल रहे, अपनी रिपोर्ट में यह भी बताते हैं कि जब हिंदुओं और उनके घरों को उपद्रवी (इस्लामिक हिंसक) निशाना बना रहे थे, तब ममता बनर्जी की पुलिस मूकदर्शक बनकर यह सब दृश्य देख रही थी। यदि पुलिस ने तत्काल ही सख्त कदम उठाए होते तो मुर्शिदाबाद में घटा, वह नहीं हो पाता। हिन्दू समाज को बड़ी संख्या में वहां से पलायन के लिए मजबूर भी नहीं होना पड़ता। वस्तुतः इस रिपोर्ट में स्थानीय नेताओं और पुलिस की भूमिका पर आज गंभीर सवाल उठाए हैं। कहा गया है कि उपद्रवियों ने अपने चेहरे ढंक कर रखे थे, ताकि कोई उन्हें पहचान नहीं पाए। यहां स्थीति यह रही है कि बेटबोना गांव में उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए 113 घरों को आग लगा दी थी, जिसमें कि उनका सब कुछ जल गया। निकृष्टता की हद यह है कि पानी की आपूर्ति रोक दी गई ताकि वे आग न बुझा सकें। ये हिंसक उपद्रवी यही नहीं रुके, इन्होंने योजना से मंदिरों को भी निशाना बनाया । इसमें बताया गया है कि प्रशासन की तरफ से हिंसाग्रस्त इलाकों में किसी भी व्यक्ति की मदद नहीं की गई और न ही इस हिंसा में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। जिस तरह से हिंसा हुई , उससे यह साफ है कि यह सुनियोजित थी और जिसे पूरे व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया। यहां जिस पर आरोप लगा है वह नगर पालिका का पूर्व अध्यक्ष, पार्षद मेहबूब आलम है जिसने कि 11 अप्रैल 2025 को धुलियान में हिंसा करवाई।



**रिपोर्ट में साफ तौर पर बताया गया है कि बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों तक को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढकने के लिए कपड़े तक नहीं छोड़े। रिपोर्ट यह भी बताती है कि जिस पिता-पुत्र की सामूहिक इस्लामिक हिंसक भीड़ हत्या करती है।**

हिंसा में टीएमसी नेता और विधायक का भी नाम आया है। दूसरी ओर तत्कालीन घटनाक्रम में ममता सरकार की चुप्पी वास्तव में यह बताती है कि उन्हें अपने राज्य के 65 प्रतिशत हिन्दू समाज की कोई चिंता नहीं। वोट बैंक की चिंता सबसे ज्यादा है। यहां 30 प्रतिशत मुसलमान हैं। जो कि आज देश की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्यावाला समाज है। क्योंकि यहां जिस तरह से पिता-पुत्र हरगोबिंदो दास (72) और चंदन दास (40) की हत्या की गई थी, उसके बाद तो किसी भी संवेदनशील सरकार को हरकत में आना चाहिए था, पर पश्चिम बंगाल में जो दिखा वह एक सरकार की ओर से भयानक चुप्पी थी। इस रिपोर्ट में साफ तौर पर बताया गया है कि बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों तक को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढकने के लिए कपड़े तक नहीं छोड़े। रिपोर्ट यह भी बताती है कि जिस पिता-पुत्र की सामूहिक इस्लामिक हिंसक भीड़ हत्या करती है, उससे पहले वह घर का मुख्य दरवाजा तोड़ती है और इन दोनों को बाहर निकालकर इन पर कुल्हाड़ी से वार किए जाते हैं, एक आदमी वहां तब तक डटा रहा जब तक कि दोनों मर नहीं गए। वास्तव में यह हिंसा की पराकाष्ठा है। यह हिन्दू मॉब लिंचिंग है। ममता अपने शासन को हिंसा के विरोध में सख्त कदम उठाने के स्थान पर उल्टा यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर हिंसा की साजिश रचने का आरोप लगाने की हद तक जाती दिखीं। जिससे साफ दिखाई देता है कि राष्ट्रीय एकता के साथ खिलवाड़ जैसे इस सरकार को रोज का काम बन गया है। आप देख सकते हैं संदेशखाली, मेडिकल कॉलेज मामला, बशीरहाट और दर्जनों अन्य हॉट स्पॉट यहां की अराजकता की कहानी कह रहे हैं। मुर्शिदाबाद, मालदा, हुगली और नॉर्थ 24 परगना जैसे जिलों में हिंदू समुदाय के घरों पर हमले, आगजनी, लूटपाट और हत्या की घटनाएं यहां इस दौरान होती हैं। कुल मिलाकर सांप्रदायिकता और तुष्टिकरण की पराकाष्ठा तक आज ममता सरकार पहुंचती हुई इस राज्य में दिखाई दे रही है। इस सब के बीच विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने जो कहा, वह सभी के लिए विचारणीय है, वे आज कह रहे हैं कि ममता दीदी की पांच सदस्य टीम बंगाल से जम्मू कश्मीर तो जाएगी लेकिन, मुर्शिदाबाद की याद नहीं आएगी। दीदी को मुर्शिदाबाद छोड़ जम्मू-कश्मीर में तबाह हुए आतंकी ठिकानों की चिंता है!! अच्छा होता इस टीम को आप पहले मुर्शिदाबाद भेजती जहां आपके टीएमसी के नेता के इशारे पर हिंदुओं का नरसंहार और पलायन हुआ। वे ममता पर तंज भी करते हैं कि माननीय उच्च न्यायालय की जांच समिति की वह वीभत्स रिपोर्ट को एक बार पढ़ लेती तो अच्छा होता। जहां जिहादी हिंसा के दौरान आपनी पुलिस निष्क्रिय और अनुपस्थित थी। इस रिपोर्ट में अंधाधुंध आगजनी, लूटपाट, दुकानों और बाजार को नष्ट करने की बात भी उजागर हुई है। माननीय उच्च न्यायालय तो अपना निर्णय देगा ही, कुछ थोड़ी बहुत शर्म बची हो तो अब तो कम से कम इस घटना पर ही सही ममता जी को माफी मांग कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना की दिशा में आगे आ जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल को लेकर वास्तव में आज यह भी प्रश्न उठता है कि चाहे सीएए हो, एनआरसी हो, हनुमान जयन्ती हो, दुर्गापूर्जा हो, रामनवमी हो, या अब वक्फ संशोधन-हर बार एक विशेष समुदाय (मुस्लिम) हिंसक होकर हिन्दुओं को ही टार्गेट क्यों करता है यह कौन सी जिहादी मासिकता है, जो इस तरह का कृत्य उनसे करवाती है कहना होगा कि यह सिर्फ राजनीति के लिए नहीं हो रहा, जैसा कि कई मीडिया संस्थानों, तमाम एनजीओ एवं राजनीतिक संगठनों के द्वारा बताए जाने का प्रयास होता है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 25:54 तक |
| नक्षत्रः | मृगशिर्षा 24:28 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | धृति, 19:08 |
| सूर्योदयः | 05:26 |
| सूर्यास्तः | 19:10 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 12:18-14:01 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | नहीं है |

## जन एक्सप्रेस

### पद की है तलाश !

*अवसर रहे निहार ।*
*पद की है तलाश ।।*
*ना रहना है आम ।*
*बन ही जाना खास ।।*
*गुणा भाग में माहिर ।*
*जा रहा सदेश ।।*
*पर पहले टटोलना ।*
*बढ़े ना कलेश ।।*
*दिख जाए पर जल्द ।*
*नया कुछ अवतार ।।*
*मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी ।*
*बहती रहे बयार ।।*
*फैसला तो मान्य है ।*
*पर कसक है बाकी ।।*
*ना आई पर काम ।*
*कोई भी चालाकी ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पेशाब करने के लिए रात में बार-बार जागना नोक्टुरिया बीमारी का है संकेत

**रात** में पर्याप्त नींद लेना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी होता है। लेकिन, अक्सर स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के कारण हमारी नींद पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में नोक्टुरिया एक आम, लेकिन अक्सर अनदेखी करने वाली समस्या है। इस परेशानी के कारण रात में आपको बार-बार पेशाब आने की समस्या होती है, जिससे आपकी नींद भी प्रभावित होती है और इसका असर आपके संपूर्ण स्वास्थ्य पर पड़ता है। कभी-कभी रात में पेशाब आना आम बात है, लेकिन अगर आपको लगातार कई दिनों तक रात में पेशाब आने की समस्या बनी रहती है, तो ये गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है।

**सोने से पहले तरल पदार्थों का सेवन:** सोने से पहले तरल पदार्थों का सेवन, जैसे कैफीनयुक्त या शराब का सेवन ज्यादा करना, नोक्टुरिया का कारण बन सकता है, जिससे आपको रात में बार-बार यूरिन की समस्या हो सकती है।

**ओवरएक्टिव ब्लैडर:** ओवरएक्टिव ब्लैडर की समस्या के कारण अचानक पेशाब करने की इच्छा बढ़ जाती है, जिससे अक्सर नींद में खलल आने लगता है। यह समस्या पुरुष और महिला दोनों में आम होती है।



**डायबिटीज:** डायबिटीज के कारण शरीर में हाई ब्लड शुगर लेवल बढ़ने से पॉलीयूरिया की परेशानी हो सकती है, जो पीड़ित में रात के दौरान बार-बार यूरिन आने की समस्या का कारण बन सकता है।

**यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन:** यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन यानी यूरिन के रास्ते में इंफेक्शन के कारण भी आपको रात में बार-बार यूरिन आने की समस्या बढ़ सकती है।

**पुरुषों में बढ़े हुए प्रोस्टेट:** पुरुषों में बढ़े हुए प्रोस्टेट हाइपरप्लासिया पेशान के फ्लो को बाधित कर सकता है, जिससे आपका ब्लैडर पूरी तरह खाली नहीं हो पाता और रात में बार-बार पेशाब आने की समस्या बढ़ जाती है।

**गर्भावस्था:** प्रेग्नेंसी के दौरान भी महिलाओं के शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलावों के कारण और ब्लैडर पर दबाव बढ़ने के कारण नोक्टुरिया की समस्या हो सकती है।

**दिल या किडनी से जुड़ी समस्या:** दिल से जुड़ी समस्याएं या क्रोनिक किडनी डिजीज जैसी स्थितियों के कारण दिन के दौरान फ्लूइड रिटेंशन हो सकता है, जो रात में बाहर निकल सकता है, जिससे आपको बार-बार पेशाब आ सकती है।

### नोक्टुरिया के लक्षण

- नोक्टुरिया का सबसे आम लक्षण रात में कई बार पेशाब करने के लिए जागना है। लेकिन, इसके अलावा आपको शरीर में इससे जुड़े अन्य कई लक्षण भी नजर आ सकते हैं जैसे-
- रात में पेशाब बहुत ज्यादा आना
- पेशाब करने के बाद फिर से नींद आने में समस्या होना
- नींद की गड़बड़ी के कारण थकान और कमजोरी महसूस होना
- पेशाब रोक पाने में मुश्किल होना
- पेशाब के दौरान कभी-कभी दर्द या बेचैनी होना

## एक्सप्रेस विशेष

# घातक है 'जहरीली' हरियाली, कॉनोकार्पस के खतरे हजार



हरीश शिवनानी

**भारत के सबसे ऊंचे स्थल पर बने जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग की तलहटी को हरा-भरा बनाने में बरसों से जुटे पर्यावरणविद् प्रसन्नपुरी गोस्वामी ने पहले लगाए कॉनोकार्पस के पौधे उखाड़कर अब देशी पौधे लगाए हैं। पशु-पक्षी विशेषज्ञ शरद पुरोहित भी इस बारे में जागरुकता फैलाने में जुटे हैं।**

**कई शहरों में इसे अब काटा जा रहा है। वर्ष 2023 में वडोदरा में 35,000 कोनोकार्पस पेड़ लगाए गए थे। अब उनको उन सभी को काटा जा रहा है। आंध्र प्रदेश में शहरी निकायों द्वारा गैर-वनीय उद्देश्यों और भूनिर्माण के लिए इसका उपयोग किया जा रहा था लेकिन इसके दुष्परिणाम सामने आते ही काकीनाडा स्मार्ट सिटी में लगाए गए 4,602 कोनोकार्पस पेड़ों को काटने का निर्णय किया गया।**

**मानसून** ने देश मे दस्तक दे दी है और पूरे भारत में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के नाम पर पौधरोपण का दौर भी शुरू हो गया है। हर वर्ष की तरह इसमें सैकड़ों करोड़ रुपये भी खर्च होंगे। देश में महत्वपूर्ण समस्या यह है कि पहले लापरवाही से पर्यावरण का अंधाधुंध दोहन करने और बाद में अति उत्साह में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर पर ऐसी योजनाएं बना दी जाती हैं जो कुछ समय बाद घातक साबित होने लगती हैं। देश में वानिकी के नाम पर ऐसे विदेशी पेड़-पौधे रोपे दिए गए हैं जो भारत की जलवायु और यहां के पर्यावरण के बिलकुल अनुकूल नहीं हैं। भारत मे अब विदेशी पेड़-पौधे घातक साबित होने लगे हैं। पिछले कुछ बरसों में अनेक राज्यों में अनियोजित तरीके से कॉनोकार्पस के हजारों पेड़-पौधे लगा दिए गए हैं, जो हर तरह से जल, जमीन, जीव-जंतुओं के अलावा मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर हो गए हैं। राजधानी दिल्ली के अलावा अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट, राजकोट में राम वन और में वडोदरा में मिशन मिलियन ट्रीज के तहत पौधरोपण अभियान में 24,000 कोनोकार्पस पेड़ लगाए गए। भोपाल की खूबसूरत श्यामला हिल्स पर बने स्मार्ट सिटी पार्क के अलावा राजस्थान के डूंगरपुर और राजसमंद, जोधपुर, तमिलनाडु के चैनेई, कोयंबटूर, आंध्र प्रदेश के काकीनाडा सहित अनेक शहरों में करोड़ों रुपये खर्च करके दक्षिण अफ्रीका की इस प्रजाति के पेड़ लगाए गए। कोनोकार्पस एक मैंग्रोव झाड़ी है जो उपोष्णकटिबंधीय और ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में तटरेखाओं और नदी तलहटी में पाई जाती है। कोनोकार्पस के पेड़ गहरे हरे रंग की चमकदार पत्तियों वाली एक सदाबहार वनस्पति प्रजाति है। दरअसल कुछ वर्षों से इस पौधे को सरकारों के साथ-साथ निजी कंपनियां भी पसंद कर रही हैं, क्योंकि यह तेजी से बढ़ता है। उच्च तापमान को सहन कर सकता है। यह एक ऐसा पौधा है जो भारत की शुष्क और तेज गर्मी को भी आसानी से झेल सकता है। इसे बढ़ने के लिए ताजे पानी की भी आवश्यकता नहीं होती है और यह फूल भी देता है। इसकी चमकदार हरे रंग की पत्तियां इसकी खूबसूरती है। इससे अच्छी छांव भी मिलती है। कोनोकार्पस को चुने जाने का एक अन्य कारण यह भी रहा कि यह वृक्ष नालियों और सीवरेज के पानी का उपयोग करके विकसित हो सकता है। इसकी देखभाल करना और छांटना आसान है। यह कुछ ही महीनों में 20 मीटर की ऊंचाई तक बढ़ जाता है और कई तनों के माध्यम से फैल जाता है। रखरखाव भी आसान है तो इसकी लागत भी काफी कम है, जिससे यह बागवानी करने वालों और शहरी डिजाइनरों का पसंदीदा बन गया है। बावजूद इतनी विशेषताओं के, भारत के अनेक राज्यों में इस पर प्रतिबंध लगाने का तैयारी की जा रही है। हजारों कोनोकार्पस पेड़ लगाने के बाद गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में अब उन्हें काटा जा रहा है, क्योंकि ये पेड़ पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर हानिकारक साबित हुए हैं। दरअसल इससे लाभ की बजाए नुकसान बहुत अधिक है। यह पानी की बहुत अधिक खपत करने वाली आक्रामक प्रजाति है। यह पौधा बहुत अधिक पानी सोखता है और भू-जल स्तर को प्रभावित कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप भू-जल भंडार की कमी हो जाती है। इसकी जड़ें मिट्टी के नीचे गहराई तक जाती हैं जिससे जल निकासी नेटवर्क और मीठे पानी की प्रणालियों को नुकसान पहुंचता है। इसकी जड़ें जल निकासी पाइपों को भी अवरुद्ध कर देती हैं। यह पौधा सर्दियों में खूब फलता है और वर्ष में दो बार परागण करता है। इसके परागकण मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इससे आसपास रहने वाली जनसंख्या में खांसी, जुकाम, अस्थमा, एलर्जी और सांस संबंधी संबंधी बीमारियां बढ़ने लगती हैं। इस पौधे पर किसी तरह का कोई फल नहीं लगता। सबसे बड़ी बात है कि ये चौबीसों घंटे कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ते हैं जो मानव सहित जीव-जंतुओं और पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक है। पर्यावरणविदों की राय में यह पौधा सौंदर्यकरण के अलावा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए किसी भी तरह से उपयोगी नहीं है। इसमें कोई पक्षी घोंसला नहीं बनाता। पशु भी इसकी पत्तियां नहीं खा पाते। यह किसी भी तरह से जैव विविधता को समृद्ध करने में योगदान नहीं देता है। इस लिहाज से यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इसलिए इसके विरोध में स्वर मुखर होने लगे हैं। इसी वजह से कोनोकार्पस को प्रकृति के लिए श्राप माना जाता है। तेजी से बढ़ते ये पेड़ सीसीटीवी, बिलबोर्ड, साइनेज, होर्डिंग्स, स्ट्रीट लाइट और बिजली के तारों को बाधित कर रहे थे। इस वजह से उन्हें बार-बार काटने की जरूरत पड़ती है, इस कारण इस पर बहुत अधिक लागत आती है।

# समाजवादी पार्टी ने शुरू की विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी

- बूथ और सेक्टर समितियों को परखने पहुंचे संगठन प्रभारी, कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




समाजवादी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए तैयारियों का आगाज कर दिया है। इसी क्रम में पार्टी द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जो बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। बीसलपुर विधानसभा के लिए दिनेश सिंह को प्रभारी बनाया गया है। पार्टी के जिला कार्यालय पीलीभीत में मंगलवार को बीसलपुर, पीलीभीत सदर, पूरनपुर और बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्रों के बूथ व सेक्टर प्रभारियों तथा संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीसलपुर विधानसभा प्रभारी व प्रदेश सचिव दिनेश सिंह ने कहा कि भाजपा नेता क्षेत्र के नागरिकों को अपमानित कर रहे हैं और सरकारी धन में कमीशनखोरी के माध्यम से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रशासन की मदद से क्षेत्र में तानाशाही का माहौल बना हुआ है। लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संघर्ष कर इस तानाशाही को आगामी चुनाव में खत्म करेंगे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश का पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज एकजुट होकर भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने का संकल्प ले चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर टीम भावना से कार्य करने का आह्वान किया। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ÷राजू÷ ने कहा कि समाजवादी पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है और उत्पीड़न करने वाले अराजकतत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर और पवन सिंह यादव ने भी भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कार्यकर्ताओं से संगठित होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर इस बैठक में जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप, हाजी अकबर अहमद अंसारी, अशोक कुमार सिंह, बी.डी. प्रजापति, 127 विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आदर्श पांडे, 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव, महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार, प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक, विशेष आमंत्रित सदस्य हरिपाल सिंह लोधी, युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, धनपति वर्मा, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष केदारनाथ गौतम, नूर अहमद अंसारी, कृपाल वर्मा, शेखर यादव, सचिन कुमार, जोवनप्रीत सिंह, आशा वर्मा, मीना दीक्षित, मीता सिंह, गायत्री गंगवार, रूपलाल गंगवार, सालिकराम गंगवार, ओमपाल, आरिफ सिद्दीकी, मुकेश पाठक, मीनाक्षी गंगवार, भूदेव गंगवार, अवनीश यादव, हारून खान, गंगाप्रसाद, रामपाल पटेल, रियाज़ खां, दिनेश कुमार वर्मा सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाप्रबन्धक गन्ना पी.के.ढाका ने गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी

**जन एक्सप्रेस। खंभारखेड़ा खीरी।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम के तहत बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड खंभारखेड़ा के महाप्रबंधक गन्ना पी.के.ढाका व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किसानों को चीनी मिल क्षेत्र में एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमण हेतु रवाना किया। भ्रमण के दौरान चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम कोठिया, चमेली, चकई व राजापुर में एक्सपोज़र भ्रमण के तहत एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में प्रगतिशील 35 किसानों ने भ्रमण किया। इस दौरान आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाप्रबन्धक गन्ना पी.के.ढाका ने गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी।खंभारखेड़ा मिल क्षेत्र के किसानों ने पेड़ी गन्ना प्लॉटों का अवलोकन किया। गन्ने की बेहतरीन बढ़वार देखकर किसान काफी प्रभावित हुए। प्रगतिशील किसान नेतराम एवं हर्षित के प्लॉट पर पेड़ी प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। मिल अधिकारियों ने मृदा प्रबंधन, उर्वरक संतुलन, सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण, आरएमडी का प्रयोग और पेड़ी गन्ने की सफल प्रबंधन पर किसानों को व्यवहारिक जानकारी दी।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मेधावी छात्रों को मिली 'फ्रीडम फाइटर एम.जी. गोस्वामी छात्रवृत्ति'




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

मंगलवार को गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मंगलवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय एम.जी. गोस्वामी के नाम पर दी जाने वाली छात्रवृत्ति एवं हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन छात्रों की मेहनत को सराहने और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी निरंतर प्रगति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

### सुपर-10 को मिली पूरे साल की ट्यूशन फीस में छूट

कार्यक्रम के तहत फ्रीडम फाइटर लेट एम.जी. गोस्वामी छात्रवृत्ति उन 10 मेधावी छात्रों को प्रदान की गई, जिन्होंने छात्रवृत्ति परीक्षा और शैक्षणिक प्रदर्शन में श्रेष्ठता दिखाई। इन विद्यार्थियों को आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए पूरी ट्यूशन फीस माफ की गई। छात्रवृत्ति चयन में बच्चों की पढ़ाई के प्रति रुचि, योग्यता और आवश्यकता को प्रमुखता दी गई।छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में वैशाली शर्मा, आर्यन जायसवाल, दिया राजपूत, सृष्टि चौधरी, अमर, मोहम्मद फुज़ैल, सोनाक्षी, जेनिफर, नवनीत और सफिया शामिल हैं। इस अवसर पर छात्रों एवं अभिभावकों के चेहरों पर गर्व और प्रसन्नता साफ झलक रही थी।

### हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को भी किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दूसरे चरण में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में 80न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दी गई। मंडल स्तर पर छठा और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वैशाली शर्मा को 11,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। आर्यन जायसवाल, दिया राजपूत, अरीबा, सिद्धि सिंह देशवार और सूर्यांश गंगवार को 2,100 रुपये, जबकि जीत शर्मा, हमदान नूर, अमन राजपूत, अनुग्रह शर्मा और प्रज्ञा को 1,100 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।

### प्रबंधन ने दी शुभकामनाएं, जताया भरोसा

कार्यक्रम में स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. सोनिया गोस्वामी, प्रबंधक निशांत गोस्वामी एवं प्रधानाचार्या जया घोष उपस्थित रहीं। प्रबंधन ने छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य में विश्वास और सहयोग का प्रतीक है। सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध क्र-467 गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्कूल लगातार छात्रों को सकारात्मक और प्रेरक वातावरण देने के लिए प्रयासरत है।

# बरखेड़ा में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में उमड़ी भारी भीड़

- विधायक स्वामी प्रवक्तानंद के नेतृत्व ने किया सभी को चकित, समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण पर हुई चर्चा
- अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जनपद के 128 विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा में सोमवार को ÷पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत आयोजित 'पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन' में जनसैलाब उमड़ पड़ा। सम्मेलन में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की अगुवाई में इतनी भारी भीड़ उमड़ी कि आयोजकों से लेकर आम जनता तक हर कोई हक्का-बक्का रह गया। यह आयोजन न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि सामाजिक चेतना के लिहाज से भी प्रेरणास्पद रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बरेली के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा एवं विधायक स्वामी प्रवक्तानंद द्वारा महारानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं प्रणाम कर विधिवत रूप से किया गया। इस दौरान मंच पर जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन में महारानी अहिल्याबाई होलकर के संघर्षमय जीवन, उनके समाज सुधार से जुड़े कार्यों, नारी सशक्तिकरण हेतु किए गए प्रयासों तथा उनके जीवन आदर्शों पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए वर्तमान समाज में जनभागीदारी की महत्ता को रेखांकित किया और कहा कि समाज के उत्थान में सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता जरूरी है। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन दर्शन को आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य से जोड़ा। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने जिस प्रकार तत्कालीन समाज में महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए कार्य किया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने ग्रामीण विकास, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीऔर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश गांव, गरीब और महिलाओं के कल्याण हेतु नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। कार्यक्रम में बरखेड़ा मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल कश्यप, मरौरी मंडल अध्यक्ष महेश लोधी, गजरौला मंडल अध्यक्ष कपिल सिंह, विधानसभा संयोजक सत्यपाल वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन न केवल त्रिशताब्दी स्मृति अभियान को जनचेतना से जोड़ने का सशक्त प्रयास रहा, बल्कि यह भी स्पष्ट कर गया कि क्षेत्रीय नेतृत्व जनसमर्थन की दृष्टि से मजबूत स्थिति में है। अंत में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों पर चलने और समाज सुधार में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# बाघ पालने को ग्रामीणों की जिंदगी दांव पर लगा रही सरकार : देवाशीष

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



भाकपा माले पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाघ हमले में जान गंवाने वाली महिला के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान कहा गया कि जंगल का क्षेत्रफल कम होने के बाद भी बाघों संरक्षण किया जा रहा है। किसानों की जमीन छीनने की कोशिश की जा रही है। मृतका के परिवार को बीस लाख रुपए मुआवजा दिलाने की मांग रखी गई।बीते रविवार को गांव खिरकिया बरगदिया में गन्ने की फसल की गुड़ाई करते समय महिला लौंग देवी पत्नी रामायण पर बाघ ने हमला कर दिया था। इससे महिला की मौत हो गई थी। मंगलवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माले के जिला सचिव कॉमरेड देवाशीष राय के नेतृत्व में गौरीशंकर, माधो, बलवंत कुमार आदि महिला मृतका लौंग श्री के घर पहुंचे। उन्होंने बाघ कि शिकार हुई महिला के परिजनों से वार्ता की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि हमले के बाद वन विभाग को सूचना दी गई थी। इसके बावजूद डेढ़ घंटे बाद रेंजर स्टाफ के साथ पहुंचे। इस दौरान जिला सचिव देवाशीष राय ने लोगों से बात करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बाघ पालो आदमी मारो नीति अपना रही है। लोगों की जिंदगी की सुरक्षा के लिए सरकार के पास कोई व्यवस्था नहीं है। अपने अधिकार की रक्षा के लिए हम लड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पीलीभीत जंगल में टाइगर रिजर्व के लिए पर्याप्त क्षेत्रफल न होने के बाद भी इसे अमली जामा पहनाया जा रहा है। इसे पूरा करने के लिए किसानों की जमीन छीनने की कोशिश किया जा रही है। भाकपा माले शुरू से ही टाइगर रिजर्व के खिलाफ रही है। टाइगर रिजर्व के बनने के बाद से चलते दर्जनों लोगों को बाघ का शिकार बन चुके हैं। किसान जंगल किनारे खेती नहीं कर पा रहे हैं। सरकार के सभी वायदे जनता की सुरक्षा की गारंटी करने में विफल हो चुके हैं। इस दौरान आदमखोर बाघ को पकड़ने और मृतक के आश्रितों को बीस लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की गई। मांगे पूरी न होने पर भाकपा माले ने विशाल आंदोलन की चेतावनी दी है।

# जिला गन्ना अधिकारी ने किया सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला का निरीक्षण, किसानों की समस्याएं सुनीं

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



मंगलवार को जिला गन्ना अधिकारी श्री खुशीराम भार्गव ने सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति के कार्यप्रणाली की समीक्षा की और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं।

बता दें कि यह समिति वर्ष 1964 में गठित की गई थी और वर्तमान में इसके अंतर्गत लगभग 5100 किसान सदस्य हैं। यह समिति स्थानीय किसानों से गन्ने की आपूर्ति लेकर एल.एच. चीनी मिल तक भेजने का कार्य करती है। मझोला क्षेत्र के किसान मुख्य रूप से गन्ना और धान की खेती पर निर्भर हैं।निरीक्षण के दौरान गन्ना अधिकारी ने समिति की भौगोलिक स्थिति का भी अवलोकन किया। यह समिति नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से सटे क्षेत्र में स्थित है, जिससे यह सीमावर्ती किसानों की कृषि गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री भार्गव ने समिति के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर गन्ना पर्चियां उपलब्ध कराई जाएं और गन्ना तौल में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्नत किस्मों के बीज, उर्वरक और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान समिति के कर्मचारियों ने अधिकारी को समिति के कार्यों और चुनौतियों की जानकारी दी।

जिला गन्ना अधिकारी ने सभी से समन्वय और ईमानदारी के साथ किसानों के हित में कार्य करने का आह्वान किया।

## डीएम ने किया सम्पूर्णानगर चीनी मिल का निरीक्षण, मरम्मत कार्य तेज करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. सम्पूर्णानगर का निरीक्षण किया। उनके साथ उपाध्यक्ष इंद्रदीप सिंह, प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा एवं डीसीओ वेद प्रकाश सिंह मौजूद रहे।निरीक्षण की शुरुआत मिल परिसर में मरम्मत एवं रखरखाव कार्य की समीक्षा से हुई। डीएम ने मिल हाउस, ब्यालर हाउस, पावर हाउस आदि महत्वपूर्ण इकाइयों का गहन निरीक्षण किया और कर्मचारियों से संवाद करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेराई सत्र समय पर शुरू होना चाहिए, इसलिए मरम्मत कार्य हर हाल में समय से पहले पूर्ण कर लिया जाए। डीएम ने जर्जर हो चुके कल-पुर्जों को बदलने, स्क्रैप का नियमानुसार निस्तारण करने तथा भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम नंबर 5 का भी दौरा किया, जहां नई चीनी का भंडारण मिला। भंडारित स्टॉक के प्रपत्र भी देखे।उन्होंने कहा कि नए पेराई सत्र की सुचारू शुरुआत के लिए समुचित रखरखाव अति आवश्यक है, जिससे गन्ना पेराई में कोई बाधा न आए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जेष्ठ के दूसरे बड़े मंगल पर प्रसाद वितरण हुआ

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** पाल चक क्षेत्र में जेष्ठ के दूसरे बड़े मंगल पर पौराणिक धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक जगह पर पंडाल लगाकर शीतल पेय के साथ भंडारे का आयोजन किया गया है। राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया है। महीने के दूसरे बड़े मंगल पर गांव गुलौली की सौम्या सिंह, शिवी सिंह, रजत गुप्ता, अंकित कुमार आदि के सहयोग से भंडारा चलकर हनुमत धाम, जुगल दास आश्रम पर प्रसाद और शीतल पेय वितरण किया गया है। इसके अलावा टेढ़े नाथ धाम, पालन नाथ धाम के साथ कस्बा में भी जगह-जगह पर श्रद्धालुओं के लिए समाजसेवियों ने भंडारे का आयोजन कर प्रसाद के साथ जगह-जगह पर शर्वत वितरण का भी आयोजन किया गया है।



### शहिद मर्द बाबा की मजार पर उर्स का कार्यक्रम का हुआ आगाज

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कस्बा सिकंदराबाद स्थित शहीद मर्द बाबा की मजार पर दिनांक 26 मई से 28 तक उर्स का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक रहिबर हुसैन ने बताया की शहीद मर्द बाबा की मजार पर उर्स का कार्यक्रम दिनांक 26 मई से 28 मई तक किया जा रहा है। जिसमे चादर पोशी व मिलाद का कार्यक्रम 27 मई को व 28 मई को कस्बा पुरनपुर जनपद पीलीभीत से पधारे कब्बालो के द्वारा कब्बाली का शमां बाधा जायेगा। कब्बाली का आयोजन शाम नौ बजे से किया जायेगा। इस अवसर उर्स के आयोजन कर्ता रहिवर हुसैन, उबैद मास्टर, सलामतुल्ला,खुर्शीद खां वशी उल्ला,रहिमुद्दीन अंसारी शिवशरन जयसबाल, तारीख खां, सद्दाम खां नसीम मंसूरी नसीम खान रिजवान खान राजा, आदि लोग मौजूद रहे।

### बस और कार की टक्कर्-दो लोग गंभीर घायल, निजी अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र के कस्बा बेहजम में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर गिरी पेट्रोल पंप के पास यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई।कस्ता की तरफ से आ रही बस अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से टकरा गई। बस ने कार के बाएं हिस्से में जोरदार टक्कर मारी। इस हादसे में कार में सवार रारी गांव निवासी जाबिर खान और मलिगवा निवासी इरफान गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने घायलों को बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बाद में परिजनों ने दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए लखीमपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के समय जाबिर अपने गांव रारी से बेहजम कस्बे की तरफ जा रहे थे।

### बालिका ने मारपीट का हैदराबाद थाने मे दर्ज कराया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र की चौकी के ढखबा के गांव की निवासिनी रीतू विश्वकर्मा पुत्री प्रेमचंद ने हैदराबाद थाने मे विपक्षी मंगल पुत्र किशोरी लाल वर्मा के खिलाफ लिखाई गई तहरीर मे बताया था कि सोमवर की शाम लगभग 6:30 बजे विपक्षी के द्वारा हमारे मकान के सामने झोपडी डालकर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। और विपक्षी के द्वारा उसका मार्ग भी अवरुद्ध किया जा रहा है। जव बालिका ने मना किया तो वह धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर ऐलानियां धमकी देते हो फरार हो गया।जिसके पश्चात मंगलवार की अल सुवह बालिका ने थाने पर पहुंचकर थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम को घटना की जानकारी दी। जिसके पश्चात ही थानाध्यक्ष ने उसको गिरफ्तार कर बालिका का डाक्टरी परिक्षण करवने के पश्चात विपक्षी के खिलाफ संगीन धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत किया है।

# पेडी उन्पादन बढाने हेतु गोला चीनी मिल ने किसानों को पेडी के अच्छे खेतों पर कराया भ्रमण

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत गोला चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम बंजरिया, पहाड़नगर, हजरतपुर व ग्रंट नम्बर 3 में, चीनी मिल के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में प्रगतिशील 60 किसानों ने एक्सपोज़र क्षेत्र भ्रमण किया।किसानों के दल को युनिट हेड नीरज बंसल व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गई की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी।

गोला मिल क्षेत्र के किसानों ने पेड़ी गन्ना प्लॉटों का अवलोकन किया। गन्ने की बेहतरीन बढ़वार देखकर किसान काफी प्रभावित हुए। प्रगतिशील किसान प्रमोद कुमार साहनी के फार्म पर पेड़ी प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। मिल अधिकारियों ने मृदा प्रबंधन, उर्वरक संतुलन, सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण, आरएमडी का प्रयोग और पेड़ी गन्ने की सफल प्रबंधन पर किसानों को व्यवहारिक जानकारी दी। किसानों ने यह कहा कि हमने यहां जो देखा वह अत्यन्त प्रेरणादायक है खेतों में गन्ने की स्थिति बेहद संतोषजनक है, पौधे स्वस्थ हैं, पत्तियां हरी भरी और खेतों की देखभाल अत्यंत वैज्ञानिक तरीके से की ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जाएगा।

हमारा लक्ष्य किसानों की आय को दो गुना करना है।

इस मौके पर प्रबन्धक गन्ना संजीव चौधरी, अपर प्रबन्धक गन्ना धीरज मिश्र सहित सभी ब्लॉक इंचार्ज सहित प्रगतिशील किसान अनिल वर्मा, मुन्ना लाल वर्मा, ओमप्रकाश यादव, राजीव वर्मा, दयाराम व क्षेत्रीय कामदार मौजूद रहे।

# बाइक सवार महिला के झाले नोचकर भाग निकले अपाचे सवार उच्चके

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



बेखौफ बदमाशों ने मंगलवार को एक बार फिर सदर कोतवाली पुलिस को चुनौती दे डाली। दिनदहाड़े अपाचे सवार दो बदमाश पति व बच्चों के साथ बाइक सवार महिला के कान पर झपट्टा मार दिया और उसका एक कान का सोने का झाला नोचकर भाग निकले। लगातार बढ़ रही घटनाओं से लोगों में पुलिस के प्रति रोष बढ़ रहा है।

थाना नीमगांव के गांव बाछेपारा निवासी विवेक त्रिवेदी की ससुराल गांव बसहा में है। वह मंगलवार को अपनी पत्नी बृजरानी व बच्चों को बाइक से लेकर अपने गांव वापस आ रहे थे। सुबह करीब 11 बजे दीनदयाल चौराहा और खखरा चौराहा के बीच खंडेलवाल कारखाना के पास सफेद रंग की अपाचे बाइक से दो बदमाश पीछे से आ गए। विवेक त्रिवेदी ने बताया कि अपाचे चला रहे बदमाश ने उनकी बाइक के पास आकर अपाचे की स्पीड काफी कम कर दी। वह कुछ समझ पाते। इससे पहले ही अपाचे पर सवार दूसरे बदमाश ने उनकी पत्नी के कान पर झपट्टा मार दिया और एक कान का कीमती सोने का झाला लेकर एलआरपी चौराहा की तरफ भाग निकले।

घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। तमाम राहगीर व आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पीड़ित ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पाकर यूपी 112 पुलिस, शहर कोतवाल और एलआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका मुआयना कर दंपती से घटना की जानकारी ली। खासबात यह है कि जिस जगह पर वारदात हुई। उससे कुछ ही दूरी पर दीनदयाल चौराहा पर पुलिस पिकेट रहती है। दिनदहाड़े छिनौती की घटना होने की खबर मिलते ही शहर में सनसनी फैल गई। पीड़ित न अपाचे बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने की बेलरायां और संपूर्णानगर चीनी मिल प्रबंध समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. सम्पूर्णानगर के सभागार में दो चरणों में क्रमशः सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि.बेलरायां और किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लि. सम्पूर्णानगर की प्रबन्ध कमेटी की बैठक ली। इस बोर्ड की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पर विचार कर मोहर लगाई गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए चीनी मिल के सभापति एवं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वप्रथम दोनों चीनी मिल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष और समस्त संचालक मण्डल के सदस्यो से उनके सुझाव और फीडबैक प्राप्त किए। इस दौरान पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि की गई।



### बेलरायां जीएम ने प्रबंध समिति के समक्ष रखे प्रस्ताव, मंथन

बैठक के एजेंडे के अनुसार सरजू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, बेलरायां के प्रधान प्रबंधक महेन्द्र प्रताप ने विभिन्न प्रस्तावों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें प्रमुख रूप से पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि, वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्ताव, मा0 कृषकों के लिए किसान भवन एवं कैंटीन के माध्यम से सस्ती भोजन व्यवस्था की सुव्यवस्था और बजट, आगामी पेराई सत्र हेतु गन्ना उपलब्धता व गन्ना सर्वे की प्रगति, मिल की अद्यतन आय-व्यय बैलेंसशीट की समीक्षा तथा ऑफ-सीजन कार्यों की प्रगति जैसे बिंदु शामिल रहे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रस्तुत सभी बिंदुओं की समिति सदस्यों के साथ गहन समीक्षा की और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की।बैठक में प्रधान प्रबंधक महेंद्र प्रताप, एसडीएम राजीव कुमार निगम, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष सुच्चा सिंह, संचालक सदस्य प्रगट सिंह, प्रेसेनजीत गर्गवंशी, संतोष कुमार, दयाशंकर, सर्वेश कुमार, ललिता देवी, सरोजनी देवी,मनोज कुमार, रेशम सिंह, साधना पाण्डेय, अशोक चौधरी, चीफ इंजीनियर राजेंद्र कुमार, चीफ केमिस्ट राजेश त्रिपाठी, मुख्य लेखाकार भुवनेश कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी सिंह मौजूद रहे।

### सम्पूर्णानगर जीएम ने प्रबंध समिति के समक्ष रखे प्रस्ताव, मंथन

बैठक में एजेंडे के अनुसार किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लिमिटेड, सम्पूर्णानगर के सचिव एवं प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव ने सभी प्रस्तावों को प्रस्तुत किया। इनमें पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि, वर्ष 2025-26 के बजट पर विचार, कृषकों हेतु कैण्टीन एवं किसान भवन के संचालन की योजना, गन्ना उपलब्धता एवं सर्वे की समीक्षा, आय-व्यय की बैलेंसशीट की स्थिति तथा ऑफ-सीजन कार्यों की प्रगति शामिल रही।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने समिति सदस्यों संग इन प्रस्तावों की आवश्यकता पर विस्तृत समीक्षा कर सहमति प्रदान की। बैठक में प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष इंद्रदीप सिंह सहित सभी संचालक सदस्य मौजूद रहे।

# चिकित्सकीय लापरवाही: पीड़िता के घर पहुंची डॉक्टरों की टीम

## डॉक्टर की लापरवाही से जिंदगी व मौत से जूझ रही महिला, गलत ऑपरेशन करने के बाद इलाज का खर्च देने से मुकरे जिम्मेदार

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

ठूठीबारी स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में सीएचसी में तैनात पूर्व आरबीएसके डॉ0 नीरज सिंह पर क्षेत्र की एक महिला ने गलत तरीके से ऑपरेशन करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित महिला के पति ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को डॉक्टरों की तीन सदस्यीय टीम ने पीड़िता के घर पहुँच महिला का बयान दर्ज कर रिपोर्ट पेश करने की बात कही।




मिली जानकारी के अनुसार ठूठीबारी के टोला सडकहवा निवासी पीड़ित महिला के पति रईस ने शिकायती सूचना में बताया कि बीते नवंबर माह में उसकी पत्नी के पेट में दर्द के बाद ठूठीबारी के धरमौली में स्थित सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया था। उस दौरान केंद्र पर तैनात आरबीएसके डॉ0 नीरज सिंह ने महिला को गुमराह कर कमीशन के चक्कर में कस्बे में संचालित एक प्राइवेट अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर ने गांठ का ऑपरेशन कर घर भेज दिया। करीब चार माह बाद महिला के पेट दर्द शुरू हो गया। इस दौरान महराजगंज के निजी चिकित्सकों को दिखाने पर बताया गया कि पूर्व में ऑपरेशन के दौरान लीवर में सर्जिकल ब्लेड से कट लग गया है जो ऑपरेशन के बिना संभव नहीं है। जिसके बाद पीड़ित ने अस्पताल संचालक और डॉ0 नीरज सिंह से शिकायत की। मामला गंभीर देख दोनों ने इलाज का समुचित खर्च निर्वहन की बात कर मामले को रफा दफा कर दिया गया था। इसी बीच राजनीतिक रसूख के चलते डॉ0 नीरज सिंह का तबादला करा लिया और पीड़ित को पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। थक हारकर पीड़ित परिजन ने मामले की शिकायत सीएम पोर्टल पर कर न्याय की गुहार लगाई है। बताया गया कि गरीब पीड़ित परिवार ने उधार के पैसे से लगभग चार लाख रुपए का इलाज करा चुका। आगे पैसे की तंगी के कारण इलाज कराने में असमर्थ है। पीड़ित महिला जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। रईस ने कहा कि मेरी पत्नी को कुछ हुआ तो अस्पताल संचालक व डॉ0 नीरज सिंह जिम्मेदार होंगे। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 श्रीकांत शुक्ल ने जन एक्सप्रेस संवाददाता को बताया, उपरोक्त मामला संज्ञान में आया है, मामले में डॉक्टरों की तीन सदस्यी टीम में डॉ0 वीरेंद्र आर्य, डॉक्टर राजेश द्विवेदी, सर्जन उदयभान को गठित किया गया है, जो पीड़िता के घर जांच करने के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क मरम्मत के लिए आज होगा आंदोलन

जन एक्सप्रेस । देवरिया

पिछले साल वर्ष से अधूरा पड़ा जमुआ मगहरा करूअना सड़क की बदहाली से नाराज ग्रामीणों के सब्र का बांध अब टूट रहा है। मंगलवार को भाजपा नेता प्रमोद मिश्रा की अगुवाई में ग्रामीण मगहरा चौराहे पर आंदोलन करेंगे। सरकारी तंत्र की उदासीनता से नाराज ग्रामीणों ने पिछले 27 मार्च को भाजपा नेता प्रमोद मिश्रा की अगुवाई में मगहरा चौराहे पर चक्का जाम किया था। डीएम दिव्या मित्तल ने संज्ञान में लेकर तहसीलदार अलका सिंह व सीओ दीपक शुक्ला को मौके पर भेजा था। डीएम ने कहा था कि 30 मार्च से इस सड़क पर पानी गिराने का काम शुरू हो जाएगा। दो माह के बाद भी इस सड़क की दशा जस की तस बनी हुई हैं। किसी ने भी सुधि लेना मुनासिब नहीं समझा। मंगलवार को भाजपा नेता प्रमोद मिश्रा की अगुवाई में ग्रामीणों नें जोरदार धरना प्रदर्शन व चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। प्रमोद मिश्रा ने ग्रामीणों नें कल सभी से मगहरा चौराहे पर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

# किसी भी स्थिति में न टूटे महाव नाले का बांध: डीएम

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



बरसात से पहले महाव नाले की साफ-सफाई तथा जर्जर बंधों की मरम्मत के लिए डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंगलवार की दोपहर नवागत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा नौतनवां तहसील क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी एवं सिंचाई विभाग के आलाधिकारियों के साथ महाव नाले का स्थलीय निरिक्षण करने के लिए पहुंचे। महाव नाले में मौजूद सील्ड तथा झाड़ झंखाड साफ-सफाई करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया उन्होंने कहा की किसी भी स्थिति में महाव नाले का बांध टूटने नहीं चाहिए। पूर्व अधिशासी अभियंता, सिंचाई खंड द्वितीय ने जिलाधिकारी को मानचित्र से अवगत कराया कि महाव नाला 24 किमी लंबा है, जिसमें 15 किमी की सफाई सिंचाई विभाग एवं 9 किमी की सफाई वन विभाग द्वारा की जा रही है। अब तक लगभग 70 प्रतिशत सफाई कार्य पूर्ण हो चुका है।

यह नाला 690 हेक्टेयर जलग्रहण क्षेत्र को प्रभावित करता है और इससे 19 ग्राम पंचायतें प्रभावित होती हैं। जिस पर डीएम ने एसडीएम नौतनवा को सफाई कार्यों का नियमित पर्यवेक्षण करने और सिंचाई एवं वन विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता को बाढ़ से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा साथ ही तटबंधों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ संभावित बाढ़ के मद्देनजर कर्मचारियों की ड्यूटी सूची भी तैयार रखने को कहा। इस दौरान सिचाई खंड दो के अधिशासी अभियंता राजीव कपिल, डीएफओ निरंजन सर्वो, नौतनवा उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद, तहसीलदार कर्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

# वलीमा में शामिल हो लौट रहे थे, हादसे ने पहुंचा दिया अस्पताल–5 घायल

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कसया थाना क्षेत्र के परसौनी निवासी मुनीब अंसारी के लड़की की शादी 25 मई को देवरिया जिले के पथरदेवा ब्लॉक के भेली पट्टी में हुई थी। 26 को विदाई होने के बाद परिवार और रिश्तेदार चौथा लेकर वलीमा में शामिल होने गए थे।



नगर के देवरिया मार्ग पर सोमवार की रात मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे बोलेरो और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को कसया सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से एक घायल को गोरखपुर रेफर कर दिया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, बाकी घायलों को पडरौना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। कसया थाना क्षेत्र के परसौनी निवासी मुनीब अंसारी के लड़की की शादी 25 मई को देवरिया जिले के पथरदेवा ब्लॉक के भेली पट्टी में हुई थी। 26 को विदाई होने के बाद परिवार और रिश्तेदार चौथा लेकर वलीमा में शामिल होने गए थे। वहां से देर रात को भोजन करने के बाद घर के लिए लौट रहे थे तभी कसया देवरिया मार्ग पर सिसवा महंथ गोदाम के समीप ओवरटेक करते समय ट्रक और बोलेरो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें अवकाश प्राप्त शिक्षक रहीम अंसारी(70), रफीउद्दीन उर्फ बबलू (40) की मौत हो गई। वहीं, बोलेरो में सवार अन्य छह लोग तरह घायल हो गए।

## अमेरिका के राष्ट्रपति के सीज फायर का एलान दुर्भाग्यपूर्ण: अखिलेश

जन एक्सप्रेस/देवरिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया था। इसमें 26 निर्दोष भारतीय मारे गए थे। उस घटना को एक महीने से ज्यादा का समय हो गया है, मगर आतंकवादियों का पता नहीं चल सका है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति के सीज फायर का ऐलान दुर्भाग्यपूर्ण

वह सोमवार को टाउन हॉल परिसर स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत है समृद्ध भारत है। हमारी सेना जैसी दुनिया में कोई सेना नहीं है। उसका कोई तोड़ नहीं है। हमारी सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाना शुरू किया था। लोग बहुत उम्मीद लगाए थे कि पाकिस्तान को इस बार सख्त सबक सीखने को मिलेगा। अभी सबक कुछ ही कदम सिखाया गया था कि तीसरे राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीज फायर का ऐलान कर दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय बार्डर की सुरक्षा देश की प्राथमिकता: डीएम

- जिलाधिकारी ने बार्डर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए क्षेत्र के समस्याओं को भी समझा
- डॉग स्क्वायड, डिटेक्टर मिरर और सीसीटीवी से सभी गतिविधियों पर रखी जा रही पैनी नजर

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद के नवागत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अचानक ठूठीबारी पहुंचकर भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर का जायजा लिया है। उन्होंने एसएसबी जवानों से बार्डर की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीमा के मुख्य प्रवेश द्वार, पगडंडियों व संवेदनशील नाकों पर पेट्रोलिंग करने के साथ सार्वजनिक स्थानों पर जांच और चौकसी बरतने को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बुधवार की दोपहर महराजगंज के नवागत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा अचानक ठूठीबारी पहुंचकर भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर का हाल जाना। डीएम ने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीमावर्ती इलाके की समस्याओं को भी समझा। उन्होंने 22वी वाहिनी एसएसबी जवानों से बार्डर की गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। वही सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और सीमा पर विशेष चौकसी बरतने को लेकर संबंधित मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा सीमा की सुरक्षा हमारे देश की प्राथमिकता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सीमा पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर लगाम लगे। इसके लिए सुरक्षा बल बॉर्डर की लगातार निगरानी करते रहें और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

### सीमा पर डॉग स्क्वायड की ली जा रही मदद

भारत-नेपाल की बार्डर सबसे संवेदनशील सीमा मानी जाती है। एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट प्रिया यादव ने बताया कि नेपाल राष्ट्र से ठूठीबारी भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश सभी प्रकार के वाहनों को डॉग स्क्वायड, डिटेक्टर मिरर और तीसरी नजर यानी सीसीटीवी कैमरे की मदद से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, और नेपाल से आने वाले राहगीरों की एसएसबी जवानों द्वारा पहचान पत्र के साथ चेकिंग और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ व तलाशी लेने के बाद ही उन्हें भारतीय सीमा में प्रवेश करने की अनुमति दिया जा रहा है।

# सीएम योगी का निर्देश– अवैध कब्जा, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में न बख्शे जाएं

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा।

सोमवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। ध्यान से उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण संवेदनशीलता और तत्परता से किया जाए। इसमें तनिक भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है।

सीएम ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंचीं थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन बच्चों को प्यार-दुलार करते हुए चॉकलेट और उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## परचून की दुकान से शराब बेचने का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । देवरिया

क्षेत्र के बेलवा दुबौली गांव के चौराहा पर परचून की दुकान से देसी शराब बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दुकानदार ग्राहकों से रुपये लेकर शराब देते दिख रहा है। हालांकि, संवाद न्यूज एजेंसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करती।

जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम क्षेत्र के कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। वायरल वीडियो में गुमटी में परचून की दुकान चलाने वाला शख्स ग्राहकों से रुपये लेने के बाद दुकान की रैक से शराब निकाल कर देते दिख रहा है।

दुकान पर खरीदारों की भीड़ भी दिख रही है। ग्रामीणों के अनुसार, शराब बेचने को दुकान चर्चित है। इसकी स्थानीय पुलिस को शिकायत भी की गई, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण में देरी से सीएम खफा, बोले– 'जिम्मेदार दोषियों पर कार्रवाई करें'

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



सीएम योगी ने आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण में देर होने पर नाराजगी जताई और जिम्मेदारों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके अलावा चिड़ियाघर, गोड़धोइया नाला, सड़क व ओवरब्रिज निर्माण पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की शाम गोरखनाथ मंदिर में प्रशासनिक अफसरों के साथ जिले में चल रहे विकास कार्यों व सुरक्षा मामलों की जानकारी ली। इस दौरान आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण में देर होने पर नाराजगी जताई और जिम्मेदारों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके अलावा चिड़ियाघर, गोड़धोइया नाला, सड़क व ओवरब्रिज निर्माण पर भी चर्चा हुई। चिड़ियाघर में फैले बर्ड फ्लू के संबंध में अफसरों ने सीएम को इस बीमारी के लक्षण मिलने के बाद से अब तक किए गए उपायों और जानवरों के स्वास्थ्य की जानकारी दी। सड़क, ओवरब्रिज व आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान सीएम ने कहा कि जिस परियोजना की जो डेटलाइन तय है, वह उसके अनुसार ही पूरी होनी चाहिए।

आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण में अधिक देर होने पर नाराजगी जताते हुए इसके लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। गोड़धोइया नाला समेत जल निकासी व बाढ़ बचाव के अन्य कार्यों की जानकारी लेते हुए सीएम ने कहा कि इस बार मानसून समय से पहले आ रहा है तो उसके अनुसार ही अपनी तैयारी भी पहले पूरी करनी होगी। बरसात में शहर में जलभराव न हो और ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ से जन-धन का नुकसान न हो, इसकी तैयारी पहले ही कर लें।

# पट्टन में ग्रामीणों ने खुद हटाया अतिक्रमण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

हाटा तहसील के पट्टन गांव निवासी साहब सिंह ने हाटा तहसील में एक प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव के कुछ लोग खलिहान व पोखरी के नंबर में पक्का दो मंजिला मकान बना लिया है। प्रार्थना पत्र के आधार पर हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने आवेदक के मामले का संज्ञान लेकर आदेश दिया कि अवैध जमीन में बना मकान को ध्वस्त कर जमीन से अतिक्रमण खाली कराई जाए। सोमवार को राजस्व टीम गांव में जेसीबी लेकर पहुंची अभी बाउंड्री तोड़ रही थी कि अतिक्रमण करने वाले लोग अतिक्रमण स्वयं तोड़ कर खाली करने लगे।

हाटा तहसील क्षेत्र के गांव पट्टन निवासी साहब सिंह ने तहसील हाटा में एक प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव के वर्तमान प्रधान मुंशी सिंह सहित कुछ लोग खलिहान व पोखरी की जमीन पर पक्का दो मंजिला मकान बनाकर अपने परिवार के साथ मकान में रहते हैं। इस मामले को हाईकोर्ट में एक मुकदमा दाखिल कर दिया जिसमें हाईकोर्ट ने हाटा तहसील को एक आदेश दिया कि खलिहान व पोखरी से अतिक्रमण को हटवाकर जमीन खाली कराया जाए।

न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार ने प्रधान मुंशी सिंह सहित अन्य लोगों को एक नोटिस भेज कर अतिक्रमण हटाने को कहा था। सोमवार को तहसील से राजस्व विभाग की टीम जेसीबी मशीन लेकर गांव में पहुंच अतिक्रमण खाली करा रहे थे कि अतिक्रमण करने वाले मुंशी सिंह, रामभवन सिंह, प्रमोद सिंह, राजेन्द्र सिंह, रामदास ने स्वयं मकान तोड़ कर अतिक्रमण खाली करने लगे।

इस मौके पर राजस्व टीम , संजय गुप्ता , अजय सिंह , चन्द्रहास सिंह, नितिन उपाध्याय, सर्फराज अहमद आदि लोगों मौजूद रहे।

हाटा तहसील क्षेत्र के गांव पट्टन निवासी साहब सिंह ने तहसील हाटा में एक प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव के वर्तमान प्रधान मुंशी सिंह सहित कुछ लोग खलिहान व पोखरी की जमीन पर पक्का दो मंजिला मकान बनाकर अपने परिवार के साथ मकान में रहते हैं। इस मामले को हाईकोर्ट में एक मुकदमा दाखिल कर दिया जिसमें हाईकोर्ट ने हाटा तहसील को एक आदेश दिया कि खलिहान व पोखरी से अतिक्रमण को हटवाकर जमीन खाली कराया जाए।सोमवार को तहसील से राजस्व विभाग की टीम जेसीबी मशीन लेकर गांव में पहुंच अतिक्रमण खाली करा रहे थे कि अतिक्रमण करने वाले मुंशी सिंह, रामभवन सिंह, प्रमोद सिंह, राजेन्द्र सिंह, रामदास ने स्वयं मकान तोड़ कर अतिक्रमण खाली करने लगे।

## स्कूल की आलमारी तोड़कर चोरी

जन एक्सप्रेस । देवरिया

मुंडेरा चौराहे पर स्थित प्राइवेट स्कूल के आलमारी का दरवाजा तोड़कर चोर पांच हजार रुपये नकदी और टीवी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। वारदात की जानकारी सोमवार सुबह स्कूल खुलने पर हुई। स्कूल संचालिका ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के अमेठी निवासी प्रीति पांडेय खुखुंदू क्षेत्र के मुंडेरा चौराहे पर एक प्राइवेट स्कूल चलाती हैं। सहयोगी के रूप में अहिल्यापुर निवासी राजेश गुप्ता है। आरोप है कि रविवार की रात में चोर छत पर चढ़कर सीढ़ी के रास्ते अंदर प्रवेश कर गए। चोरों ने तीन कमरों और आलमारी तोड़कर उसमें रखा करीब पांच हजार रुपये नकदी, स्मार्ट टीवी और सीसीटीवी कैमरे के सारा उपकरण चुरा ले गए।

# जानलेवा इश्क: सोशल मीडिया पर सुसाइड की पोस्ट डाल राप्ती नदी में कूदा जितेंद्र, अंत में मां–पिता का रखा ख्याल

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गगहा पुलिस के मुताबिक, जितेंद्र ने नदी में कूदने से पहले अपने मोबाइल पर व्हाट्सएप स्टेटस व इंस्ट्राग्राम और फेसबुक पर वीडियो पोस्ट शेयर किया था। वीडियो में वह बोला रहा है कि मैं मरने जा रहा हूं।



गोरखपुर के गगहा इलाके में फेसबुक पर आत्महत्या की पोस्ट डालकर एक किशोर ने मंगलवार सुबह नौ बजे राप्ती नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ टीम पहुंचकर नदी में किशोर की तलाश शुरू की। इसी बीच वहां पहुंची किशोर की मां ने भी नदी में छलांग लगाने की कोशिश की, जिन्हें एक सिपाही ने पकड़ लिया। वहां एकत्रित ग्रामीणों का कहना था कि प्रेम प्रपंच में किशोर ने यह कदम उठाया है।

सेमरवासा के किशोर की मां सुराती देवी ने गगहा पुलिस को बताया कि जितेंद्र निषाद (16) मंगलवार सुबह अपनी साइकिल से घर से निकला था। थोड़ी देर बाद गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया कि फेसबुक पर बेटे ने आत्महत्या करने की एक पोस्ट डाली है। खोजबीन कर रही थी, इसी बीच रकहट पक्के पुल पर राप्ती नदी में बेटे के डूबने की सूचना मिली। इस दौरान पुलिस की पूछताछ में सुराती देवी ने बताया कि बेटे ने यह कदम क्यों उठाया है, इस बारे में उन्हें भी जानकारी नहीं है। बेटा तो घर से रकहट जाने की बात कहकर निकला था। घर में बड़े बेटे शिवराज की शादी 29 मई को तय है।

वीडियो शेयर कर बोला- मैं मरने जा रहा हूं...गगहा पुलिस के मुताबिक, जितेंद्र ने नदी में कूदने से पहले अपने मोबाइल पर व्हाट्सएप स्टेटस व इंस्ट्राग्राम और फेसबुक पर वीडियो पोस्ट शेयर किया था। वीडियो में वह बोला रहा है कि मैं मरने जा रहा हूं। मेरा घर सेमरवासा है। मेरे माता-पिता को कोई परेशान नहीं करेगा। इसके बाद मोबाइल पुल पर रखकर नदी में कूद गया। पुलिस का कहना है कि शाम छह बजे तक किशोर का कहीं पता नहीं चल पाया है। नदी में एसडीआरएफ टीम किशोर की तलाश में जुटी है। नदी में कूदने का कारण पता किया जा रहा है।

# जिन्हे पूर्ववर्ती सरकारों ने भुलाया उन्हें भाजपा ने सम्मान दिया : राकेश सचान

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी समृति अभियान को लेकर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 27 मई को जिला पंचायत सभागार में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की जीवंत प्रतिमूर्ति थी, जिन्होंने देश भर में पूजा स्थलों और धार्मिक धरोहरों का पुनर्निर्माण किया। उन्होंने सनातन धर्म के संरक्षण का कार्य किया। विदेशी आक्रांताओं ने जिन मंदिरों और सांस्कृतिक धरोहरों को तहस नहस कर दिया था उन सभी का जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने हजारों घाट बनवाये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने न्यायप्रियता और निष्पक्षता के साथ शासन करते हुए सामाजिक और धार्मिक कार्यों को लेकर मिशाल पेश किया है। उन्होंने विधवा होने के पश्चात सती प्रथा का विरोध किया और पति की मृत्यु के पश्चात दृढ़ता से शासन किया और विरोधियों को आईना दिखाया। प्रभारी मंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के माध्यम से उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने महिला के सशक्तिकरण के लिए पिछले एक दशक में जो कार्य किया है वह किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया।पहलगाम की घटना के बाद पाकिस्तान के 9 आंतकवादी ठिकानों को तहस नहस किया जिसमें 100 से ज्यादा आंतकवादी मारे गए। भारत की जनता ने एकसूत्र में बंधकर सेना को समर्थन दिया। सदर विधायक पल्टू राम ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की तमाम महान विभूतियों के कार्यों को जनता के बीच लाने का कार्य कर रही है। विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ला ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने जो कार्य किया था वह आज देश के बड़े बड़े मंदिरों के रूप में दिख रहा है। देश के तमाम ज्योतिर्लिंग का जीर्णोद्धार उनके माध्यम से हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ आरती तिवारी, सदर विधायक पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, नगरपालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कार्यक्रम संयोजक श्याम मनोहर तिवारी, ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी, गोविन्द सोनकर, महिपाल चौधरी, जिला महामंत्री वरूण सिंह मोनू, बिंदु विश्वकर्मा, जिला मंत्री अवधेश तिवारी, सुनीता मिश्रा, डॉ अजय सिंह, डीपी सिंह बैस, कार्यक्रम संचालक संदीप उपाध्याय, महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता तिवारी, मंजू तिवारी, झूमा सिंह, जिला पंचायत सदस्य संजय शुक्ला, वीरेंद्र मिश्रा, राम कृपाल शुक्ला, बुद्धि सागर अवस्थी, धर्मेन्द्र उपाध्याय, राम निवास वर्मा, राकेश गुप्ता, सुरेश, आनंद श्रीवास्तव, शिव प्रताप सिंह, शशि कांत त्रिपाठी व महेश मिश्रा सहित कई ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# सदर विधायक व विभागाध्यक्ष ने प्रसाद वितरण कर किया भंडारे का शुभारंभ



जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के मोहल्ला पहलवारा स्थित लाभ सोलर एनर्जी द्वारा जेष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा नगर में दर्जनों स्थानों पर भंडारे कहां आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 27 मई को ज्येष्ठ मास का तीसरे बड़ा मंगल के अवसर पर नगर के दर्जनों स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में कहीं पर नुक्ती, कहीं पर हलवा पूरी तो कहीं पर पूड़ी सब्जी, छोला पूड़ी व दाल चावल का प्रसाद वितरण किया गया। मोहल्ला पहलवारा एनएच 730 बौद्ध परिपथ स्थित लाभ सोलर एनर्जी पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। मध्याह्न सुंदरकांड श्री रामचरितमानस पाठ वह हवन पूजन के उपरांत शुरू हुआ भंडारा शाम तक चलता रहा। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजक बंशीधर मिश्र ने बताया कि बजरंगबली की कृपा से उन्हें बड़ा मंगल के अवसर पर भंडारा आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है और यह सब कुछ बजरंगबली की कृपा से ही संभव हो पता है। सुंदरकांड पाठ के उपरांत बजरंगबली की आरती व हवन करके भंडारे का शुभारंभ कर दिया गया। भंडारे का शुभारंभ सदर विधायक पल्टू राम, एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन व डॉ रवि कृष्ण मिश्रा ने प्रसाद वितरण करके किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉक्टर कुलदीप विश्वकर्मा, डॉ राकेश चंद्रा, भाजपा नेता बृजेंद्र तिवारी, भाजपा नेत्री झूम सिंह मधु गुप्ता, राधा मिश्रा, रेशम सिंह, आर के मिश्रा, एपी तिवारी, डीपी शर्मा मदन गोपाल श्रीवास्तव काशीराम व वेद प्रकाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। लाभ सोलर एनर्जी के प्रोप्राइटर मनीष मिश्रा द्वारा भंडारे की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई।

# जन अधिकार पार्टी की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

जनपद में जन अधिकार पार्टी के जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुकन्या कुशवाहा द्वारा जिला अध्यक्ष प्रमोद मौर्या एवं जिला प्रभारी हरि गोपाल मौर्य एवं जिला महासचिव रविंद्र कुमार को मनोनीत किया गया। मंगलवार को जन अधिकार पार्टी ने नवगठित जिला कार्यकारिणी सूची जारी की जिसमें नए पदाधिकारीयों को जिम्मेदारी दी गई जिसमें जिला संगठन मंत्री हिमांशु मौर्य जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार जिला सचिव ब्रजेश कुमार वर्मा एवं जिला प्रवक्ता सुधीर गुरु जी एवं जिला मीडिया प्रभारी राज मौर्य को मनोनीत किया गया।

# आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने किया व्यायाम

जन एक्सप्रेस | तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को समर कैंप के दूसरे दिन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ डी पी सिंह के संरक्षण में योग कार्यक्रम योजित किया गया। विद्यार्थियों ने व्यायाम के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार 27 मई को समर कैंप के दूसरे दिन योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कहा कि वह आगे भी समर कैंप में नई-नई गतिविधियां को अपने शिक्षकों के देखरेख मे सीखना चाहते हैं। कैंप मे विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और नई-नई गतिविधियों को सीखा। बच्चों ने योग तथा विभिन्न प्रकार के खेलकूद के द्वारा अपने शरीर तथा मस्तिष्क को स्वस्थ रखना सीखा। साथ ही विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बच्चों को कागज के द्वारा बनाने के लिए बताई गई। जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पूर्ण किया। विद्यालय में समर कैंप में इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स में शिक्षकों द्वारा बच्चों को आत्मनिर्भर बनकर अंग्रेजी में बात करना सिखाया। समर कैंप के दूसरे दिन नन्हे विद्यार्थियों ने भी बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि वह आगे भी ऐसे समर कैंप का आयोजन करते रहेंगे।

# वनवासी छात्रावास में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु पूजन



जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास के प्रथम तल पर कक्ष निर्माण हेतु बुधवार को पूजन अर्चन किया गया। जानकारी के अनुसार 27 मई को महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए आयोजित पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान की भूमिका में डॉक्टर कौशल्या गुप्ता ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पैरोकार बाबू राजेंद्र सिंह ने किया। वनवासी छात्रावास के अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने बताया कि नवीन कक्ष निर्माण हो जाने से छात्रों की संख्या बढ़ाने में सहूलियत होगी। छात्रों के रहने, पढ़ने तथा प्रतियोगी तैयारी करने में काफी सुविधा मिलेगी। पूजन कार्यक्रम के दौरान विभाग मंत्री सचिन, मंगल बाबू वर्मा, इंदु भूषण जायसवाल, डॉ राजन प्रताप सिंह, रघुनाथ अग्रवाल व अजय वीर सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# करोड़ों की जमीन कूटरचित तरीके से बैनामा करने के प्रयास में महिला गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर




जनपद बलरामपुर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत हुई सुनियोजित तरीके से मृत व्यक्ति की पत्नी होने के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 22 बीघा की बेशकीमती जमीन कोयलरा निकट निर्माणाधीन यूनिवर्सिटी को हड़पने का प्रयास करने वाली अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने 27 मई को प्रेस वार्ता में बताया कि 06 नवंबर 24 को आवेदक राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व नरेश बहादुर नि0 रिसालपुर कोयलरा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर द्वारा तहरीर दी गयी कि गिरजा सिंह पत्नी अर्जुन सिंह नि0 ग्राम जोगियाकला थाना ललिया जनपद बलरामपुर द्वारा पीड़ित के चाचा मृतक इन्द्रजीत सिंह की समस्त चल अचल सम्पत्ति को हड़पने के आशय से कूट रचना कर फर्जी आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर में जन्मतिथि छिपाकर मृतक इन्द्रजीत सिंह की पत्नी बनकर सम्पत्ति नामांतरण हेतु न्यायालय में आवेदन करने के संबंध में प्राप्त हुआ । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0देहात बलरामपुर में सुसंगत धाराओं में मुकदमा गिरजा सिंह पत्नी अर्जुन सिंह नि0 ग्राम जोगियाकला थाना ललिया जनपद बलरामपु के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। आरोपी महिला द्वारा बताया गया कि मैंने इंद्रजीत सिंह की सम्पत्ति लेने की मंशा से उनकी पत्नी होने के जो जो कागजात चाहिए थे वह कागजात मैने फर्जी तरीके से चोरी छिपे बनवा लिया था और इंद्रजीत सिंह की 22 बीघा जमीन जो ग्राम कोयलरा में निर्माणाधीन विश्वविद्यालय के पास है जिसकी कीमत इस समय करोड़ों में है को अपने नाम कराकर अच्छे दामों पर बेचना चाहते थे जिसके लिए मैने अपना फर्जी आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर में इंद्राज जन्मतिथि को बदलवाकर मैने जमीन अपने नाम कराने के नियत से न्यायालय में आवेदन भी कर दिया था जिससे जमीन मेरे नाम हो जाये और उसे अच्छे दामों में किसी को बेंच दें। लेकिन यह बात उनके घरवालों को पता लग गयी और उन्होने मेरे खिलाफ मुकदमा लिखवा दिया। गिरफ्तार कर्ता टीम में व0उ0नि0 अरुण कुमार पाटिल, हे0का0 जितेन्द्र यादव, हे0का0 रामगोपाल तथा म0का0 सोनी मौर्या शामिल थे।

## बड़े मंगलवार पर नगर में जगह-जगह हुआ भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद में बड़े मंगल पर शहर से लेकर गांव तक बजरंगबली की आराधना की धूम रही। मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। सर्किट हाउस परिसर में बड़े मंगल पर आयोजित भंडारे में पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने अपने जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रसाद वितरण किया।

आयोजित भंडारे में भाजपा एमएलसी हरिओम पांडे वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद पांडे अमित सिंह सभासद अतुल कुमार वर्मा संजय वर्मा, प्रिंस पाठक जावेद मलिक मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह ,संगीता चौरसिया हितेंद्र सिंह ने प्रसाद वितरण किया। जिला मुख्यालय के कचहरी परिसर के निकट वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक सिंह के नेतृत्व में संजय, देवेंद्र सिंह, ने प्रसाद वितरण किया जनपद के जुड़वा शहरशहजादपुर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुआ इसके साथ ही नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन विभिन्न मंदिरों में किया गया पूजा पाठ के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं का सुबह से ही भीड़ लगी रही श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका।

# प्रभारी मंत्री ने अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी स्मृति कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जिले के एक दिवसीय दौरे पर पहुँचे जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम विभाग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग के मंत्री राकेश सचान द्वारा जिला पंचायत सभागार में माता अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी स्मृति कार्यक्रम में किया प्रतिभाग किया गया।

इस दौरान विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, अध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू मौजूद रहें। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारत के इतिहास में कई ऐसी वीरांगनाएं हुई जिन्होंने अपने अद्वितीय साहस एवं दूरदर्शिता से इतिहास के पन्नों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है, इन्हीं में से एक थी मालवा राज्य की महारानी माता अहिल्याबाई होलकर। उन्हें आज भी एक आदर्श प्रशासिका, न्याय प्रिय शासिका के रूप में जाना जाता हैं। उन्होंने प्रशासनिक क्षमता, न्याय व्यवस्था एवं परोपकारी कार्यों से शासन चलाया। उन्होंने बुद्धिमत्ता, करुणा और नेतृत्व क्षमता से नारी सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण पेश किया, उन्होंने राज्य को मजबूत करने के लिए अपने नेतृत्व में महिला सेना की स्थापना की। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने में कई कार्य किए। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 की जयंती के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण योजनाओं की सौगात दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में ज्य सरकार द्वारा अनेको महिला सशक्तिकरण योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, ब्लॉक प्रमुख व अन्य माननीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## बदलती मनोरंजन प्राथमिकताओं को पूरा करना

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज प्रीपेड ग्राहकों के लिए नया और अनोखा एंटरटेनमेंट पैक लॉन्च किया है। इस पैक के ज़रिए यूज़र्स को नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार, ज़ी5, सोनीलिव सहित 25 से ज़्यादा टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस मिलेगा। भारत में एयरटेल इकलौती ऐसी टेलीकॉम कंपनी है जो इतना व्यापक ओटीटी एंटरटेनमेंट अनुभव दे रही है। यह सेवा रूपये 279 की आकर्षक प्रारंभिक कीमत पर उपलब्ध है, जिसकी वैधता 1 महीने की होगी। इस पैक में कुल रूपये 750 मूल्य तक की पॉपुलर स्ट्रीमिंग सेवाओं का एक्सेस मिलेगा। इसके साथ ही कंपनी ने रूपये 598 की कीमत पर एक और प्रीपेड डेटा पैक भी पेश किया है जिसमें अनलिमिटेड 5प्रतिशत डेटा, अनलिमिटेड कॉल्स और अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट एक्सेस भी शामिल है, जिससे यूज़र्स को बिना किसी रुकावट के मनोरंजन का लुत्फ़ मिलेगा।

# भाजपा शासित राज्यों में अन्याचार बढ़ने से गुस्साए दलित

■ बोले, दलितों पर अत्याचार रोकने में नाकामयाब रही है केन्द्र की भाजपा सरकार

जन एक्सप्रेस | खुर्जा






भाजपा का दलित प्रेम छलावा है। यदि नही तो भाजपा शासित राज्यों में आए दिन दलितों पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि क्यों हो रही है। कहीं दलित को घोड़ी से उतार कर बरात की पिटाई की जाती है तो कहीं बोतल का पानी पीने पर दलित युवक का हाथ तोड़ दिया जाता है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के छावड़ गांव में तो दबंग साहूकारों ने मानवीयता की सारी हदें पार कर दी जब उन्होंने कर्जदारों को अपमानित करने के लिए दो दलित युवकों को मारपीट कर उनके मुंह पर कालिख पोत दी और जूते-चप्पलों की माला पहना कर गांव में उनका जलूस निकाला। इससे यहां दलित समाज के लोगों में बेहद नाराजगी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है कि वह भाजपा शासित राज्यों में दलितों पर होने वाले अत्याचारों को रोक दें। या फिर भाजपा दलित प्रेम का राग अलापना बंद कर दे।

उ0 प्र0 कांग्रेस कमैटी एससी विभाग के प्रदेश सचिव और पीसीसी सदस्य ॠषि गौतम जाटव ने कहा कि भाजपा दलित समाज के लोगों का वोट तो ले लेती है। लेकिन उनकी सुरक्षा का जिम्मा नहीं लेती। इससे भाजपा शसित राज्यों में आए दिन दलितों पर अत्याचार की घटनाएं सुर्खियां बटोरती रहती हैं। पिछले दिनों आगरा से वृंदावन आई बारात को दबंगों ने जमकर पीटा और दूल्हे को भी घोड़ी से नीचे उतार लिया। एमपी में दलित युवक पर पेशाब करने की अमानवीय घटना किसी से छिपी नहीं है। आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता और जहांगीरपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश मधुर एडवोकेट का कहना है कि बीते दस वर्षों में भाजपा शासित प्रदेशों में दलित अत्याचारों की इंतहा हो गई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के छावड़ गांव में तो दबंग साहूकारों ने मानवीयता की सारी हदें पार कर दी जब उन्होंने कर्जदारों को अपमानित करने के लिए दो दलित युवकों को मारपीट कर उनके मुंह पर कालिख पोत दी और जूते-चप्पलों की माला पहना कर गांव में उनका जलूस निकाला। उन्होंने चेताया कि भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री अपने यहां होने वाले दलित अत्याचारों पर जल्द अंकुश लगाएं। अनदेखी हुई तों आसपा आंदोलन करेगी। वरिष्ठ दलित चिंतक और डॉ. बीआर अंबेडकर साक्षरता संस्थान के महासचिव केप्टन अनिल कुमार भाजपा शासन में दिनों दिन बढ़ते जा रहे अत्याचारों से आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि अजब संयोग है कि भाजपा शासन में दलितों पर शोषण और अत्याचार की घटनाएं बढ़ने लगती है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में यूपी, एमपी, राजस्थान और बिहार में दलित अत्याचार तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि विडंबना देंखिए कि दलित अत्याचारों की घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहती और भाजपा नेतृत्व जान कर अंजान बना रहता है। बसपा के वरिष्ठ नेता और खुर्जा विधानसभा क्षेत्र कमैटी के अध्यक्ष राज कुमार प्रधान ने कहा कि भाजपा शासन में दलित समाज के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। आए दिन दबंग तरह तरह के बहाने कर दलित समाज के लोगों को प्रताड़ित करते रहते हैं। आजादी के 75 वर्ष बाद भी वृंदावन के दबंग किसी दलित युवक को घोड़ी से उतार कर समूची बारात की पिटाई करते हैं तो मैनपुरी के थाना किशनी के गांव हरीपुर का एक दबंग शिक्षक एक दलित छात्र की दो उंगलियां इस लिए तोड़ देता है कि दलित छात्र ने घनी प्यास लगने पर शिक्षक की बोतल का पानी पी लिया था।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए बाबू बालेश्वर लाल

जन एक्सप्रेस | मथुरा/फरह



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 38वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को आगरा मथुरा हाइवे स्थित मां की रशोई रेस्टोरेंट पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उनके विचारों को याद किया गया।

इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला सचिव पप्पू चौधरी ने संचालन किया। उनके चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि व नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तहसील अध्यक्ष अनुज सिंघल ने संगठन की विशेषता बताते हुए कहा कि संगठन में शक्ति होती है और सभी पत्रकार साथियों को संगठित होने का सुझाव दिया। उन्होंने समाज और पत्रकारों के संबंध बनाए रखते हुए मानवीय आधार पर कार्य करना चाहिए, इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष फरह सालगिराम वटिया ने बताया कि पत्रकार क्षेत्र की समस्या बताने में अपना योगदान रखते है और जनता की समस्या को उठाने को दिन रात दौड़ते है, ब्लाक प्रमुख अनिल ने कहा कि पत्रकारिता जगत मे सबसे ज्यादा मेहनत ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार ही करते है। प्रेम सिंह प्रधान ने कहा कि पत्रकारों चौथा चौथा स्टंप है सरकार को इनकी सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। विक्रम समाजसेवी विक्रम सिंह ने कहा कि शासन प्रसासन को लो दिखाने को पत्रकार ही आगे आते है। इस मौके पर सुमित अग्रवाल, जगमोहन, सतीश तरकर, बाँके शर्मा, लक्ष्मण सिंह, पंकज गोयल, सुंदर सिंह, के.के. मनोज अग्रवाल भईया आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार में अपराधी बेखौफ अपराध चरम पर: अजय राय

- पीड़ित का आरोप, पुलिस से मिलकर भाड़े के हत्यारे ने मेरे पूरे परिवार का कर दिया सफाया
- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार के साथ कांग्रेस पार्टी की पूरी संवेदना जताई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**जफराबाद।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सूबे में अपराधी बेखौफ हो गए हैं, अपराध चरम पर पहुंच गया है। हर दिन हत्या, लूट ,डकैती की वारदात हो रही है। और सरकार अपने गुड वर्क का झूठा ढिढोरा पीट रही है। ऐसी सरकार को अब यूपी में रहने की जरूरत नहीं है।

वह मंगलवार को मोहम्मदपुर गांव में पिता व दो पुत्र की निर्मम हत्या के बाद पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए यहां आए हुए थे।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस परिवार के प्रति मेरी और मेरे पूरे कांग्रेस पार्टी की गहरी संवेदना है। मृतक लालजी की पत्नी प्रभावती तथा मृतक गुड्डू की पत्नी सरिता से उन्होंने मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी लिया। उनके इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। लाल जी की पत्नी प्रभावती व बहु सरिता ने 2018 से अब तक हुए सभी घटनाक्रम को विस्तार से बताया। कहां बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पलटू राम नागर और उनके भाड़े के खरीदे गए अपराधियों ने पुलिस प्रशासन से मिलकर मेरे पूरे परिवार को खत्म कर दिया। मेरा सिर्फ एक औलाद जो लंबे समय से जिला जेल में बंद है । अगर शायद वह भी बाहर रहता तो ये अपराधी उसे भी मौत की नींद सुला देते। इस दौरान अजय राय ने मौके पर मौजूद कोतवाल मिथिलेश मिश्रा से घटना के संबंध में मौके पर बुलाकर जानकारी लिया। मिथिलेश मिश्रा ने अजय राय को बताया कि इसमें नामजद में दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है तीसरे पर 25 हजार का इनाम घोषित किया जा चुका है। अजय राय ने कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया। पत्रकारों के सवाल के जवाब में अजय राय ने कहा कि योगी सरकार में जंगल राज है। लगातार प्रदेश में लूट, हत्या जैसी जघन्य घटनाएं हो रही हैं।

अपराध पर रोक लगाना सरकार का सिर्फ दिखावा रह गया है।

योगी का बुलडोजर सिर्फ दिखावे के लिए है।

कुछ चिन्हित लोगों पर योगी का बुलडोजर चलता है। बाकी जगहों पर योगी का बुलडोजर शांत रहता है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह, शहर अध्यक्ष आरिफ खान, नगर अध्यक्ष फैयाज हाशमी, राकेश शर्मा, रेखा सिंह, राकेश मिश्रा, तिलकधारी निषाद आदि मौजूद रहे।

## किसान रजिस्ट्री न होने से किसान परेशान



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**खुटहन।** वरासत और खतौनी में गलत नाम के वजह से नहीं हो पा रही है किसान रजिस्ट्री किसान तहसील का लगा रहे है। चक्कर समस्या का नहीं हो रहा निदान तहसील के कर्मचारी खतौनी संशोधन के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे हैं बावजूद इसके। नहीं हो पा रही है। संशोधन कहते है यहां से कर दिया गया है। लखनऊ से रूका हैं प्रत्येक गांव में अधिकांश किसान रजिस्ट्री हो चुका है।छूटे वहीं है। जिनके मुखिया की मौत हो चुकी है।वरासत हुआ है और दूसरा जिनका खतौनी में किशोरी के जगह किशोर हो गया है। कम्प्यूटर आपरेटर की ग़लती का खामियाजा किसान को भुगतना पड़ रहा है। त्रुटी पूर्ण खतौनी के वजह से किसानों का किसान रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। किसानों ने प्रशासन से खतौनी में संशोधन कराने की मांग की है।

# जेल ने बचाई तीसरे बेटे की जान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के नेवादा गांव में तिहरे हत्याकांड के मामले से क्षेत्र वासियों का दिलदहल उठा है। पिता के साथ दो नौजवान पुत्र की हत्या के तरीके को देखकर क्षेत्र में सिर्फ एक ही बात की चर्चा है कि अगर उनका तीसरा पुत्र जेल से बाहर होता तो उसकी भी हत्या हो जाती है।

दो भाई और पिता को खोने के बाद शमशान घाट से लौटे तीसरे पुत्र जिलाजीत के चेहरे पर भय और अपराधियों का खौफ स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। क्योंकि हत्यारे जिस क्रूरतम तरीके से इतने बड़े हत्याकांड को अंजाम दिए उससे तो साफ जाहिर है

की निर्मम हत्या करने वाले हत्यारे तीसरे पुत्र जिलाजीत गौतम को भी मौका मिलते ही मौत की नींद सुला देते।

पूरे दिन गांव तथा आसपास के क्षेत्र में इस बात की चर्चा खूब होती रही कि सजा काट रहे पुत्र की जान सिर्फ इसी कारण से बच गई क्योंकि वह जेल में था।

चर्चा इस बात की भी हो रही है कि इतने बड़े परिवार कारोबार को चलाने वाला अब कोई नहीं है।

कम से कम जेल में सजा काट रहे जीवित तीसरे पुत्र से परिवार को चलाने की एक मात्र उम्मीद बची हुई है।

अपने दो भाई व पिता को मुखाग्नि देने के लिए सोमवार को पेरोल पर तीसरे भाई जिलाजीत के बारे में ग्राम वासियों ने बताया कि इस घटना को जानने के बाद जिला जीत कोई यकीन नहीं हो रहा था।

कि मेरा हंसता खेलता पूरा परिवार उजड़ चुका है।

जिलाजीत के चेहरे पर पिता व दो सगे भाइयों की मौत का गम साफ देखने को मिल रहा था।

परिवार के खोने के गम के साथ-साथ चेहरे पर भय भी बना हुआ है।

# तीन हन्याकांड से हमलावरों के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश

- पुलिस छावनी में तब्दील हुआ महमदपुर गांव, एक प्लाटून पीएसी तैनात

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। मोहम्मदपुर गांव निवासी लालजी व उनके दो पुत्र गुड्डू और यादवीर कि बीते दिवस हुई निर्मम हत्या के बाद से हमलावरों के प्रति ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे गांव को पुलिस छावनी में तब्दील करते हुए एक प्लाटून पीएसी, तीन थानों की पुलिस फोर्स लगा दी गई है। फिर भी गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। शोक संवेदना जताने के लिए आ रहे विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों पर भी पुलिस की खास नजर बनी हुई है।

जिला मुख्यालय से अतिरिक्त मजिस्ट्रेट और एक डिप्टी एसपी अपनी पूरी टीम के साथ अलग से पूरे मामले पर नजर रखते हुए गांव में कैंप भी कर रहे हैं।

बावजूद इसके उक्त मामला जानने के बाद गांव तथा क्षेत्र में दहशत के साथ-साथ हत्यारों के खिलाफ ग्रामीणों का भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सोमवार से ही महमदपुर गांव में जफराबाद, गौराबादशाहपुर व लाइनबाजार, जफराबाद थाने की पुलिस फोर्स एवं पीएसी बल को तैनात कर दिया है।

इस सनसनी खेज घटना से मंगलवार को भी गांव में माहौल ग़म जदा व भारी तनावपूर्ण रहा।

हालांकि किसी प्रकार की कोई बिगड़ने वाली बात नहीं हो पाई। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की गाड़ियों का काफिला पूरे दिल मोहम्मदपुर गांव में आने जाने का सिलसिला लग रहा। उक्त नेताओं के आने जाने पर भी प्रशासन बस्तर से काफी खास नजर रखी जा रही है।

# विधायक ने किया सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगरामऊ परिसर में नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में परिसर गूंज उठा।

इस शौचालय के निर्माण से न सिर्फ बाजार क्षेत्र के नागरिकों को लाभ मिलेगा, बल्कि अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को भी बड़ी राहत मिलेगी। पहले यहां शौचालय की समुचित व्यवस्था न होने से लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था।

लोकार्पण समारोह में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मृगेंद्र सिंह शिव बाबा, डॉ. अभिषेक वर्मा, अम्बुज तिवारी, अखिलेश तिवारी, नारायण तिवारी, महिपाल यादव, जय सिंह, पिंकू शुक्ला, वरुण सिंह, रज्जू मिश्रा, पंकज सिंह और गणेश मोदनवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि जनसुविधाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है। आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी।

# समर कैंप में बच्चों ने योग से जाना स्वास्थ्य का महन्व



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

जिले के बनकटी विकास खंड के पीएम श्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देवमी में चल रहे समर कैंप में मंगलवार को छात्रों ने योग कर स्वास्थ्य का महत्व जाना।

ज्ञात हो यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी, सहायक शिक्षा निदेशक संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन एवं खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.अनिल कुमार मौर्य, प्रबंधक प्रभा वंश महिला महाविद्यालय मथौली, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, ग्राम प्रधान रंजना देवी व प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल ने संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। डॉ. मौर्य ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिलता है। बच्चों ने योगाच्यास कर स्वस्थ रहने के तरीके सीखे, साथ ही वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

प्रधानाध्यापक इकबाल ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की पढ़ने, लिखने व गणित की बुनियादी समझ को मजबूत करना है।

इस दौरान सुनीता चौधरी, विनय कुमार शर्मा, सावित्री, आनंद कुमार प्रजापति सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## पांच वर्षीय मासूम से अप्राकृतिक दुराचार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**शाहगंज।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी पड़ोसी युवक ने सोमवार की रात मासूम के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म कर डाला। शोर मचाने पर परिवार के लोगों को आते देख आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी। आरोपित रिश्ते में मासूम का दादा बताया जाता है। सोमवार की रात पड़ोसी व रिश्ते में दादा लगने वाले 22 वर्षीय युवक ने 5 वर्षीय मासूम के साथ घर के बगल स्थित बाग मे सोने गया था। उसी दौरान युवक ने मासूम बालक के साथ घटना को अंजाम दिया। मासूम के शोर मचाने पर पहुंचे घर के परिजनों को देख युवक मौके से फरार हो गया। रक्त स्राव होने की वजह से परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बालक को उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय लाया। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पीड़ित के पिता दिलीप की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दज।

# ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को भंडारे का आयोजन



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को भारतीय जीवन बीमा निगम परिवार द्वारा विधि विधान से श्री हनुमान जी की पूजा आराधना कर भंडारे का आयोजन किया गया। इस विशाल भण्डारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भारतीय जीवन बीमा निगम बस्ती शाखा के प्रबंधक प्रशासन दिलीप त्रिपाठी एवं राजेश सिंह द्वारा हनुमान जी का पूजन अर्चन करने के पश्चात भण्डारे का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में भजन कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय रहा भण्डारे में प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की आस्था जुटी रही। आयोजकों ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा हर वर्ष ज्येष्ठ माह के मंगलवार को भण्डारे का आयोजन विगत कई वर्षों से कार्यालय के स्टाफ और अभिकर्ताओं के आपसी सहयोग से होता है।

आयोजन में मुख्य रूप से प्रेम शंकर ओझा, राम विनय पाण्डेय, अमरजीत सिंह, राम चंद्र शुक्ला, इन्द्रजीत पाण्डेय, आशुतोष श्रीवास्तव, हरि निगम, अंकित श्रीवास्तव, जयन्त कुमार, अखिलेश दीक्षित, शांतनु शुक्ल, आदर्श श्रीवास्तव, वृन्दावती देवी, मनोज मिश्र, शेर बहादुर सिंह, विनोद, प्रदीप, संजय, शिव शंकर शुक्ल आदि ने योगदान दिया।

# गाजीपुर में गूंजा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का यशगान

- नारी सशक्तिकरण और सनातन मूल्यों के संरक्षण पर दिया जोर -सुशील उपाध्याय

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



गाजीपुर। गाजीपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक भव्य और विचारोत्तेजक प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष के अवसर पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी को समर्पित किया गया। यह आयोजन उनके अतुलनीय योगदान को नमन करते हुए सनातन संस्कृति के संरक्षण, नारी सशक्तिकरण और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जौनपुर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय सम्मिलित हुए श्री उपाध्याय ने कहा, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की वह अमर विभूति हैं, जिनकी शासन नीति, जनकल्याण की भावना और धार्मिक-सांस्कृतिक पुनरुत्थान के प्रयास युगों-युगों तक प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने महिलाओं को समाज में गरिमापूर्ण स्थान दिलाने हेतु जो कार्य किए, वह आज भी प्रासंगिक और अनुकरणीय हैं।

सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

वक्ताओं ने लोकमाता के जीवन मूल्यों को जनप्रतिनिधियों के कर्तव्य-बोध से जोड़ते हुए, सेवा और समर्पण की भावना से कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का आयोजन त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसमें उनके जीवनवृत्त, सांस्कृतिक पुनरुत्थान हेतु किए गए कार्यों तथा समरस समाज की उनकी कल्पना पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर लोकमाता अहिल्याबाई के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए यह संकल्प लिया गया कि

उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में सनातन मूल्यों की पुनर्स्थापना और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

# महिला की गोली मारकर हन्या, आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



बदलापुर थाना क्षेत्र के देवापट्टी गांव में सोमवार देर शाम एक सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। गांव निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। महिला के पति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी की गोली मारकर हत्या की गई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति रामजतन कनौजिया की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी जयभारत मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर ली गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि रामजतन कनौजिया ने सोमवार शाम करीब चार बजे थाने में शिकायत दी थी।

उन्होंने बताया कि वह गांव के ही जयभारत मिश्रा के यहां काम करते हैं।

किसी बात को लेकर हुए विवाद में जयभारत मिश्रा ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से रामजतन की पत्नी फूलपत्ती को गोली मार दी। घायलावस्था में महिला को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

पुलिस फिलहाल उससे गहन पूछताछ कर रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

इस हत्याकांड से गांव और आस-पास के क्षेत्रों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और भरोसा दिलाया है कि आरोपी के खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी चन्द्रभूषण त्रिपाठी के निधन से शोक की लहर

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



कुदरहा विकास खण्ड क्षेत्र के कुदरहा गांव निवासी लगभग 71 वर्षीय पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी चन्द्रभूषण त्रिपाठी का मंगलवार की भोर पर अस्पताल ले जाते समय निधन हो गया। शिक्षा विद चन्द्रभूषण त्रिपाठी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार अयोध्या में सरयू नदी के तट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र अभिषेक मणि त्रिपाठी ने दिया। वे अपने पीछे पत्नी, 7 बेटियां दो बेटों के साथ ही भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

शिक्षक संघ के जनपदीय प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि चन्द्रभूषण त्रिपाठी आखिरी क्षणों तक शिक्षा के भविष्य को लेकर चिन्तित रहे। श्रंद्धाजलि अर्पित करने वालों में पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, शशिधर मिश्रा, कैलाश नाथ मिश्रा, इन्द्रजीत दुबे, सहदेव दूबे, राजेश धर दूबे, योगेश त्रिपाठी, जटा शंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता बालकृष्ण त्रिपाठी, कृष्ण कांत त्रिपाठी, राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी, जटा शंकर शुक्ल, सुभाष द्विवेदी, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री महेश शुक्ल, जिला अध्यक्ष भाजपा विवेकानंद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख कुदरहा अनिल दुबे, आनन्द, उदय शंकर शुक्ल, शैल शुक्ल, अभय सिंह यादव, देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्याम लाल शुक्ल, संजय पांडे, भोला त्रिपाठी, अजीत पाण्डेय,उदय भान,जय प्रकाश शुक्ल, प्रवीण श्रीवास्तव, विष्णु दत्त शुक्ल, मुरलीधर दूबे, गुरु दत्त मिश्रा, राजीव उपाध्याय, रवीष मिश्र, वीरेन्द्र शुक्ल,पवन मिश्रा, बालमुकुन्द मिश्रा, राजेश पाठक, संतोष गुप्ता, ज्ञान चन्द्र मिश्र,उदय शंकर चौधरी, मंटू, सुनील त्रिपाठी, संतोष पाल, रजनीश पाल, पं.आचार्य रमाकांत मिश्र सहित अनेक लोग शामिल रहे।

## ट्रक ने मारी डीसीएम को टक्कर भागते समय ट्रक पलटा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। स्थानीय थाना गेट से चंद कदम दूरी पर एक ट्रक ने डीसीएम को टक्कर मार दिया। जिसमें चालक बाल बाल बच गया। लेकिन घबराहट में टक्कर मारकर भाग रहा ट्रक फरीदपुर गांव में जाकर पलट गया। शहर के एक ट्रांसपोर्ट से कुछ सामान लेकर डीसीएम चालक वाराणसी की तरफ जा रहा था। थाने के थोड़ा पहले ट्रक ने डीसीएम को टक्कर मार दिया। संयोग अच्छा था कि चालक बाल बाल बच गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक घबरा गया।

वह थाने के 100 मीटर आगे जाकर फरीदपुर गांव में घुस गया। वहां पर उसके ट्रक की चपेट में आने से कई लोग बच गए। आखिर में ट्रक आगे जाते ही पलट गई।

उसमें गेंहू लदा था। ट्रक लखनऊ से वाराणसी जनपद के फूलपुर जा रहा था।

घटना के बाद ततपरता दिखाते हुए पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ लिया। गेंहू की देख रेख के लिए पुलिस टीम लगा दी गयी।

# गुरैनी पुलिस बूथ का लोकार्पण




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

खेतासराय। गुरैनी बाजार स्थित नवनिर्मित पुलिस बूथ का लोकार्पण क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने मंगलवार की शाम हवन पूजन व वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ फीता काटकर किया । इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुलिस बूथ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थापित किया गया है। आज के बदलते दौर में पुलिस बूथ जनता की सेवा और त्वरित न्याय दिलाने में सबसे मददगार साबित होगी। इसीलिए क्षेत्र में नए पुलिस बूथ बनाए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय जनता को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करना है। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि इस बूथ की स्थापना से न केवल कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं या किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।थानाध्यक्ष रामश्रय राय ने समस्त ग्रामीणों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बूथ पर 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। ताकि किसी भी घटना या दुर्घटना की स्थिति में तत्काल सहायता दी जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील किया। ताकि क्षेत्र को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाया जा सके। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित प्रधानगण, ग्रामीणजन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू, हेड कांस्टेबल नफ़ीस अहमद सिद्दीकी, उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाठक भोला सिंह संजय पांडेय, अंबिका यादव, अंकुश सिंह, जीशान अन्य मौजूद रहे।

# सरकारी ज़मीन पर कब्ज़े में हीलाहवाली पर हाईकोर्ट सख्त, मड़ियाहूं तहसीलदार को किया तलब

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

मड़ियाहूं तहशील के नेवढ़िया थाना क्षेत्र के हथेरा नयेपुर गांव में गाटा संख्या 933 रकबा 0.024 हेक्टेयर जमीन, जो नवीन परती के रूप में राजस्व अभिलेख में दर्ज है, पर गांव के दबंग विपिन कुमार पुत्र स्वर्गीय श्रीपति द्वारा अवैध अतिक्रमण कर शौचालय व ईंट की बाउंड्री वॉल आदि निर्माण कर लिया गया। यह भूमि शासकीय होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते कब्जेदार पर लंबे समय तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी।

गांव के ही रोहित कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने इस अवैध कब्जे की शिकायत जिला अधिकारी जौनपुर, उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं और राजस्व परिषद प्रयागराज तक की। परंतु हल्का लेखपाल द्वारा अतिक्रमणकर्ता से मिलीभगत कर फर्जी रसीदें लगाकर बार-बार मामले का फर्जी निस्तारण किया जाता रहा और अधिकारियों को गुमराह किया गया।

हाईकोर्ट में दायर हुई जनहित याचिका इस पूरे प्रकरण को देखते हुए पीड़ित रोहित कुमार ने 6 फरवरी 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका संख्या 508/2025 दायर की। 7 मार्च 2025 को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता श्री शिवम सिंह ने कोर्ट में पक्ष रखा, जिसके बाद उच्च न्यायालय ने विभागीय अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की।

### जांच में खुली सच्चाई, अतिक्रमण की पुष्टि

न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में 26 मार्च 2025 को मड़ियाहूं तहसील के आदेश पर कानूनगो कुंज बिहारी सिंह, लेखपाल मनोज कुमार आदि ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में अतिक्रमण की पुष्टि हुई। विपिन कुमार द्वारा शासकीय नवीन परती भूमि पर अवैध निर्माण किए गए थे। उच्चाधिकारियों के आदेश पर अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध बेदखली का मुकदमा दर्ज कर नोटिस जारी किया गया। तहसीलदार की ढिलाई पर हाईकोर्ट का सख्त रुख मगर मड़ियाहूं तहसीलदार द्वारा बेदखली मुकदमे में सुनवाई और आदेश में अनावश्यक विलंब किया गया। इस पर हाईकोर्ट ने 21 मई 2025 को हुई सुनवाई में सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि तहसीलदार मड़ियाहूं द्वारा राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के तहत मुकदमे की प्रगति अत्यंत असंतोषजनक है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि यदि 29 मई 2025 को निर्धारित तिथि तक मुकदमे में पक्षकारों की सुनवाई कर आदेश पारित नहीं किया गया, तो तहसीलदार मड़ियाहूं 30 मई 2025 को दोपहर 2 बजे व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट में पेश होंगे। साथ ही, यदि उक्त तिथि तक आदेश पारित हो जाता है,।

# स्लीपर बस दुर्घटनाग्रस्त, 2 यात्रियों की मौत, 16 घायल

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

तालग्राम में मंगलवार सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक स्लीपर बस आगे चल रही डीसीएम से टकरा गई। यह टक्कर किलोमीटर संख्या 174 के पास हुई। हादसा इतना जबरदस्त था कि पश्चिम बंगाल के लेनीगढ़ चांदपुर निवासी 35 वर्षीय शिशिर कुमार टिकादेर समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।
हादसे में स्लीपर बस में सवार 6 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि 10 लोगों को हल्की चोटें आई हैं। घायलों को एम्बुलेंस के जरिए तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनाग्रस्त बस को क्रेन से हटवाकर यातायात सामान्य कराया गया।



## हादसे के वक्त बस में 45 लोग थे सवार

हादसे के समय बस में कुल 45 यात्री सवार थे। यह बस अहमदाबाद से गोरखपुर जा रही थी। बस को जोधपुर निवासी शमीम चला रहे थे, जबकि परिचालक गुजरात के भरवा निवासी मोहन सिंह थे।
घायलों में बस्ती जिले के सराहा कलवाटी निवासी हरिशंकर पांडेय और उनकी पत्नी आरती, गुजरात के राजकोट निवासी शकील, भूपातगंज के लोहारी करेड़ा निवासी राजेश और पश्चिम बंगाल के साउथ जोगेंद्र निवासी अभिजीत शामिल हैं।

## पुलिस और यूपीडा टीम ने मौके पर संभाला मोर्चा

घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी कमलेश कुमार, तालग्राम थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। यूपीडा की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया और दुर्घटनाग्रस्त बस को क्रेन से हटाकर तालग्राम टोल प्लाजा के पास खड़ा कराया। इसके बाद एक्सप्रेस-वे पर यातायात सामान्य हो गया।

# बरेली में फर्जी दरोगा गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली में लोगों को विदेश भेजने के नाम पर वीजा बनवाने के बहाने 20 लाख की ठगी करने वाले फर्जी दरोगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लखीमपुर खीरी निवासी पीड़ित की ओर से उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपी से एक कार, मोबाइल फोन, पुलिस की टोपी, पुलिस का फर्जी आईकार्ड बरामद हुआ है। उसकी ठगी के शिकार कई अन्य लोग अब सामने आ रहे हैं। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर फुलवा निवासी जितेंद्र सिंह खैरा को पुलिस ने मंगलवार शाम चेकिंग के दौरान फरीदपुर से गिरफ्तार किया है। जितेंद्र अपनी हूटर व पुलिस की लाइट लगी कार से जा रहा था। आरोपी को पुलिस थाने ले आई तो उसके मोबाइल की जांच व पूछताछ में चौंकाने वाली चीजें पता लगीं। पता लगा कि जितेंद्र लोगों को विदेश भिजवाने के नाम पर ठगी करता था। पुलिस की सूचना पर पहुंचे लखीमपुर खीरी के मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम ग्रंट नंबर तीन कुकरा निवासी दलबीर सिंह ने जितेंद्र सिंह खैरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी।

# ऑपरेशन सिंदूर में देरी पर शिवपाल ने पूछे तीखे सवाल





जन एक्सप्रेस। कन्नौज

तिर्वा में वकीलों के शपथ ग्रहण समारोह में सपा नेता शिवपाल यादव ने पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र सरकार को घेरा।
उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि सरकार मुस्तैद थी तो आतंकी कैसे घुस आए।
तिर्वा बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में शिवपाल यादव ने नव निर्वाचित अध्यक्ष बृजमोहन सिंह और महामंत्री विपिन द्विवेदी समेत 8 पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।
मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को आतंकियों से तत्काल निपटना चाहिए था।
सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद विपक्ष ने सरकार का पूरा समर्थन किया। आतंकवाद विरोधी हर फैसले पर सहमति दी। उन्होंने सवाल किया कि जब देश के मामले में विपक्ष साथ देता है तो सरकार विपक्ष से राय क्यों नहीं लेती।

### हसेरन को बनाया जाएगा तहसील

शिवपाल ने स्थानीय मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सपा शासन में कन्नौज के हसेरन को तहसील घोषित किया गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने अभी तक काम शुरू नहीं कराया। उन्होंने वादा किया कि सपा की सरकार बनने पर हसेरन को तहसील बनाया जाएगा।

### मंच की सीढ़ियां टूटीं

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं की भीड़ के कारण मंच की सीढ़ियां टूट गईं। बाद में शिवपाल यादव सपा नेता अंशुल गुप्ता के आवास पर गए। दोनों स्थानों पर कार्यकर्ताओं की भीड़ के कारण धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। इसके बाद वे कन्नौज स्थित जिला कार्यालय भी आये जहां जिलाध्यक्ष कलीम खान समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से उन्होंने पीडीए और 2027 की रणनीति पर व्यापक चर्चा की।

# ज्येष्ठ माह के मंगल का होता है विशेष धार्मिक महत्व : राकेश कर्रा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगल पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने विकास भवन रोड स्थित प्रिंट मीडिया कार्यालय पर आयोजित विशाल भंडारे का विधिवत शुभारंभ किया। इस भंडारे का आयोजन पत्रकार मनीष सिंह किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत श्री कर्रा द्वारा भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। उन्होंने श्रद्धा भाव से हनुमान जी का आशीर्वाद लिया और मंगलमय आयोजन के लिए मंगल कामनाएं कीं। पूजा के उपरांत भंडारे की शुरुआत हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को छोला, चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।
इस अवसर पर राकेश कर्रा ने कहा कि, ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इस दिन सच्चे मन से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह दिन श्रद्धा और सेवा का प्रतीक है।पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजक मनीष सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस पावन अवसर पर डॉ विवेक यादव, उमेश श्रीवास्तव, पाटेश्वरी प्रसाद, लवकुश शरण आनंद, सचिन सिंह, कुंदन, हिमांशु वर्मा, दिलीप वर्मा, अंकुर मिश्रा, रोहित सिंह, ज्ञानेंद्र आर्या, अनुपम चौरसिया सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

# बेटे का शव घर पहुंचने पर मां की सदमे में मौत



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। कस्बा निवास युवक रात को कानपुर लखनऊ हाईवे पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो उसकी मां ने बेटे के गम में दम तोड़ दिया। दो मौतों से मोहल्ले में मातम का माहौल है।अजगैन कोतवाली के नवाबगंज कस्बे के गांधीनगर मोहल्ला निवासी अंकित (20) पुत्र राकेश सोमवार रात खाना खाने के बाद घर से टहलने निकला था। इस दौरान पुलिस चौकी के सामने कानपुर लखनऊ हाईवे को पार कर रहा था। तभी कोई अज्ञात वाहन उसे टक्कर मार कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। एंबुलेंस से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शाम 4 बजे शव घर पहुंचा तो उसकी मां गुड्डन की भी बेटे के गम में मौत हो गई। एक ही घर में दो मौतों से मोहल्ले में मातम छा गया। मृतक दही चौकी की एक कंपनी में सिलाई का काम करता था। वह दो भाईयों में वीरेंद्र से छोटा था उससे छोटी बहन पूजा है। घर मे हुई दो मौतों से परिजन रोरोकर बेहाल है। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि अंकित के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# नाला सफाई से आ रही समस्याओं के लिए सभासदों ने अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया

■ पत्थर टूट गए दुकानदारों और लोगों के आवागमन की समस्या को अवगत कराते हुए

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



गंगाघाट महीने के आखिरी मंगलवार के चलते नागरिक सुविधा दिवस पर नगर पालिका परिषद गंगाघाट में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस में रात को कई वर्षों पश्चात हो रही नाले की सफाई की समस्या को लेकर सभासद प्रत्यय गुप्ता ने नाले की सफाई अपने वार्ड के सामने राजधानी मार्ग पर मौजूद रहकर करवाई जिसके दौरान कई पत्थर टूट गए दुकानदारों और लोगों के आवागमन की समस्या को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द नए पत्थरों को बनवाने और रखे जाने के लिए अधिशाषी अधिकारी को अवगत कराया वहीं सभासद अखिलेश ने बताया कि उनके क्षेत्र पर विभिन्न स्थानों पर मौरंग गिट्टी का व्यापार कर रहे ट्रेडर्स द्वारा नाले के ऊपर अवैध तरीके से कई वर्षों से व्यापार किया जा रहा है जिससे कि मोरंग नाले के अंदर चली जाने के कारण नाला जाम हो जाता है और पानी का बहाव रुक जाता है और रात्रि में नाले की सफाई के दौरान पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए अधिशाषी अधिकारी से सभासद ने मांग करी क्योंकि रात्रि के दौरान रोड पर बने दुकानदार व भवन मालिक नाला सफाई को लेकर विरोध करते हैं जिसके कारण कार्य में बाधा आती है और पुराने बने नाले के जर्जन हो जाने के कारण नाले की ढलान और बहाव दोनों ही स्थितियां खराब है जिसके कारण विभाग को नाले को सही करवाने की मांग करी हालांकि नगर पालिका में नागरिक सुविधा दिवस के मौके पर जनता की आए दिन कमी नजर आ रही है जिससे कहीं ना कहीं यह प्रतीत होता है कि नगर पालिका गंगाघाट द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निदान नहीं किया जा रहा है जिसके चलते आए दिन लोगों ने हताश होकर नागरिक सुविधा दिवस पर समस्या बताना बंद कर दी है वही एक व्यक्ति द्वारा जानकारी दी गई कि पूछताछ केंद्र नगर पालिका में पिछले 7 दिनों से जानकारी के अनुसार कार्य कर रही कर्मचारी रुचि दुबे नाम की महिला के बारे में जानकारी करी जा रही है परंतु पूछताछ केंद्र पर रुचि दुबे किस विभाग में कार्य कर रही हैं यह जानकारी नहीं मिल पा रही सूत्रों के अनुसार यह भी बताया गया कि रुचि दुबे नाम से नगर पालिका परिषद गंगाघाट में लगातार हर माह वेतन भी जारी हो रहा है परंतु वह ड्यूटी पर नहीं आती बाबू की मिली भगत से उपस्थिति दर्ज कर वेतन बनाया जाता है जिसके चलते वेतन बनाने वाले बाबू कर्मचारियों की लिस्ट बनाने वाले बाबू और वेतन जारी करने के पश्चात सीट पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी की मिली भगत प्रतीत हो रही है।
हालांकि है जांच का विषय है जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को करनी चाहिए राजस्व के वेतन से घर बैठे कई कर्मचारी नगर पालिका में पैसा घर बैठे पा रहे हैं।
रुचि दुबे पत्नी आशीष दुबे जिनका वेतन बनाने वाले बाबू द्वारा कितना कमीशन लिया गया जांच का विषय है।

# कांग्रेसियो ने पुष्पार्चन कर नेहरू को याद किया

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पांडे की अध्यक्षता में जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे के नेतृत्व में अजय पांडे के प्रतिष्ठान में पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी कांग्रेस जनों ने उन्हें याद किया। पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पांडे ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने संबोधन में बताया कि देश की आजादी में पंडित नेहरू का विशेष योगदान रहा है नेहरू जी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान देश में काफी विकास योजनाएं चलाकर देश को एक समृद्धशाली राष्ट्र बनाने का कार्य किया और सभी देशवासियों को राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ाया और देश में गरीब शोषित वंचित मजदूरों के लिए काम किया लेकिन वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में जात-पात की राजनीति कर देश को बांटने का कार्य कर रहे हैं जो देश के लिए हानिकारक है।
पुण्यतिथि के अवसर पर महिला जिला अध्यक्ष रीना वर्मा ने नेहरू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने संबोधन में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के कार्यकाल में महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं चालू कर महिलाओं को सशक्त बनाए जबकि वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में आज देश की महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

# ट्रक की टक्कर से ट्रेक्टर का पहिया निकला, एक कि मौत, 13 यात्री घायल



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा सदर कोतवाली क्षेत्र नवीन मंडी समिति के पास एनएच 34 के ब्रिज पर हुआ। टक्कर से ट्रैक्टर का पहिया टूट गया। दुर्घटना में एक युवक ट्रैक्टर से उछलकर सड़क पर गिर गया। ट्रक ने उसे रौंद दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।
हादसे में 10 महिलाओं सहित 13 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना के समय ट्रैक्टर और ट्राली पर कुल 25 लोग सवार थे। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के दैड़ीपुर गांव निवासी दशरथ सिंह अपना ट्रैक्टर लेकर गांव से श्रद्धालुओं के साथ कन्नौज के मेहंदीघाट पर गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनका ट्रैक्टर पाल चौराहा होते हुए हाईवे पर नवीन मंडी समिति के नजदीक ब्रिज पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और उसके आगे के पहिए टूट गए। इस दौरान ट्रैक्टर पर सवार दैड़ीपुर गांव निवासी सचिन राजपूत (19) पुत्र अरविंद कुमार उछलकर सड़क पर जा गिरे, जिन्हें ट्रक ने रौंद दिया। इस हादसे में सचिन की मौत हो गई। जबकि ट्राली पर सवार दशरथ सिंह, रिंकी, नवीन कुमार, सुमन, मीरा देवी, संतोषी, सरला देवी, सुनीता, द्रोपदी, गोमती, निवासीगण दैड़ीपुर, मोहित कुमार निवासी ककरैया, जिला औरैया और तारा देवी निवासी खालेपुरवा-कन्नौज बुरी तरह घायल हो गईं।
सभी घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जबकि मृतक सचिन राजपूत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
घटना के बाद से ट्रक समेत ड्राइवर भाग निकला। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

# ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल को भाजपा कैंप कार्यालय पर सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



शुक्लागंज। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर गंगाघाट नगर पालिका परिषद पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश गुप्ता गोल्डी ने राजधानी मार्ग स्थित भाजपा कैंप कार्यालय उन्नाव मे आम जनमानस के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर सुबह सुंदरकांड पाठ और भजनों के साथ भजन कीर्तन और हनुमान जी की विशेष पूजा हुई भंडारे में लोगों ने पूडी सब्जी और शरबत के रूप में प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी। इसे बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है। यह पर्व ज्येष्ठ माह के हर मंगलवार को मनाया जाता है और विशेष रूप से भगवान हनुमान के वृद्ध रूप की पूजा की जाती है। उत्तर प्रदेश, में खासकर लखनऊ और उसके आस-पास के क्षेत्रों में यह पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। बड़े मंगल के दिन क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इसके साथ-साथ इससे जुड़ी धार्मिक मान्यताएं भी लोगों में गहरी आस्था का विषय हैं। बड़ा मंगल क्यों मनाया जाता है? बड़ा मंगल मनाने की परंपरा के पीछे एक ऐतिहासिक कथा जुड़ी है, जो लखनऊ से संबंधित है। कहा जाता है कि अवध के नवाब वाजिद अली शाह का बेटा लंबे समय से बीमार था। तमाम इलाज करवाने के बाद भी जब सुधार नहीं हुआ, तो किसी ने नवाब और उनकी बेगम को अलीगंज स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार को दुआ मांगने की सलाह दी। नवाब दंपति ने इस पर विश्वास कर हनुमान जी से प्रार्थना की। उनके बेटे की तबीयत में सुधार आने लगा। इस चमत्कार से प्रभावित होकर नवाब ने मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बड़े भंडारे का आयोजन करवाया। तभी से लखनऊ में बड़े मंगल को विशेष भक्ति और सेवा के साथ मनाया जाता है। एक मान्यता के अनुसार, ज्येष्ठ मास के मंगलवार को ही भगवान श्री राम और हनुमान जी का प्रथम मिलन हुआ था, जो धर्म और भक्ति के महान संबंध की शुरुआत मानी जाती हैं।

# गोआश्रय स्थलों की साफ सफाई और चिकिन्सा व्यवस्था पर एडीएम ने दिया जोर



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गो आश्रय स्थलों के संबंध में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि छुट्टा गोवंश की सूचना मिलने पर उन्हें गौ आश्रय स्थल में संरक्षित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गो आश्रय स्थलों की साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा एकत्र कंपोस्ट खाद को विक्रय कर अर्जित धनराशि को गोवंश आश्रय स्थल के नाम संचालित खाते में जमा किया जाए। श्री सिंह ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि स्वाभाविक/ प्राकृतिक गोवंश की मृत्यु होने पर पंचनामा के आधार पर शव का निस्तारण किया जाए, किंतु किसी संदेह की अवस्था हो तो उस शव का पोस्टमार्टम अवश्य कराया जाये। साथ ही गो आश्रय स्थलों की नियमित निगरानी की जाए, ताकि गोवंश की स्थिति की सही जानकारी मिल सके। उन्होने कहा कि गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशो के भरण पोषण हेतु धनराशि समय से भेजी जाये। इसी प्रकार गोंवश सहभागिता योजना के अन्तर्गत गोवंश भरण पोषण हेतु लाभार्थी को धनराशि देने से पूर्व क्रास वैरीफिकेशन अवश्य कराया जाये। सभी गो आश्रय स्थलों पर पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, पानी और चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिये।

# प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ ज़िम्मेदारी से निभाये पत्रकार अपनी भूमिका : महाना

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिले के तिर्वा स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज में सोमवार को एक कार्यक्रम हुआ। यहां ÷कान्यकुब्ज पत्रकार समिति÷ के शपथ ग्रहण समारोह का इस समारोह में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। साथ में उनके सामने पत्रकारिता की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान पत्रकारों ने भी अपनी बातें रखी।
शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होते हैं और हर स्तंभ की अपनी एक जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कन्नौज जिले को इत्र नगरी और राजनीति का मजबूत गढ़ बताया है। साथ ही कहा कि यहां के पत्रकार भी पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी मजबूत हैं और उनका काम लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम योगदान दे रहा है।
पत्रकारों के हितों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारों ने उनको ज्ञापन सौंपा है, जिसमें 9 सूत्रीय मांगें रखी गई हैं। हम इन मांगों को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे और पत्रकारों के अधिकारों के लिए सदैव खड़े रहेंगे। सतीश महाना ने यह भी कहा कि पत्रकारों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा, जिससे वे अपने काम को अधिक स्वतंत्रता और सुरक्षा के साथ कर सकें।
समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने पत्रकारों से एक खास अपील की है। सतीश महाना ने कहा कि पत्रकार अपनी पत्रकारिता में निष्पक्षता और ईमानदारी बनाए रखें। उन्होंने पत्रकारिता को एक मिशन और जिम्मेदारी बताया है। साथ में उन्होंने कहा कि सही सूचना और तथ्य जनता तक पहुंचाने के लिए पत्रकारों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है।

# नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के सभासदों ने दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिले के गुरसहायगंज नगर में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए नगर पालिका की कार्यशैली को लेकर नाराजगी व्यक्त की।
गुरसहायगंज नगर पालिका की ओर से तिर्वा रोड के चौड़ीकरण के काम किया जाना है। इसके लिए नगर पालिका ने उन मकानों को चिन्हित कर निशान लगवा दिए, जो पालिका की सीमा के अंदर तक बने हुए हैं। ऐसे मकान मालिकों को ध्वस्तीकरण के नोटिस थमा दिए गए।



नोटिस मिलते ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है। मंगलवार को गुरसहायगंज निवासी चांद मोहम्मद की अगुआई में मुस्लिम समुदाय के लोग कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां उन्होंने अतिरिक्त एसडीएम अविनाश गौतम से मुलाकात करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से उन्होंने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का विरोध किया।
चांद मोहम्मद ने कहा कि नगर पालिका ने मकानों के कुछ हिस्सों तक निशान लगाते हुए नोटिस थमाए हैं, जोकि गलत है। उन्होंने कहा कि हम लोगों के मकान 60-70 सालों से बने हुए हैं। राजनीतिक विद्वेष के चलते नगर पालिका ने नोटिस थमाए हैं। जिससे नगर का साम्प्रदायिक माहौल खराब हो सकता है।
तिर्वा रोड चौराहा गुरसहायगंज का सबसे व्यस्त इलाका है। यहां संकरी सड़क और फुटपाथ पर फैली दुकानों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है। प्रशासन का मानना है कि यातायात की समस्या से निपटने के लिए सड़क का चौड़ीकरण आवश्यक है।

# वक्फ कानून से जुड़ी अर्जी पर केंद्र को नोटिस

## चाइल्ड केयर लीव न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महिला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 द्वारा संशोधित वक्फ अधिनियम, 1995 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को 1995 के वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था। इसमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति और मामले में जिलाधिकारी की शक्ति भी शामिल है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले करीब तीन दिन तक वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनीं, जो संशोधित वक्फ कानून के विरोध में याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा। केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और संवैधानिकता की धारणा के इसके पक्ष में होने के मद्देनजर इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वहीं, याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे सिब्बल ने इस कानून को ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन तथा गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने का जरिया बताया। सिब्बल ने कहा, यह वक्फ संपत्तियों पर सुनियोजित तरीके से कब्जा करने का मामला है। सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं।



### तीन अहम मुद्दों पर अंतरिम राहत की मांग की

- **पहला मुद्दा:** अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति से जुड़ा हुआ है।
- **दूसरा मुद्दा:** राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित है। याचिकाकर्ताओं की दलील है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुसलमानों को ही राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में काम करना चाहिए।
- **तीसरा मुद्दा:** उस प्रावधान से जुड़ा है, जिसमें कहा गया है कि जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करते हैं कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 21 हाईकोर्ट न्यायाधीशों के तबादलों की सिफारिश की

भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी. आर. गवई की अध्यक्षता में सोमवार, 26 मई 2025 को हुई सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में देशभर के विभिन्न उच्च न्यायालयों के 21 न्यायाधीशों के तबादलों और पुनः नियुक्तियों (रिपैट्रिएशन) की सिफारिश की गई है।

### झारखंड- चाइल्ड केयर लीव न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची महिला अधिकारी

झारखंड की एक महिला न्यायिक अधिकारी ने चाइल्ड केयर लीव की अस्वीकृति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया गया। पीठ ने 29 मई को मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई। वहीं महिला न्यायिक अधिकारी की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि वह एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और एकल अभिभावक हैं। वकील ने कहा, %उसने चाइल्ड केयर लीव की मांग की थी क्योंकि उसका किसी अन्य स्थान पर तबादला कर दिया गया था।% उन्होंने कहा कि उसके द्वारा मांगी गई छुट्टी को अस्वीकार कर दिया गया था। वकील ने कहा कि महिला ने 10 जून से दिसंबर तक चाइल्ड केयर लीव की मांग की थी। सीजेआई ने पूछा, इसे क्यों अस्वीकार कर दिया गया? वकील ने कहा कि इसके लिए कोई कारण नहीं बताया गया।

### एससीबीए चुनाव समिति नौ सदस्यों के मतों की दोबारा कराए मतगणना

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को बार निकाय एससीबीए की चुनाव समिति से कहा कि वह नौ कार्यकारी सदस्यों के मतों की पुनर्गणना कराए। ताकि कुछ सदस्यों की शिकायतों का समाधान किया जा सके। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने बार निकाय का चुनाव कराने के लिए शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त चुनाव समिति की प्रशंसा की। पीठ ने कथित अनियमितताओं को वास्तविक त्रुटि करार दिया। पीठ ने कहा कि नौ कनिष्ठ कार्यकारी सदस्यों के चुनाव के संबंध में हमने चुनाव समिति से कहा है कि वह असंतुष्ट सदस्यों को संतुष्ट करने के लिए मतों की पुनर्गणना कराए। चूंकि चुनाव समिति के कुछ सदस्य आंशिक कार्य दिवसों (सर्वोच्च न्यायालय के) के दौरान उपलब्ध नहीं होते हैं, इसलिए हमने उनसे अनुरोध किया है कि वे अदालतें खुलने के तुरंत बाद यह कार्य करें और वे सभी उपलब्ध रहें। इसमें कहा गया है कि शीर्ष अदालत कार्यकारी सदस्यों के मतों की पुनर्गणना के लिए पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराएगी। पुनर्मतगणना उम्मीदवारों/नामांकित व्यक्तियों की उपस्थिति में की जाएगी। हालांकि वे इस प्रक्रिया में बाधा नहीं डालेंगे।सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष आदिश अग्रवाल द्वारा चुनाव समिति के सदस्यों के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर भी नाराजगी व्यक्त की।

---

### डब्ल्यूबीएसएससी विवाद पर सीएम ममता बनर्जी का एलान, कहा

# 31 मई तक जारी होगी नई शिक्षक भर्ती की अधिसूचना



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) शिक्षक भर्ती विवाद के बीच सीएम ममता बनर्जी ने बड़ा एलान किया है। सीएम ने कहा कि नई शिक्षक भर्ती की अधिसूचना 31 मई तक जारी की जाएगी। इसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नौकरी गंवाने वालों को आयु सीमा में छूट मिलेगी। नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को नई भर्ती प्रक्रिया में अनुभव का लाभ मिलेगा। वहीं शिक्षकों की नौकरियों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे। साथ ही नई भर्ती प्रक्रिया भी शुरू करेंगे। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि हमने एसएससी फैसले के मामले में सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की है। इस समय सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां हैं। सीजेआई के पिछले आदेश का पालन किया जाना चाहिए। अगर हम इसका पालन नहीं करते हैं तो यह कोर्ट की अवमानना होगी। अगर समीक्षा याचिका के दौरान सुप्रीम कोर्ट कहता है कि नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के लिए परीक्षा की जरूरत नहीं है तो हम उसका पालन करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करने के लिए 31 मई की समयसीमा तय कर दी है। हमारे हाथ बंधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम लंबे समय से समीक्षा याचिका पर सुनवाई का इंतजार कर रहे थे। हम नहीं चाहते कि किसी की नौकरी जाए। लेकिन अब चूंकि समीक्षा याचिका लंबित है, इसलिए हम 31 मई तक नई भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर रहे हैं। हम कानून का पालन कर रहे हैं और समीक्षा याचिका के रूप में एक विकल्प खुला रख रहे हैं। हम 30 मई को एक विज्ञापन जारी करेंगे। सरकारी स्कूलों में 24,203 रिक्त पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए जाएंगे। कक्षा 9 और 10 के शिक्षकों के लिए 11,517, ग्रुप सी के लिए 551 और ग्रुप डी के लिए 1000 अतिरिक्त पद सृजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नई भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 जून से शुरू होंगे। यह 14 जुलाई तक जारी रहेगा और पैनल 15 नवंबर को प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि हमें समीक्षा याचिका में कोई परिणाम नहीं मिलता है तो इस बीच लिखित परीक्षा, जांच, चुनौती, परिणाम प्रकाशन और साक्षात्कार पूरा कर लिया जाएगा।

### यह है मामला

3 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में एसएससी की तरफ से भर्ती अभियान के माध्यम से नियुक्त 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती को रद्द करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के 2024 के फैसले को बरकरार रखा, जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया को दूषित और दागी करार दिया गया। बेरोजगार हुए लोगों ने दावा किया कि उनकी दुर्दशा का कारण एसएससी की तरफ से धोखाधड़ी के माध्यम से नौकरी पाने वाले उम्मीदवारों और नहीं पाने वाले उम्मीदवारों के बीच अंतर करने में असमर्थता है।

---

# गेटवे ऑफ इंडिया के पास जेटी परियोजना के निर्माण पर नहीं लगेगी रोक, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के पास चल रहे जेटी और टर्मिनल सुविधा परियोजना के निर्माण पर रोक नहीं लगेगी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बॉम्बे हाईकोर्ट के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने भी निर्माण कार्य पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस मामले पर विचार कर रहा है और इस पर 16 जून को सुनवाई होगी। सीजेआई ने कहा कि शहर के लिए कुछ अच्छा हो रहा है। हर कोई तटीय सड़क का विरोध करता है। अब आप देख सकते हैं कि तटीय सड़क का क्या लाभ है? दक्षिण मुंबई से एक व्यक्ति 40 मिनट में वर्सोवा पहुंच सकता है। पहले इसमें तीन घंटे लगते थे। पीठ ने जानना चाहा कि क्या प्राधिकारियों को परियोजना के लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने परियोजना के लिए ली गई सात अनुमतियों की जानकारी दी। भाटी ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का यह दावा कि यह सुविधा केवल वीआईपी लोगों को ही मिलेगी, बिल्कुल गलत है।

### 'हर कोई सीवेज प्लांट चाहता है'

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह तो ऐसा है जैसे मेरे घर के सामने का हिस्सा ही नहीं है। जैसे हर कोई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चाहता है, लेकिन हर कोई कहता है कि मेरे घर के पीछे नहीं। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका पर सुनवाई करने के लिए इच्छुक नहीं है, क्योंकि उच्च न्यायालय पहले ही इस मामले पर विचार कर रहा है। पीठ ने उच्च न्यायालय से कहा कि वह इस मामले को अपने हाथ में ले और यथाशीघ्र इसका निर्णय करे।

### हाईकोर्ट ने भी किया था निर्माण पर रोक लगाने से इनकार

इससे पहले हाईकोर्ट ने भी जेटी परियोजना के निर्माण कार्य पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और कहा था कि यह परियोजना जनहित में है। हाईकोर्ट ने कहा था कि निर्माण कार्य परियोजना के खिलाफ दायर याचिका के परिणाम के अधीन होगा। सरकार ने पहले हाईकोर्ट में कहा था कि यात्री जेटी परियोजना के तहत गेटवे ऑफ इंडिया के पास की दीवार को गिराने के लिए चिह्नित किया गया है। अगली सुनवाई तक उसे नहीं गिराया जाएगा।

### याचिकाकर्ता ने लगाया आरोप

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि परियोजना दो वर्षों के भीतर पूरी की जानी है। यह परियोजना केवल समाज के एक विशेष वर्ग के लाभ के लिए बनाई जा रही है और यह बिना किसी जन सुनवाई और बिना किसी मंजूरी के बनाई जा रही है। योजना को 2025 तक आगे बढ़ा दिया गया।

---

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर, कहा

# हमें एकजुट होने और स्वदेशी ताकत की जरूरत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होने की जरूरत है। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी ताकत भी जरूरी है। उन्होंने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की। उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। यह हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति हमारी पूर्ण असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों में सभी राजनीतिक परिदृश्यों की भागीदारी में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कह हाल की घटनाओं को देखते हुए हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों के अलावा लोगों से भी आती है।

### नेत्र रोग विशेषज्ञ एमएल राजा को एस राधाकृष्णन चेयर के लिए नामित किया

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ एम एल राजा को एक साल के लिए डॉ एस राधाकृष्णन चेयर के लिए नामित किया। डॉ. एस राधाकृष्णन चेयर की स्थापना 2009 में राज्य सभा द्वारा भारत में संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हुई थी। इस चेयर की शुरुआत प्रथम उपराष्ट्रपति के नाम पर हुई। जो बाद में राष्ट्रपति बने। धनखड़ के कार्यकाल के दौरान इसे क्रियाशील बनाया गया था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राजा एक नेत्र रोग विशेषज्ञ, पुरालेख विशेषज्ञ, पुरातत्वविद् और इतिहासकार के रूप में असाधारण बहु-विषयक विशेषज्ञता लेकर आए हैं। वे वर्तमान में अविनाश (एकेडमी ऑन वाइब्रेंट नेशनल आर्ट्स एंड साइंटिफिक हेरिटेज) और रिच (रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ क्रोनोलॉजी एंड हिस्ट्री) के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उनके पास चिकित्सा, पुरातत्व, पुरालेखशास्त्र और इतिहास में योग्यताएं हैं।

---

## जीरीबाम-इंफाल रेल लाइन: मणिपुर के नोनी में रचा गया इतिहास पूरा हुआ दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ओवरपास का काम





**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय सेना ने एक बार फिर राष्ट्र निर्माण में एक शांत लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मणिपुर के नोनी जिले में जीरीबाम-तुपुल-इंफाल रेललाइन पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पियर ब्रिज, भारतीय सेना की गोरखा राइफल्स की सुरक्षा और संचालन सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह ऐतिहासिक पुल न केवल इंजीनियरिंग की दृष्टि से एक अद्वितीय उपलब्धि है, बल्कि यह भारतीय सेना और नागरिक एजेंसियों के बीच सुदृढ़ सहयोग का भी प्रतीक है। पूर्वी कमान के अंतर्गत 107 इन्फैंट्री बटालियन (टेरिटोरियल आर्मी), 11 गोरखा राइफल्स ६ जिन्हें गोरखा टेरियर्स के नाम से जाना जाता है, ने दुर्गम इलाके और सुरक्षा चुनौतियों के बीच परियोजना की निरंतर सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित की। सेना के इस योगदान ने न केवल परियोजना को समय पर पूर्ण किया, बल्कि यह पूर्वोत्तर भारत के विकास और रणनीतिक मजबूती की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। पूर्वी कमान के अधिकार क्षेत्र के तहत कार्य करते हुए, गोरखा टेरियर्स ने मणिपुर के नोनी में स्थित ब्रिज नं. 164, दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पियर ब्रिज - के निर्माण के दौरान निरंतर सुरक्षा और संचालन सहयोग प्रदान किया। उनकी अनुशासित उपस्थिति ने ऐसे क्षेत्र में, जहां सुरक्षा संबंधी चुनौतियां और जटिल भौगोलिक परिस्थितियां आम हैं, प्रतिकूल मौसम के बीच भी कार्य को बिना रुकावट आगे बढ़ने में मदद की। कोलकाता में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को इस रिकॉर्ड-तोड़ संरचना का अंतिम स्पैन सफलतापूर्वक स्थापित किया गया, जो केवल सिविल इंजीनियरिंग की नहीं, बल्कि नागरिक-सैन्य सहयोग और राष्ट्रीय संकल्प की भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह पुल, जिसे भारतीय रेलवे के तत्वावधान में बीबीजे कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा निर्मित किया गया, महत्वाकांक्षी जीरीबाम-तुपुल-इंफाल रेललाइन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो पूर्वोत्तर भारत के लिए एक रणनीतिक और विकासात्मक जीवनरेखा है। जहां यह पुल आज भारत की आधारभूत संरचना क्षमता का एक भव्य प्रतीक बनकर खड़ा है, वहीं इसे संभव बनाने में भारतीय सेना के गोरखा टेरियर्स की सतत सतर्कता और निष्ठा की विशेष भूमिका रही। उनका योगदान पारंपरिक सैन्य दायित्वों से परे जाकर, दूरदराज और संवेदनशील क्षेत्रों में राष्ट्रीय विकास के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।नोनी में इस पुल का सफल निर्माण केवल तकनीकी कौशल की विजय नहीं, बल्कि गोरखा टेरियर्स के अनसुने समर्पण और वीरता को भी एक भावभीनी श्रद्धांजलि है।

---

### तथ्य तो तथ्य हैं और आपकी पसंद के कारण गायब नहीं होंगे: पवन खेड़ा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार पर सवालों की झड़ी लगा दी है। मंगलवार को एक प्रेसवार्ता में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने पंडित नेहरू द्वारा कही गई बात का उल्लेख करते हुए कहा, %तथ्य तो तथ्य हैं और आपकी पसंद के कारण गायब नहीं होंगे%। भाजपा के नेतृत्व को यह समझना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, तथ्य यह है कि कांग्रेस देश के साथ खड़ी थी, जबकि भाजपा अपने लिए खड़ी थी। बतौर पवन खेड़ा, मोदी सरकार की विध्वंसकारी विदेश नीति और युद्ध विराम के बाद की कहानी के हालिया नतीजे अब भारत में भी देखे जा रहे हैं। कुवैत में 10 लाख से ज़्यादा भारतीय नागरिक काम कर रहे हैं। कुवैत की कुल आबादी में भारतीय 21त्न और कुल कार्यबल में 30त्न हैं। आज, कुवैत ने पाकिस्तानी नागरिकों को वीज़ा जारी करना फिर से शुरू कर दिया है। खेड़ा ने कहा, गल्फ न्यूज के अनुसार, कुवैत और पाकिस्तान मज़दूरों की आवाजाही और सहयोग को और बेहतर बनाने के लिए श्रम समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के अंतिम चरण में हैं। इसलिए दुनिया की नज़रों में अब भारत और पाकिस्तान एक दूसरे से अलग हो गए हैं।

---

### 2026 तक असम में बाल विवाह पूरी तरह से बंद हो जाएंगे: हिमंत बिस्व सरमा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को दावा किया कि साल 2026 तक राज्य में बाल विवाह पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। उन्होंने दावा किया कि असम सरकार द्वारा बाल विवाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के फैसले के चलते बाल विवाह की घटनाओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार बाल विवाह प्रथा को रोकने के प्रयास कर रही है और उसके प्रयासों को पहचान भी मिल रही है।

#### मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में भी हुई तारीफ

मुख्यमंत्री ने कहा कि रविवार को नई दिल्ली में जब एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई, उसमें भी बाल विवाह रोकने के राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी एनडीए के मुख्यमंत्रियों से बाल विवाह प्रथा को खत्म करने के लिए असम मॉडल अपनाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को असम जाकर ये पता लगाने का भी निर्देश दिया कि किस तरह से राज्य में बाल विवाह में तेज गिरावट आई है। एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक में सभी राज्यों ने उनके अच्छे कामों की जानकारी दी, जिनमें जल संरक्षण, प्रशासनिक ढांचा, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और खेल आदि से जुड़ी योजनाएं शामिल रहीं।

---

## राइफल 'विध्वंसक' और स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर से कांपा था पाकिस्तान, बीएसएफ ने दिखाई ताकत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल की गई एंटी-मटेरियल राइफल विध्वंसक और स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर का प्रदर्शन किया। इनका इस्तेमाल सीमा पार पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाने के लिए किया गया था।

#### स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर

सीमा सुरक्षा बल ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में दुश्मन की चौकियों को ध्वस्त करने के लिए इस्तेमाल की गई स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर के बारे में बताया कि यह स्वचालित ग्रेनेड प्रणाली ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन की चौकियों, ठिकानों और उनके बुलेटप्रूफ वाहनों को नष्ट करने में बहुत सफल हथियार साबित हुई। इसकी रेंज 1700-2100 मीटर है। इससे दागे गए ग्रेनेड का मारक क्षेत्र 10 मीटर है। इसकी मारक क्षमता बहुत प्रभावी है।

#### एंटी-मटेरियल राइफल विध्वंसक

एक बीएसएफ कर्मी ने बताया, एंटी-मटेरियल राइफल विध्वंसक की रेंज 1300 मीटर और 1800 मीटर है। इस हथियार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के टावरों और बंकरों को नष्ट कर दिया।

#### 2.7 मिमी एंटी-एयरक्राफ्ट गन

इसके साथ ही बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से आने वाले ड्रोन को गिराने के लिए इस्तेमाल की गई 2.7 मिमी एंटी-एयरक्राफ्ट गन का भी प्रदर्शन किया। एक बीएसएफ कर्मी ने कहा, %यह दुश्मन के टैंक, कैंप और ड्रोन को नष्ट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने दुश्मन के ठिकानों को नष्ट कर दिया और उन्हें अपनी सीमा चौकियों को छोड़ने पर मजबूर कर दिया।

#### मीडियम मशीन गन

पाकिस्तानी बंकरों को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मीडियम मशीन गन को लेकर एक बीएसएफ कर्मी ने कहा, %हमने इस मीडियम मशीन गन से पाकिस्तानी चौकियों और ड्रोन को नष्ट कर दिया। यह प्रति मिनट 600-1000 राउंड फायर कर सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)